हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● बुधवार ● 11.09.2024 ● वर्ष : 15 ● अंक : 53 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

### ‘आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार’ कार्यक्रम में शामिल मुख्यमंत्री हुए, विभिन्न योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

# ऐसी व्यवस्था खड़ी करेंगे जहां महाजन से कर्ज लेने की जरूरत न पड़े : हेमन्त सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरायकेला :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार ‘आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार’ कार्यक्रम चलाकर महत्वाकांक्षी योजनाओं को आप तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। मैं स्वयं राज्य का भ्रमण कर यह देखने की कोशिश कर रहा हूं कि राज्य सरकार की योजनाएं जमीनी स्तर पर उतर रही है या नहीं। बरसात का मौसम है, जगह-जगह बारिश हो रही है, फिर भी आप सभी लोग इतनी बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में पहुंच रहे हैं। यह हर्ष का विषय है। योजनाओं को धरातल पर उतारने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। सोरेन मंगलवार को सरायकेला-खरसावां जिला के चांडिल प्रखंड स्थित डोबो काजू बागान में आयोजित ‘आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार’ कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी पंचायत-पंचायत, गांव-गांव, टोला-टोला में शिविर लगाकर सरकारी योजनाओं को आपके घर-आंगन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। वैसे सुदूर ग्रामीण क्षेत्र जहां रोड कनेक्टिविटी नही है वहां भी विभिन्न माध्यमों से राज्य सरकार के पदाधिकारी आप तक पहुंच रहे हैं और आपको योजनाओं से आच्छादित कर रहे हैं। वर्ष 2019 से पहले राज्य के वृद्धजन, दिव्यांगजन, विधवा माता-बहने पेंशन को लेकर जिला एवं प्रखंड कार्यालयों एवं बिचौलियों का चक्कर काटते थे। पेंशन कार्ड तो बनता नहीं था लेकिन दलाल इनसे पैसे जरूर वसूल कर लेते थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उनकी सरकार राज्य में सर्वजन पेंशन योजना लागू कर सभी पात्र लोगों को सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन उपलब्ध करा रही है। कोई एक भी पात्र व्यक्ति ढूंढने से नहीं मिलेगा जिसे पेंशन नही मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जिस दिन उनकी सरकार का गठन हुआ उसके चंद दिनों बाद ही वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण ने देश और दुनिया में दस्तक दी। कोरोना संक्रमण काल इतना भयावह और डरावना था कि लोग अपने-अपने घरों में ताला बंद कर रहने को मजबूर हो गए। सभी उद्योग धंधे, रोजगार के साधन एकाएक बंद हो गए परंतु इस विकट परिस्थिति में भी राज्य सरकार ने झारखंड में किसी एक भी व्यक्ति को भूख से मरने नही दिया। राज्य सरकार ने वैश्विक महामारी के समय एक बेहतर मैनेजमेंट का उदाहरण पूरे देश के सामने रखा। बिना कोई अफरा-तफरी के जीवन और जीविका दोनों को राज्य सरकार ने संरक्षित करने का काम किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण काल में जनहित का कार्य करते-करते हमारे दो मंत्री भी शहीद हो गए। कोरोना संक्रमण काल में प्रवासी मजदूरों को घर लाने के साथ-साथ उन्हें रोजगार के साधन भी उपलब्ध कराए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले 5 वर्षों में राज्य सरकार प्रत्येक परिवार तक एक-एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि पहुंचाएगी।





- पूर्वी सिंहभूम तथा पश्चिमी सिंहभूम जिले को 555 करोड़ 83 लाख 80 हजार रुपये की दी सौगात।
- विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन -शिलान्यास।
- योजनाओं को धरातल पर उतारने का हर संभव प्रयास।
- सामाजिक सुरक्षा के तहत सभी को दे रहे हैं पेंशन।
- पिछले 4 वर्षों में हर वर्ग को मिला उनका हक-अधिकार।
- महिला सशक्तिकरण प्राथमिकता।
- कोरोना संक्रमण काल में किसी भी व्यक्ति को भूखा रहने नहीं दिया।





**मैं संगीता देवी,** धनबाद,
पेंशन की राशि मिलने से गुजर-बसर में आसानी हो रही है। इससे पहले वृद्धा पेंशन नहीं मिलता था। लेकिन, पिछले दो साल से पेंशन मिल रहा है। इस पैसे से दवा खरीदती हूं और अपना इलाज कराती हूं। सरकार को धन्यवाद, जिसने हम जैसे गरीबों को पेंशन दिया।
**मुख्यमंत्री जी को बहुत-बहुत आभार...**



झारखण्ड में
**40 लाख**
जरुरतमंद लोगों को सर्वजन पेंशन योजना से मिल रहा लाभ

**मैं महेंद्र प्रसाद,** लातेहार,
बुजुर्ग होने तथा नियमित आय के अभाव में मुझे परिवार का पालन पोषण करने में कठिनाई हो रही थी। मैंने सर्वजन पेंशन योजना के तहत आवेदन जमा किया। मेरा आवेदन स्वीकृत हुआ और मुझे एक हजार रुपये प्रतिमाह वृद्धा पेंशन मिलने लगा।
**हेमन्त सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद...**



# योजना का लाभ लेकर जीवन में मिली उम्मीद

## मनरेगा के अंतर्गत सिंचाई कूप निर्माण से सशक्त हुए किसान

खूंटी

**खूंटी** के कर्रा प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम बमरजा निवासी कोयलो उराँव अपने जीवन को उन्नत करने की दिशा में आगे बढ़ चुके हैं। मनरेगा के तहत संचालित बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना कोयलो उराँव जैसे हजारों किसानों के लिए सार्थक सिद्ध हो रहा है। सफलता के पथ पर बढ़ते ये किसान अब आत्मविश्वास से लबरेज हैं।

कोयलो उराँव के जीवन में एक आशा की किरण तब नजर आई, जब उसने मनरेगा अंतर्गत सिंचाई हेतु कुआँ की जरुरत से ग्राम सभा को अवगत कराया। उसकी जरुरत को देखते हुए ग्राम सभा और प्रखंड स्तर से उसे योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो गई। देखते ही देखते उसके खेत में कुआँ निर्माण का कार्य शुरु हो गया।

### खेती में हो रही थी परेशानी

कोयलो को अपने खेत में सिंचाई के लिए पानी की कमी के कारण खेती में परेशानी हो रही थी। कोयलो दूसरे के खेत में खेती करने को विवश था। उसकी परेशानियां तब कम हुई, जब मनरेगा के अंतर्गत उसके खेत में कुआँ का निर्माण हुआ। इससे न केवल वह अपने खेत में खेती करने लगा, बल्कि उसकी आंखों में उम्मीदों की चमक भी दिखाई देने लगी है। वह दोगुने मेहनत से खेती के कार्य में जुट गया। उसकी मेहनत रंग लाई और उसके खेत लहलहाने लगे।



बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना (लाभुक) - कोयलो उराँव की परिजन

### किसानों के जीवन में सकारात्मक प्रभाव

किसान कोयलो उराँव का कहना है कि पहले से अब वो चार से पांच गुना ज़्यादा फसल उपजा रहा है। आलू, मटर, बीन, करेला, गोभी, प्याज़, टमाटर इत्यादि से करीब 2 लाख रुपये तक की आमदनी हुई। निकट भविष्य में भी उसे उम्मीद है कि उसके द्वारा उत्पादित फसलों से उसे लाभ होगा। मनरेगा के अंतर्गत कुआँ निर्माण से बमरजा गांव के ही नहीं बल्कि कर्रा प्रखंड के दर्जनों किसानों को भी लाभ हुआ है। किसान कहते हैं कि अब वे हर मौसम में खेती करते हैं और परिवार का भरण-पोषण एवं बच्चों की शिक्षा बेहतर ढंग से कर रहें हैं।

योजना का लाभ लेकर कोयलो कर्रा प्रखंड में एक उभरते हुए किसान के रूप में अन्य किसानों को प्रेरित कर रहा है। मनरेगा से मिली ये सुविधा किसानों तक बेहतर संदेश देने में सहायक सिद्ध हुई हैं। अब ऊर्जावान किसान उन्नत भी हैं और कुशल भी। मालूम हो कि सिंचाई की व्यवस्था के लिए बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना के तहत राज्य भर में 1 लाख कुआँ निर्माण का लक्ष्य रखा गया है

जोहार, मेरा नाम मलविना पूर्ति है। मुझे फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के अंतर्गत योजना का लाभ मिला था। योजना में मिली मदद से मैंने अपना व्यवसाय शुरु किया है। मैं बहुत खुश हूं। हेमन्त दादा को आभार।

मलविना पूर्ति, पश्चिमी सिंहभूम



# नियुक्तियों से युवाओं के सपने हो रहे साकार

## सरकार के लगातार प्रयास से युवाओं को मिला रोजगार और नियुक्ति के अवसर

**हेमन्त सरकार** ने राज्य में होने वाली नियुक्ति में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता मिले इसके लिए लगातार प्रयास किये हैं। इसका फायदा भी दिखा है। JPSC एवं JSSC द्वारा ली गयी परीक्षाओं में जो चयन हुआ है उसमें स्थानीय लोगों के चयन का प्रतिशत चौंकाने वाले हैं। हाल के दिनों में हुए विभिन्न पदों पर नियुक्तियों में 75 प्रतिशत से 100 प्रतिशत नियुक्ति झारखण्ड के अभ्यर्थियों की हुई है।

JPSC द्वारा जहां लेखा पदाधिकारी के पद पर 100 प्रतिशत झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति हुई, वहीं JSSC द्वारा कनीय अभियंता (सिविल) में 75 प्रतिशत युवा झारखण्ड के चयनित हुए। झारखण्ड राज्य के अभ्यर्थियों की संख्या पर नजर डालें तो कार्यपालक पदाधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, विशेष पदाधिकारी 94 प्रतिशत, सहायक अभियंता 85 प्रतिशत, कनीय अभियंता (विद्युत) 88 प्रतिशत, कनीय अभियंता (यांत्रिक) 95 प्रतिशत एवं स्ट्रीट लाईट इंस्पेक्टर 81 प्रतिशत झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति हुई है। इस तरह झारखण्ड डिप्लोमा संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 में मोटरयान निरीक्षक में 97.63 प्रतिशत, कनीय अभियंता (यांत्रिक) में 91 प्रतिशत, कनीय अभियंता (असैनिक) में 79.93 प्रतिशत, कनीय अभियंता (विद्युत) में 92.30 प्रतिशत समेत अन्य में झारखण्ड के अभ्यर्थी नियुक्त हुए हैं।

झारखण्ड को बने दो दशक से अधिक हो गए। लेकिन, विभिन्न विभागों में जहां कई पदों पर पहली बार नियुक्ति हुई तो कहीं नियुक्ति नियमावली भी पहली बार बनायी गयी। सभी अड़चनों को दूर कर झारखण्ड सरकार क्रमबद्ध और योजनाबद्ध तरीके से पूरी तेजी के साथ खाली पदों को भरने का अभियान शुरु कर चुकी है और यह सिलसिला लगातार जारी है।




मुख्यमंत्री ने 1500 स्नातकोत्तर प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा।

### नियुक्ति में स्थानीय युवाओं ने मारी बाजी

(नगर विकास एवं आवास विभाग में विभिन्न पदों के आंकड़े)

| | |
|---|---|
| लेखा पदाधिकारी | 100% |
| कनीय अभियंता (सिविल) | 75% |
| कार्यपालक पदाधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, विशेष पदाधिकारी | 94% |
| सहायक अभियंता | 85% |
| कनीय अभियंता (विद्युत) | 88% |
| कनीय अभियंता (यांत्रिक) | 95% |
| स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर | 81% |

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR- 335331 (IPRD) 24-25

## एक नजर

### आंगो में फाइनल फुटबॉल मैच आज

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के आंगो पंचायत अंतर्गत के जतरा मेला मैदान आंगो में सरगम स्पोर्टिंग क्लब आंगों के द्वारा फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया है। फाइनल फुटबॉल मैच आज दिनांक 11 सितंबर को होगा। फाइनल मैच का मुख्य अतिथि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक अंबा प्रसाद एवं विशेष अतिथि बड़कागांव थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल होंगे। पूछे जाने पर प्रतियोगिता के अध्यक्ष राजेंद्र भुईंया ने बताया कि इस मैच में कुल 39 टीमों ने भाग लिया। आज फर्स्ट राउंड में सेमीफाइनल का मुकाबला, इचापीरी, भुरकुंडवा, कमार्टीलहा एवं देवगढ़ के टीम के बीच खेला जाएगा। और इन चारों टीमों में जो दो टीम सेमीफाइनल जीतकर फाइनल में प्रवेश करेंगें उन्ही दोनों टीम के बीच फाइनल मैच का मुकाबला खेला जाएगा। फाइनल मुकाबला के पुरस्कार वितरण के पश्चात रंगारंग नागपुरी प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। फुटबॉल मैच का फाइनल मुकाबला, कार्यक्रम एवं अतिथियों की स्वागत की तैयारी पूरी कर ली गई है। उक्त आशय की जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र भुईंया, सचिव महेंद्र मांझी, कोषाध्यक्ष प्रीतम कच्छप, उपाध्यक्ष राजेश मुंडा, समाज सेवी रमेश सिंह भोगता एवं रामजीत गंझू के द्वारा संयुक्त रूप से दिया गया।

### झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय उपाध्यक्ष संजय मेहता ने पार्टी से दिया इस्तीफा

**बरही :** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय उपाध्यक्ष संजय मेहता ने संगठन की प्राथमिक सदस्यता और अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। संजय मेहता ने 10 सितंबर 2024 को लिखे अपने इस्तीफा पत्र में महान क्रांतिकारियों और महापुरुषों जैसे भगवान बिरसा मुंडा, बाबा साहेब अंबेडकर, जयपाल सिंह मुंडा और अन्य के सपनों का झारखंड बनाने की सोच रखने की बात कही है। मेहता ने अपने इस्तीफे में यह भी उल्लेख किया कि उन्हें इस संघर्ष में आगे बढ़ने के लिए चिंतन और मनन की आवश्यकता महसूस हो रही है जिसके कारण उन्होंने यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया। उन्होंने संगठन के सदस्यों और अध्यक्ष को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। संजय मेहता का यह फैसला झारखंडी राजनीति में एक महत्वपूर्ण घटना के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि वे संगठन में एक प्रमुख पद पर थे और उनकी भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती थी।

### नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल संपन्न, मलकोको टीम बनी विजेता

**बरही :** बरही प्रखंड मैदान में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला मंगलवार को सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। टूर्नामेंट की शुरूआत 7 सितंबर से हुई थी, जिसमें कई टीमें भाग ले रही थीं। फाइनल मुकाबले का उद्घाटन पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव द्वारा फीता काटकर और किक मारकर किया गय। मुख्य अतिथि के रूप में मनोज कुमार यादव ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खेल की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से युवाओं में खेल भावना का विकास होता है और उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास में भी मदद मिलती है। सेमीफाइनल मुकाबले में रसोईया धमना और कोल्हुआकला की टीम आमने-सामने थीं, जिसमें रसोईया धमना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की और फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला मलकोको और रसोईया धमना के बीच खेला गया, जिसमें मलकोको ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

# हजारीबाग में लगा जिलास्तरीय जन शिकायत समाधान शिविर, कई मामलों का हुआ निष्पादन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग के नए समाहरणालय परिसर में जिलास्तरीय जन शिकायत समाधान शिविर लगाया गया जिसमें अश्विनी कुमार सिन्हा डी आई जी मुख्यालय (वितंतु), पुलिस अधीक्षक हजारीबाग अरविंद कुमार सिंह सहित जिले के सभी अनुमंडल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक व सभी थानों के थाना प्रभारी उपस्थित रहे। बताते चलें कि नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण साथ ही पुलिस एवं नागरिकों के बीच एक अविश्वास एवं दूरी को समाप्त करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए पुलिस और नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय हेतु महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखण्ड राँची के द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। ज्ञात हो कि 10 सितंबर को जिला स्तर पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम पूरे राज्य में आयोजित किया किया गया। उक्त के संदर्भ में हजारीबाग जिला में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम 10 सितंबर को जिला स्तर पर हजारीबाग न्यू समाहरणालय परिसर में 11 बजे पूर्वा० से आयोजित की गई थी, जिसमें कई मामले प्राप्त हुऐ और आवेदन लेकर त्वरित कार्रवाई करते हुए कई मामले को निपटा लिया गया। शिविर में शिकायतकताओं के द्वारा कुल आवेदन 393 प्राप्त हुआ। जिसमें 97 मामलों का त्वरित निष्पादन हुआ। शिविर में फरियाद लेकर आए लोगों ने राज्य सरकार और पुलिस मुख्यालय के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि हमें पुलिस विभाग के कार्यप्रणाली से पूर्ण भरोसा है की हमें न्याय मिलेगा जन शिकायत कार्यक्रम में जमीन विवाद से जुड़े ज्यादा मामले आए जन शिकायत में मुख्यालय से आए डी आई जी अश्विनी कुमार सिन्हा ने कहा कि काफी लोग विभिन्न मामलों को लेकर आए हैं जो संबंधित थाना के डेस्क पर समाधान के लिए आवेदन दे रहे हैं जिसका त्वरित निष्पादन किया जायेगा। जिन मामलों का त्वरित निष्पादन नहीं हो सकेगा उसका शीघ्रतिशीघ्र निष्पादन होगा। जिसका निर्देश मुख्यालय से जिलों को प्राप्त हुआ है। जन शिकायत समाधान में जमीन विवाद 150, पारिवारिक विवाद /महिलाएं 90, अन्य 153 मामले को लेकर आवेदन पड़े जिसमें 97 मामलों का त्वरित निष्पादन हुआ। जन शिकायत समाधान में पुलिस उपाधीक्षक श्रीनिरज, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार शिवाशीष, सुरजीत कुमार, कुलदीप कुमार, पुलिस उपाधीक्षक प्रशांत कुमार, अनुभव भारद्वाज, पूजा कुमारी, सहित हजारीबाग जिले के पुलिस निरीक्षक व विभिन्न थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों के समावेशी विकास में शैक्षणिक भ्रमण महत्वपूर्ण : डॉ मुनीष गोविंद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के कृषि विभाग के स्नातक के छात्र-छात्राओं को कृषि विभाग डीन डॉ अरविंद कुमार की निगरानी में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर कृषि विज्ञान केंद्र, रामगढ़ भेजा गया, जहां विद्यार्थी कृषि कार्यों में ड्रोन तकनीक की बारीकियों से अवगत हुए। आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने बताया कि कृषि विभाग के सभी सेमेस्टर के विद्यार्थियों को समय-समय पर शैक्षणिक भ्रमण के जरिए जलवायु परिवर्तन, मिट्टी की उपयुक्तता, मौसम का प्रभाव सहित अन्य जानकारियों से अवगत कराया जाता है। साथ ही कृषि से संबंधित प्रशिक्षण भी कृषि विज्ञान केन्द्रों में करायी जाती है ताकि किताबी ज्ञान के साथ साथ प्रैक्टिकल नॉलेज भी विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान ही मिल सके। बता दें कि तय कार्यक्रम के मुताबिक कृषि विज्ञान केंद्र, रामगढ़ में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान वरीय वैज्ञानिक डॉ सुधांशु शेखर ने कृषि विज्ञान केंद्र की गतिविधियां व शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में फसलों की देखभाल से संबंधित विस्तृत जानकारियां विद्यार्थियों को दी। वहीं आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कृषि विभाग डीन डॉ अरविंद कुमार ने विश्वविद्यालय की कार्य प्रगति एवं कृषि की पढ़ाई के बाद इस क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा किया। डॉ खेरेवार एवं शनि कुमार ने नैनो खाद संबंधित जानकारी दी। आईसीएआर पूर्वी क्षेत्र अनुसंधान परिसर, पटना के कृषि वैज्ञानिक डॉ प्रेम सुंदरम व डॉ पवन कुमार ने तफ्सील से ड्रोन टेक्नोलॉजी के उपयोग और वर्तमान समय में इसकी उपयोगिता को लेकर चर्चा की।

## बरही पुलिस ने अवैध शराब तस्करी मामले में दो को किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही पुलिस को अवैध शराब तस्करी मामले में सफलता मिली है बताया जा रहा है की मंगलवार की सुबह साढ़े आठ बजे वरीय अधिकारियों को एक अहम सूचना मिली। जिसमें बताया गया कि सफेद रंग की सेवरले कंपनी की एक कार (रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 01 एसी 7052) से अवैध शराब की तस्करी कर बिहार ले जाया जा रहा है। इस गंभीर सूचना के आधार पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए गए। प्रातः गश्ती पर तैनात पदाधिकारी, पु.अ.नि. रंजीत भगत को सशस्त्र बल के साथ तिलैया रोड ओवर ब्रिज के पास वाहनों की चेकिंग लगाने का आदेश दिया गया। पुलिस टीम द्वारा इलाके में कड़ी निगरानी शुरू की गई। कुछ ही समय बाद, चेकिंग के दौरान एक सफेद रंग की सेवरले कार दिखाई दी जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 01 एसी 7052 था। पुलिस ने तुरंत सशस्त्र बल की सहायता से वाहन को रोक लिया। गाड़ी से दो व्यक्ति बाहर निकले, जिनसे पूछताछ के दौरान उन्होंने अपनी पहचान ज्योति कुमार (उम्र 30 वर्ष, पिता अशोक प्रसाद, ग्राम माधोपुर, थाना चण्डी, जिला नालंदा, बिहार) और छोटू कुमार (उम्र 19 वर्ष, पिता साधु पासवान, ग्राम माधोपुर, थाना चण्डी, जिला नालंदा, बिहार) के रूप में बताई। पुलिस द्वारा की गई तलाशी के दौरान कार के डिग्गी में बने एक विशेष बॉक्स में अवैध रूप से छिपाकर रखी गई अंग्रेजी शराब बरामद हुई। इसमें मैजिक मोमेंट ब्रांड की 750 एमएल की 21 बोतलें और रॉयल स्टैग ब्रांड की 375 एमएल की 3 बोतलें शामिल थीं। पुलिस ने शराब की बोतलों को विधिवत रूप से जब्त कर लिया और जप्ती सूची तैयार की गई। तलाशी और पूछताछ के बाद, दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गाड़ी और शराब को जब्त कर बरही थाना लाया गया, जहां दोनों अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

## मोदी सरकार जरूरतमंदों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संकल्पबद्ध है : शेफाली गुप्ता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हुरहुरू स्थित मेधावी फाउंडेशन के द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य रूप से भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने शामिल होकर पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत चयनित कारीगरों का उत्साहवर्धन किया और इस पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार व्यक्त किया। जिसमें कुल 75 प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत चयनित कारीगरों में प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस मौके पर योजनान्तर्गत चयनित कारीगरों ने देश यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मेधावी फाउंडेशन एवं भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी सरकार जरूरतमंदों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संकल्पबद्ध है। केंद्र सरकार तरह के योजनाओं से जरूरतमंदों को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने हेतु कार्य कर रही है। उन्होंने कहा आत्मनिर्भर होने से परिवारिक समृद्धि एवं उच्च जीवन शैली बनाने में काफी मदद मिलेगी। मौके पर जिला उद्योग विभाग के एस.एस.त्रिपाठी, केंद्र प्रबंधक चंदन कुमार एवं सह समन्वयक विनोद कुमार पटेल सहित लोग उपस्थित थे।

## केरेडारी में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड ग्राम पंचायत सलगा के पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बड़कागंव विधानसभा क्षेत्र के विधायक अंबा प्रसाद, एवं मौके पर उपस्थित दक्षिणी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य अनीता सिंह, की केरेडारी के प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार, अंचलाअधिकारी राम रतन वर्णवाल, केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी नाफीस खान, केरेडारी प्रखंड उप प्रमुख अमरीका कुमार महतो, विधायक प्रतिनिधि सुरेश केरेडारी के प्रमुख महोदिया सुनीता देवी, सलगा पंचायत के मुखिया पार्वती देवी, पंचायत समिति मीना देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके प्रोग्राम का शुभारंभ की कार्यक्रम में अबूआ आवास 55 सावित्रीबाई फुले 06 मईया समान निधि योजना 80 कुल सहित अन्य मामलों को लेकर कुल 371 आवेदन प्राप्त हुआ है मौके पर उपस्थित प्रमोद कुमार साहू अर्जुन साहू विनोद कुमार राम चरकू राम बालमुकुंद दास पवन दास अशोक राम समाज सेवक कुमार प्रसाद साहू राजेंद्र महतो प्रेमचंद महतो ग्रामीण उपस्थित उपस्थित थे।

# खोड़ाहर में रेलवे हाल्ट निर्माण की मांग को लेकर दर्जनों गांवों के ग्रामीणों ने की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** कोडरमा हजारीबाग रेलवे लाईन पर गौरियाकर्रमा सड़क के नजदीक खोडाहर में रेलवे हाल्ट बनाए जाने की माँग को लेकर दर्जनों गाँव के प्रमुख लोगों की बैठक देवचंदा मोड़ स्थित माँ मनसा मंदिर के प्रांगण में हुआ। बैठक की अध्यक्षता खोराहर ग्राम प्रधान उमेश सिंह ने किया जबकि संचालन भाजपा नेता रंजीत चन्द्रवंशी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से ज़िला परिषद प्रतिनिधि गणेश यादव, खोडाहर मुखिया प्रतिनिधि खीरोधर यादव, पंसस विकास सिंह, वार्ड सदस्य महेश सिंह, शिवनाथ यादव उपस्थित रहे। हाल्ट निर्माण की माँग ग्रामीण लंबे समय से करते आ रहे हैं। गौरियाकर्रमा सड़क के नजदीक खोडाहर में रेलवे हाल्ट बनाए जाने से दर्जनों गाँव खोडाहार, देवचदा, अमरूतवा, केदारूत, घीयाही, कटियौन, डुमरडीह, कजरा, खैरोन, गौरियाकरमा, धोबियाटॉड, बितकिला. बनगावों, भंडरा, निचितपुर, चारमाईल, पाँचमाईल, कदवा, कुंडवा, रालो वा चतरा जिला के कई गाँव के लोगों को हाल्ट का आसानी से लाभ मिलेगा। हॉल्ट निर्माण से ग्रामीणों के साथ-साथ बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी और देश का दुसरा कृषि अनुसंधान संस्थान ऑल इंडिया एग्रीकल्चर रिसर्च इंस्टीट्यूट जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बरही आकर शिलान्यस किया था उसके छात्र-छात्राओं को भी इसका लाभ मिलेगा। गौरतलब हो कि पत्रांक नं० 01. सीएस/ सीडीएन/ ईसीआर 08-05-2015 और पीएमओआईडी-पीएमओ पीजी/ डी/ 2015, 37386 के तहत इस्ट सेंट्रल रेलवे को जॉच वा सर्वे का कार्य भी हुआ। किंतु खोराहर के बजाए पु.म. रेलवे द्वारा केदारुत गांव में प्रस्तावित हाल्ट निर्माण किया जाना तय हुआ है। रेलवे द्वारा केदारुत में हाल्ट बनाए जाने को लेकर सर्वे किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा की यदि केदारुत में रेलवे का हाल्ट निर्माण हुआ तो दर्जनों गाँव के लोगों को रेलवे का लाभ नहीं मिल पाएगा। केदारुत होते हुए हाल्ट स्थल तक जाना मुश्किल भरा रास्ता व कठिनाइयों का सामना करना होगा। दर्जनों गाँव के लोगों के लिए हाल्ट तभी सार्थक होगा जब गौरियाकरमा सड़क के किनारे खोराहार देवचंदा के बॉर्डर पर हाल्ट का निर्माण कराया जाए। साथ ही केदारुत कहुदाग के रास्ते पर ओवरब्रिज का भी निर्माण कराया जाए। ग्रामीणों ने बताया कि यदि रेलवे ग्रामीणों की माँग पर कार्रवाई नहीं करने पर जनआंदोलन किया जायेगा। जनआंदोलन हेतु कार्यकारिणी समिति का भी निर्माण किया गया। जिसके अध्यक्ष रंजीत चन्द्रवंशी, सचिव प्रद्युमन सिंह, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, उपाध्यक्ष बसंत सिंह, ऋतुराज सिंह, हरिताभ यादव, महेंद्र यादव, शंकर यादव, देव यादव अनूप कुमार, श्याम सिंह, धर्मेंद्र कुमार, दिनेश सिंह, संजय सिंह, संदीप सिंह, पाजू सिंह, पंकज, अमित और उमेश सिंह को बनाया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### इंटर आर्ट्स कॉलेज में बॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न



**बड़कागांव:** इंटर आर्ट्स कॉलेज के प्रांगण में बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें आर्ट्स और साइंस विभाग के बीच खेला गया। इसमें आर्ट्स विभाग ने बड़े ही रोमांचक मैच में साइंस विभाग को 3-1 से पराजित करके ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। प्राचार्य मिस्टर अली ने टीम एवं खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इंटर कॉलेज बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमे प्रखंड के सभी कॉलेजों को आमंत्रित किया जायेगा। इसमें मुख्य रूप से इंटर आर्ट्स कॉलेज के उप प्राचार्य अवधेश कुमार, निदेशक सुमित कुमार, राजनीतिक विज्ञान के मोहम्मद रागिब और भूगोल के मिथलेश कुमार, रेणु, सोहेल, एनामुल, जफर ने खेल को और बढ़ावा देने की बात कही।

### चूल्हा प्रमुख बनेंगे आजसू पार्टी की जीत के कर्णधार : रोशनलाल चौधरी




**बड़कागांव :** झारखंड में चुनावी समर की बंयार चल पड़ी है, सभी दल अपनेअ्रअपने कार्यकर्ताओं के साथ जोरदार बैठके कर अपनी मजबूत दावेदारी सुनिश्चित करने में लगे है। इसी क्रम में दिन मंगलवार को बड़कागांव के गुरुचट्टी स्थित रोशनलाल चौधरी के आवास में केरेडारी, बड़कागांव, पतरातु प्रखंड और पिपरवार क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने विधानसभा स्तरीय एक अहम बैठक आयोजित किया, जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी व विशिष्ट अतिथि केंद्रीय महासचिव विजय साहू, एजेकेएसएस महामंत्री सतीश सिंहा, हजारीबाग जिला अध्यक्ष परमेश्वर महतो, रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा तथा संचालन प्रखंड प्रवक्ता तापेश्वर तापस ने किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रोशनलाल चौधरी ने कहा कि चुनाव बहुत नजदीक है, चुनावी समर में कूदने के लिए हम सभी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्र में लगकर कमर कस लेना है तथा आगामी 22 सितंबर को होने वाले चूल्हा प्रमुख कार्यक्रम को सफल बनाना है। आगे उन्होंने कहा कि विगत 15 वर्षों से लगातार यहां एक हीं परिवार के लोगों ने विस्थापन पर रोक और विकास के नाम पर सत्ता का राज भोगा है। 22 सितंबर को होने वाला चूल्हा प्रमुख सम्मेलन ऐतिहासिक और रिकॉर्ड तोड होगा। जिसमें पार्टी के कर्मठ 20 हजार चूल्हा प्रमुख कार्यकर्ताओं का समागम होगा। जिसमें आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो, पूर्व मंत्री सह गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, गोमिया विधायक लंबोदर महतो, मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत, पूर्व मंत्री रामचंद्र साहिस, उमाकांत रजक, पूर्व विधायक शिवपूजन कुशवाहा, ईचागढ़ विधानसभा प्रभारी हारेलाल महतो, मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, संतोष महतो सहित आजसू पार्टी के कई दिग्गज नेताओं का आगमन होगा।

### बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति की दूसरी बैठक में युवा टीम का हुआ गठन



**हजारीबाग :** बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा सोमवार को देर शाम मल्लाह टोली स्थित धर्मशाला प्रांगण में दूसरी बैठक प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक की शुरूआत मां दुर्गे के जयकारों के साथ बैठक प्रारंभ किया गया,बैठक में पूजा को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया, इसी दौरान सभी के सर्व सहमति से युवा टीम का गठन किया गया। महासमिति के युवा टीम संरक्षक गुड्डन सोनकर, अध्यक्ष अविनाश निषाद, सचिव छोटू निषाद,सह सचिव संदीप निषाद, बिट्टू निषाद, गणेश निषाद, सुधीर यादव, सत्यम यादव, आशुतोष चौधरी, अनिल गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रेम निषाद, पंकज निषाद, रोहित निषाद, मनीष निषाद, प्रकाश निषाद, महासचिव पवन कुमार गुप्ता, अंकित यादव कार्यकारिणी सदस्य सतीश गुप्ता, सचिन केसरी को नियुक्त किया गया है। युवा टीम का गठन दुर्गा पूजा के आयोजन को और बेहतर बनाने और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है। महासमिति ने युवाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना की है, इस नई युवा टीम से पूजा आयोजन में नई ऊर्जा और उत्साह की उम्मीद की जा रही है। मौके पर अध्यक्ष प्रमोद यादव ने कहा कि समिति के भविष्य की दिशा तय करने के लिए युवा शक्ति का योगदान अनिवार्य है।आज हमने जिस युवा टीम का गठन किया है, उससे हमें नई ऊर्जा और सृजनशीलता की उम्मीद है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि इस टीम को पूरा मार्गदर्शन और सहयोग मिले, ताकि यह दुर्गा पूजा के आयोजन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके। मौके पर अध्यक्ष प्रमोद यादव,सचिव दीप नारायण निषाद, शिवदीप सिंह, नरेश निषाद, दिलीप जायसवाल, पवन रावत खण्डेलवाल, प्रदीप जैन, निशिकांत सिन्हा, बालगोविंद निषाद, गुड्डन सोनकर, दिलीप सोनी, रितेश खण्डेलवाल, लखन निषाद, अर्जुन यादव,उपेंद्र कुमार सिन्हा, अविनाश निषाद, अंकित, बिट्टू कुमार, संदीप कुमार, अनिल केशरी, रोहित निषाद, छोटू निषाद, प्रेम निषाद, सतीश गुप्ता, अमन यादव सहित कई लोग मौजूद रहें।

### देश का विकास तभी संभव है, जब समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चला जाए : डॉ अमित

**हजारीबाग :** भाजपा नेता डॉ. अमित सिन्हा का मानना है कि देश का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चला जाए। उनका यह विचार केवल शब्दों तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके कार्यों और नीतियों में साफ झलकता है। कहते हैं कि भारत जैसे विविधता से भरे देश में विकास का अर्थ केवल आर्थिक प्रगति नहीं है, बल्कि समाज के सभी वर्गों का समान रूप से सशक्तिकरण और उन्नति भी है। डॉ. अमित सिन्हा ने कहा है कि विकास का सही अर्थ तभी सार्थक होगा, जब समाज के सबसे कमजोर और वंचित तबकों तक उसकी किरणें पहुंचें। यह विचार उनकी राजनीति की आधारशिला है। वे मानते हैं कि यदि किसी देश का एक भी वर्ग पीछे छूट जाता है, तो वह देश पूरी तरह से विकसित नहीं हो सकता। इसलिए, उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में हमेशा से इस बात पर जोर दिया है कि हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा में शामिल किया जाए। साथ ही साथ समाज में आर्थिक विषमता और सामाजिक भेदभाव को समाप्त किए बिना समावेशी विकास संभव नहीं है। देश का विकास तभी संतुलित होगा जब हर नागरिक को समान अवसर मिलेगा और कोई भी वर्ग पीछे नहीं छूटेगा। डॉ. अमित सिन्हा ने विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण की बात पर जोर दिया है। उनका मानना है कि महिलाओं का सशक्तिकरण केवल एक नारीवादी विचारधारा का हिस्सा नहीं है, बल्कि यह देश की प्रगति का अभिन्न हिस्सा है।

प्रमंडल स्तरीय सहकारिता महासम्मेलन के उद्घाटन एवं 236 चलंत पशु चिकित्सा वाहन के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# गांव समृद्ध होंगे तभी राज्य समृद्ध होगा : हेमन्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार और कृषि विभाग का उद्देश्य एवं लक्ष्य राज्य में किसान वर्ग को मजबूती प्रदान करना रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड गांवों का प्रदेश है। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले अधिकतर लोगों का जुड़ाव खेती-बाड़ी के कार्यों से है। विगत 4 वर्षों में राज्य सरकार द्वारा किसान वर्ग के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन और नीति निर्धारण की गई है जो आने वाले समय में मिल का पत्थर साबित होगा।







मुख्यमंत्री ने कहा कि जब गांव समृद्ध होंगे तभी राज्य समृद्ध होगा। उनकी सरकार राज्य के गांवों की जड़ों को मजबूत करने पर लगी है। जब गांव की जड़े मजबूत होगी तब स्थायी तौर पर राज्य भी मजबूत होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में उनकी सरकार के गठन के चंद दिनों बाद से ही कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। तमाम चुनौतियों से लड़ते-लड़ते विगत चार वर्षो में राज्य के गरीब, वृद्धजन, महिलाएं, किसान, आदिवासी, दलित, शोषित, पिछड़े सभी वर्गों के उत्थान के लिए उनकी सरकार ने जो लकीर खींची है वह बहुत मजबूत, लम्बी और गाढ़ी लकीर है उसे मिटा पाना असंभव है।

सोरेन ने यह बात मंगलवार को द कार्निवल बैंक्विट हॉल, डिबडीह में आयोजित 'प्रमंडल स्तरीय सहकारिता महासम्मेलन, रांची-2024' के उद्घाटन एवं 236 चलंत पशु चिकित्सालय वाहन के शुभारंभ कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में कही। उन्होंने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है। इस देश में किसान वर्ग के लिए जो नीतियां बनाई गई है उसका फलाफल बहुत कारगर साबित नहीं हुआ है। बड़े पैमाने पर किसान वर्ग के लोग अब खेतीहर मजदूर के रूप में गिने जा रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भौतिकवादी युग में विकास के विभिन्न मापदंड, सही नीति निर्धारण की कमी तथा जलवायु परिवर्तन किसानों को मजदूर बनने पर मजबूर कर रही है। यह एक बहुत गंभीर और चिंतनीय विषय है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने राज्य में किसान वर्गों के लिए खेती की वैकल्पिक व्यवस्था पर विशेष बल दिया है। राज्य सरकार का प्रयास है कि किसान बंधुओं को खेती-कृषि के साथ-साथ पारंपरिक व्यवस्थाओं से जोड़कर आगे बढ़ाया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मछली पालन, गाय पालन, मुर्गी पालन, दुग्ध उत्पादन सहित विभिन्न पशुपालन के माध्यम से जोड़कर कृषकों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने हेतु निरंतर योजनाएं संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कृषकों से अपील किया कि वे पशुपालन से संबंधित विभिन्न योजनाओं का लाभ जरूर लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में परंपरागत खेती-कृषि के साथ-साथ पशुपालन की परंपरा भी रही है। इन सभी परंपराओं का अनुकरण करते हुए हमसभी लोग आज यहां तक पहुंचे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार सदैव यहां के किसान परिवारों के साथ खड़ी है। राज्य सरकार द्वारा कृषकों के दो लाख रुपये तक के कृषि ऋण माफी का निर्णय भी लिया गया है। राज्य सरकार अब कृषि कार्य के लिए किसान परिवारों को बेहतर गुणवत्ता वाले पशु प्रदान कर रही है। राज्य सरकार ने पहली बार ऐसी नीति बनाई, जिसमें कृषकों को प्रदान किए जाने वाले सभी पशुओं का इंश्योरेंस किया जाता है ताकि पशुओं के मरने पर उन्हें बीमा की राशि उपलब्ध कराई जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर लोग मछली पालन के व्यवसाय से भी जुड़े हैं। राज्य सरकार यहां विभिन्न पशुपालन योजनाओं को बढ़ावा दे रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीणों का मूलधन खेत-खलिहान और पशुधन होता है। आप इसे यह कह सकते हैं कि किसानों का बैंक और एटीएम कार्ड खेत-खलिहान और पशुधन ही है। ग्रामीण किसान परिवारों की हर जरूरत इसी से पूरी होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने वनोपज को बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य को पूरा कर रही है। ग्रामीणों को वन उपज का सही मूल्य मिल सके इसके लिए भी उनकी सरकार संकल्पित है। खेती-कृषि, विभिन्न पशुपालन तथा वनोपज को एक उचित प्लेटफार्म उपलब्ध कराई जाए तो आने वाले कई समस्याओं से ग्रामीण किसानों को बचाया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा मानना है कि देश, समाज और परिवार में कृषक वर्ग का स्थान बहुत महत्व रखता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी चीजों को मद्देनजर रखते हुए राज्य सरकार द्वारा किसान पाठशाला, बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना, दीदी बगिया योजना सहित कई अन्य योजनाओं का संचालन किया जा रहा है ताकि ग्रामीण परिवार इन योजनाओं से जुड़कर आर्थिक रूप से मजबूत हो सके।

## हेमन्त व कल्पना सोरेन ने दुर्गा सोरेन की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने मंगलवार को नामकुम स्थित लोवाडीह में दुर्गा सोरेन की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। दुर्गा सोरेन झारखंड आंदोलन के प्रणेता, भूतपूर्व विधायक और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भाई थे।



## मुख्यमंत्री ने परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद को दी श्रद्धांजलि



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंगलवार को परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद वीर अब्दुल हमीद के शहादत दिवस पर कांटाटोली चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने परमवीर अब्दुल हमीद चौक, कांटाटोली के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, विधायक कल्पना सोरेन सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### पार्षद हत्याकांड में आरोपियों की कुर्की करेगी पुलिस

**रांची :** रांची पुलिस पार्षद वेद प्रकाश हत्याकांड के आरोपियों धीरज मिश्रा और सत्यम पाठक के खिलाफ कुर्की जब्ती की कार्रवाई शुरू करेगी। इस मामले के जांच अधिकारी ने रांची सिविल कोर्ट के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की कोर्ट में दोनों आरोपियों के खिलाफ इश्तहार जारी करने का आग्रह किया है। इससे पहले कोर्ट दोनों आरोपितों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर चुका है। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने धुर्वा में वेद प्रकाश को गोली मार दी गयी थी। लंबे इलाज के बाद दिल्ली में वेद प्रकाश की तीन अगस्त को मृत्यु हो गयी थी। इस केस के एक आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है जबकि अन्य आरोपी फरार है।

### पदाधिकारी-कर्मचारी हड़ताल पर, सचिवालय और निदेशालयों में कामकाज ठप

**रांची :** मंगलवार को सचिवालय (प्रोजेक्ट भवन और नेपाल हाउस) और निदेशालयों में कामकाज पूरी तरह ठप रहा। सचिवालय सेवा संघ के पदाधिकारी-कर्मचारी सामुहिक अवकाश में चले गए हैं। संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद ने बताया कि 12 सितंबर तक सचिवालय सेवा के पदाधिकारी और कर्मचारी सामूहिक अवकाश में रहेंगे। संघ ने कार्मिक सचिव के खिलाफ नराजगी जताते हुए कहा है कि जिन प्रस्तावों पर मुख्यमंत्री का अनुमोदन प्राप्त है, उसमें कार्मिक सचिव अड़ंगा लगा रहे हैं। पदाधिकारी-कर्मचारी अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर पिछले तीन महीने से आंदोलन कर रहे हैं। सचिवालय सेवा में लगभग 1000 पदाधिकारी-कर्मचारी कार्यरत हैं। मंगलवार को सामूहिक अवकाश में रहने के कारण सरकारी विभागों में लगभग 3500 फाइलों का मूवमेंट रूक गया है। हर दिन एक विभाग में औसतन 100 से अधिक फाइलों का मूवमेंट होता है। संघ के महासचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा ने सभी अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव और सभी विभागाध्यक्षों को पत्र लिख कर कहा था कि उनकी मांगें कई सालों से सरकार के पास लंबित हैं। इस उपेक्षापूर्ण रवैया की वजह से संघ के पास चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ा है। संघ की कार्यकारिणी ने निर्णय लिया है कि आंदोलन के अगले चरण में 10 से 12 सितंबर तक सभी पदाधिकारी व कर्मचारी सामुहिक अवकाश पर रहेंगे। सचिवालय सेवा संघ के निर्णय के खिलाफ सचिवालय सेवा का कोई पदाधिकारी या कर्मचारी काम न करे, इसके लिए संघ की ओर से छह उड़नदस्ता की टीम गठित की गई है। जो औचक निरीक्षण कर देखेगी कि सचिवालय सेवा के कौन पदाधिकारी और कर्मचारी संघ के निर्णय के खिलाफ काम कर रहे हैं।

### चुनिंदा आपराधिक गिरोहों को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का है संरक्षण : सरयू राय

**रांची :** निर्दलीय विधायक सरयू राय ने मंत्री बन्ना गुप्ता के खिलाफ और आक्रमक हो गए हैं। उन्होंने कहा है कि जमशेदपुर शहर में आपराधिक घटनाएं पुलिस-प्रशासन के नियंत्रण से बाहर हो गई हैं। राजनीतिक दबाव का माहौल बन जाने से पुलिस प्रशासन पूरी क्षमता का प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। नतीजा है कि शहर में अपराध नियंत्रित नहीं हो पा रहे हैं। राय ने कहा कि जमशेदपुर के चुनिन्दा अपराधी गिरोहों को सत्ताधारी समूह का संरक्षण मिल रहा है। स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता की भूमिका इसमें अग्रणी है। नतीजा है कि आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के मामले में जमशेदपुर पुलिस-प्रशासन के सामने अक्सर असमंजस की स्थिति पैदा हो जाती है।

# वर्तमान समय में झारखंड की स्थिति काफी दयनीय : दिव्यानंद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** साधु-संत समाज के महामंत्री स्वामी दिव्यानंद महाराज ने कहा कि वर्तमान समय में झारखंड की स्थिति काफी दयनीय है। उन्होंने कहा कि संत समाज राज्य सरकार से पांच सवाल करता है। इनमें उत्पाद सिपाही बहाली में 12 युवाओं की मौत हो गई इसके मौत का जिम्मेदार कौन है?




दिव्यानंद ने कहा कि किसी के घर का चिराग बुझ गया क्या उसे चंद पैसों से उसके जान की कीमत लाई जा सकती है? घटना कभी भी कहीं भी घट सकती है लेकिन सरकार की अपरिपक्वता के कारण यह घटना घटी है। युवाओं को फिजिकल टेस्ट कम होना चाहिए और उसकी दौड लगाने से पहले की स्थिति सरकार को एक अभिभावक का भाव रखकर उसे उचित सुविधा देनी चाहिए। दौडने के पहले किस प्रकार का शारीरिक स्थिति और वातावरण हो इस बात का ध्यान रखना चाहिए। यह बात दोबारा कहने के तात्पर्य है कि आज से फिजिकल टेस्ट पुनः होना है सरकार आश्वस्त करें की दोबारा ऐसी घटना ना हो। किसी के घर की चिराग न बुझ जाए। परीक्षार्थियों को अच्छे स्वस्थ मन से सकारात्मक वातावरण में उन्हें परीक्षा देने का एक सकारात्मक वातावरण दी जाए। क्योंकि यही कल हमारे रक्षक होंगे और किसी के घर के चिराग भी हैं।

स्वामी दिव्यानंद मंगलवार को प्रेस क्लब में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि दूसरा सवाल युवाओं का पलायन है। जो युवा पढ़ लिख कर अपनी डिग्री लेकर राज्य को छोडकर दूसरे राज्यों में नौकरी तलाशने के लिए जाते है। कोई ना कोई प्राइवेट कंपनियों में जाकर नौकरी करने को विवश हो रहे हैं। माता-पिता को भी अपने संतान को छोड़ना पड़ रहा है और युवा भी अपना घर छोड़कर बाहर रहने को मजबूर है। इस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए कि युवाओं को हम नौकरी कैसे दें। साथ ही साथ कॉरपोरेट कंपनियों को झारखंड में बुलाकर अपने प्रदेश में युवाओं को अवसर देने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि तीसरा सवाल है कि प्रदेश की डेमोग्राफी बिगड़ती जा रही है। रोहिंगिया मुसलमान के घुसपैठ के कारण प्रदेश की डेमोग्राफी बदलती जा रही है। झारखंड की युवतियों के साथ नाटक करके प्रेम संबंध बनाकर एक षड्यंत्र के तहत उनसे शादी करते हैं और उनकी संपत्ति को हड़प कर उनका धर्म परिवर्तन भी करते हैं। इसके बाद उनसे होने वाले संतान भी धर्मातरित हो जाते हैं और इस प्रकार उनका लव जिहाद और लैंड जिहाद चल रहा है।

रोहिंग्या मुसलमान हमारे देश के मुस्लिम भाईयों के हक भी छीन रहे हैं। सरकार को इस दिशा में सख्ती से नियंत्रण करना चाहिए, बल्कि समाज के सभी वर्गों से मेरा आग्रह निवेदन होगा कि अपने देश और प्रदेश की रक्षा के लिए समाज में चाहे किसी धर्म समुदाय संप्रदाय के लोगों अपना अस्तित्व की रक्षा के लिए सभी को दो कदम आगे बढ़ना चाहिए।

## परिवर्तन यात्रा के जरिए बीजेपी झारखंड में दिखाएगी ताकत

**रांची :** प्रदेश बीजेपी परिवर्तन यात्रा के जरिए ताकत दिखाएगी। प्रदेश भाजपा ने छह जगहों पर परिवर्तन यात्रा निकालेगी। इसके लिए राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश को संयोजक बनाया गया है। परिवर्तन यात्रा की तैयारी को लेकर मंगलवार को बीजेपी प्रदेश कार्यालय में बैठक हुई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 21 सितंबर को झारखंड आएंगे। गृह मंत्री के साथ यूपी, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री भी परिवर्तन यात्रा में शामिल होंगे। इस यात्रा की शुरूआत दुमका से होगी। परिवर्तन यात्रा का उद्देश्य भ्रष्टाचार, घुसपैठ, बदली डेमोग्राफी से जनता को अवगत कराना है। बाबूलाल मरांडी, शिवराज सिंह चौहान, अन्पूर्णा देवी, कर्मवीर सिंह, नरेंद्र त्रिपाठी, अमर बाउरी, समीर उरांव सहित पार्टी के सांसद और विधायक मौजूद थे।

## यौन उत्पीड़न के दोषी को 3 वर्ष की सजा

**रांची :** रांची सिविल कोर्ट ने नाबालिग का यौन उत्पीड़न करने के आरोपी कैफी खान को दोषी करार देते हुए सजा का एलान किया है। पोक्सो कोर्ट के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने कैफी खान को तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने उस पर 10 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि जुमार्ना की राशि नहीं देने पर कैफी को तीन महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। दोषी के खिलाफ घटना पीड़िता ने डोरंडा थाना में 7 सितंबर 2019 को नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# हाई कोर्ट ने बाबूलाल मरांडी सहित 18 आरोपियों के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर लगाई रोक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची में 23 अगस्त को भारतीय जनता युवा मोर्चा की मोरहाबादी मैदान में रैली के दौरान कार्यकताओं की पुलिसकर्मियों के साथ झड़प मामले में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विधानसभा में नेता विपक्ष अमर कुमार बाउरी सहित 18 आरोपितों की ओर से लालपुर थाना में दर्ज एफआईआर को निरस्त करने को लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट की एकल पीठ ने बाबूलाल मरांडी सहित 18 आरोपियों के खिलाफ लालपुर थाना में दर्ज प्राथमिकी में पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार से 3 सप्ताह में जवाब मांगा है।

कोर्ट में जिनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई है। इनमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रतिपक्ष नेता अमर कुमार बाउरी, सांसद ढुल्लू महतो, विधायक कुशवाहा शशि भूषण के अलावा भाजपा नेता प्रतुल शाहदेव, शशांक राज, सत्येंद्र नाथ तिवारी, मंगल मूर्ति तिवारी, अर्पना सेनगुप्ता, अमित कुमार, अमरदीप यादव, नीरा यादव, आरती कुजूर, वरुण कुमार, इंदु शेखर मिश्रा, प्रदीप कुमार वर्मा, आदित्य प्रसाद हैं।

मामले में इनके खिलाफ कांड संख्या 203/ 2024 दर्ज किया गया है। लालपुर थाने में 51 नामजद और 12 हजार अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता युवा मोर्चा की आक्रोश रैली में कार्यकताओं ने हेमंत सोरेन सरकार के जरिये किए गए 'अन्याय' और चुनावी वादों को पूरा करने में 'विफलता' के खिलाफ विरोधी रैली के दौरान बैरिकेड तोड़ दिए थे। पुलिस ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकताओं को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और पानी की बौछार की और रबर की गोलियां चलाईं थी। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर फेंका था जिसमें कई पुलिसकर्मी भी घायल हो गए थे।

# सरला बिरला विवि पहुंचे ड्रोन मैन ऑफ इंडिया मिलिंद राज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** ड्रोन मैन ऑफ इंडिया के नाम से मशहूर मिलिंद राज मंगलवार को सरला बिरला विश्वविद्यालय पहुंचे। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड कंप्यूटर साइंसेज द्वारा इनोकेशन काउंसिल के सहयोग से ड्रोन तकनीक और रोबोटिक्स पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में उन्होंने भाग लिया। मिलिंद राज ने ड्रोन तकनीक के इस्तेमाल पर दो सत्रों में अपनी इनडोर और आउटडोर प्रस्तुति दी।



इस क्रम में उन्होंने एआई रोबोटिक क्लब का शुभारंभ भी किया। उन्होंने भविष्य में माइक्रो ड्रोन और पानी में तैरने वाले ड्रोन की आवश्यकता की बात भी बताई। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आनेवाले समय में एसबीयू भारत का ऐसा पहला विवि बनेगा, जहां कैंपस के अंदर ही ड्रोन तकनीक के माध्यम से विभिन्न कार्यों का निष्पादन संभव हो पायेगा। बता दें पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने मिलिंद राज को ड्रोन मैन ऑफ इंडिया का नाम दिया था।

कार्यशाला में एसबीयू के महानिदेशक डॉ. गोपाल पाठक ने एआई पर विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने इस तकनीक के बेजा इस्तेमाल के प्रति भी सतर्क किया। उन्होंने विद्यार्थियों को इजरायल के ड्रोन आविष्कार के अलावा दक्षिण अफ्रीका में वैज्ञानिक पिता-पुत्र द्वारा नवीनतम ड्रोन के आविष्कार के विषय में भी जानकारी दी, जो 480 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ पाने में सक्षम है। विवि के प्रभारी कुलपति प्रो. एसबी डांडीन ने एआई टूल्स पर कई तरह के कार्य करने की जानकारी देते हुए इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने ड्रोन के इस्तेमाल के मामले में देश को विश्व पटल पर अग्रणी बनाने का भी सुझाव दिया।


## संक्षिप्त खबरें

### श्याम मंदिर में हनुमान चालीसा के सामुहिक पाठ का हुआ आयोजन



**रांची :** हरमू रोड़ के श्री श्याम मंदिर मंगलवार को 118 वें श्री सुन्दरकाण्ड, श्री हनुमान चालीसा के सामुहिक पाठ में उत्तम स्वर से रहा था। श्री श्याम मित्र मण्डल, रांची के तत्वावधान में हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में आज श्री सुन्दरकाण्ड पाठ - श्री हनुमान चालीसा का सामुहिक पाठ का आयोजन सायं 4.30 से किया गया। मण्डल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने हनुमान जी महाराज की दिव्य पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा, चना, गुड़, नारियल, फल का भोग अर्पित करके श्री रामचरितमानस व पाठ वाचक का पूजन वंदन किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत,ओम शर्मा व अन्य ने ढोलक, ढफली, झांझ, खड़ताल, आरगेन के संगीतमय गूंज के बीच श्री सुन्दरकाण्ड पाठ सामुहिक रूप से करवाया। श्री श्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि इस आयोजन में राजेश जायसवाल ने फल प्रसाद, श्रवण ढाढ़ंनिया ने चना प्रसाद, पुष्पा देवी पौदार ने केसरिया पेड़ा प्रसाद एवं मुकेश मित्तल ने गिरीगोला की सेवा निवेदित की। श्री सुन्दरकाण्ड पाठ के समापन के बाद पुन: श्री हनुमान चालीसा का सामुहिक पाठ करके महाआरती की गयी। भक्तो के बीच सभी प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढाढ़ंनिया, अनिल नारनोली, स्नेह पौदार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### सत्य अमर लोक पूजा समिति काल्पनिक मंदिर के पंडाल का करा रही निर्माण



**रांची :** राजधानी रांची में एक से बढ़कर एक दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। इसी क्रम में हरमू रोड स्थित सत्य अमरलोक पूजा समिति इस वर्ष काल्पनिक मंदिर के पंडाल का निर्माण कर रही है। अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह ने मंगलवार को कहा कि जो पंडाल 60 फीट चौड़ा और 70 फीट ऊंचा होगा। इसे झाऊ फल, फूल और छाल आदि से निर्मित किया जा रहा है। मेदिनीपुर के मुख्य कारीगर अशोक सामंता के नेतृत्व में पंडाल का निर्माण कार्य जारी है। मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा का निर्माण बंगाल के मेदिनीपुर में किया जा रहा है। प्रतिमा 16 फीट ऊंची और 24 फीट चौड़ी होगी। मूर्ति के निर्माण में लगभग 25 दिन लगेंगे, मुख्य मूर्तिकार अनूप गोराई हैं। उन्होंने कहा कि सत्य अमरलोक पिछले 46 वर्षों से हरमू रोड में भव्य पूजा का आयोजन करती आ रही है। समिति के जरिये 1978 में छोटे रूप में पूजा शुरू हुई थी, जिसने आज विशाल रूप धारण कर लिया है। समिति के 50 से अधिक सदस्य सफल आयोजन के लिए जुटे हुए हैं।

### पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट आज से

**रांची :** नगड़ा पंचायत और खान ब्रर्दश मांडर के संयुक्त तत्वावधान में रांची जिला अंतर्गत मांडर प्रखंड के गोरे गांव में पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मुखिया बहादुर उरांव बुधवार को दिन के 10 बजे करेंगे। शैफ खान, वाजिद खान और अफजल खान ने बताया कि इसमें कुल 16 टीमें शामिल होंगी। टूर्नामेंट का दो सेमीफाइनल और फाइनल 17 सितंबर को होगा। टूनार्मेंट के विजेता को एक लाख रुपए नगद व ट्रॉफी, उपविजेता को 70 हजार रुपए नगद व ट्रॉफी दिया जाएगा। साथ ही तृतीय और चतुर्थ स्थान पानेवाले टीम को 10-10 हजार रुपए नगद ट्राफी देकर पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा मैन ऑफ द मैच, मैच ऑफ द सिरीज होने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

# गोमिया थाना क्षेत्र में तम्बाकू के खिलाफ चलाया गया जांच अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम-2003 की धारा 4 व 6ए, 6बी व ई-सिगरेट तहत नियमित जांच अभियान जिला छापामारी दल के सदस्य मो0 असलम व गोमिया थाना का छापामारी दल के द्वारा गोमिया मोड सॉन्ना स्कूल के पास कोटपा कानून उल्लघंग की स्थिति में छापामारी की गई। जिसमें लगभग 53 दुकानों की जांच की गई जिसमें कुल 12 दुकानदारों व व्यक्तियों से कोटपा-2003 की धारा 4, 6ए व 6बी के उल्लंघन की स्थिति में अर्थदण्ड के रूप में 2200 रुपए की वसूली की गई और छापामारी के दौरान किसी भी दुकानदारो के पास ई-सिगरेट नही मिला। जिला परामर्शी मो0 असलम द्वारा बताया गया कि गोमिया के 53 दुकानों के अन्दर जांच के क्रम में एक भी दुकानदार के पास ई-सिगरेट नही मिला केवल कोटपा 2003 की धारा 6ए का अनुपालन न करते हुये पाया गया जिन पर कार्रवाई की गई। कोटपा-2003 के धारा 6ए के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों का तम्बाकू पदार्थ बेचना या बेचवाना कानूनन अपराध है। का बोर्ड लगाना चाहिए। प्रायः देखा गया है कि कुछ दुकानदार ही इसका पालन कर रहें है। कोटपा-2003 के अनुसार धारा 6ए क्या कहता है।



**धारा-6ए**

18 वर्ष से कम आयु के बच्चों का तम्बाकू पदार्थ बेचना या बेचवाना कानूनन अपराध है। जिला परामर्शी द्वारा बताया गया कि जिला तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत यह नियमित जांच अभियान चलता रहेगा और समय समय पर ई-सिगरेट को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभी तक के छापामारी के दौरान बोकारो जिला में किसी भी दुकानदार के पास नही मिला है। जिला स्तरीय तम्बाकू नियंत्रण समन्वय समिति की बैठक में इसको लेकर सभी विभाग ने गम्भीरता से लिया है खास कर स्वास्थ्य विभाग, औषधी निरीक्षक, पुलिस विभाग व खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी आदि। यदि कोई दुकानदार ई-सिगरेट की विक्री कर रहे है तो वह इसको बेचना बन्द कर दें क्योकि ई-सिगरेट भारत के अन्दर पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित है पकडे जाने पर सख्त कार्रवाई का प्रावधान है। इस अवसर पर जिला छापामारी के सदस्य मो0 असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम व गोमिया थाना के छापामारी दल उपस्थित थे।

## एक नजर

### दुर्गा सोरेन का 54वां जयंती समारोह मनाया गया

**बोकारो :** स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की 54 में जयंती समारोह विदित हो कि आज दिनांक 10 सितंबर 2024 किसान मोर्चा झामुमो बोकारो जिला समिति द्वारा सेक्टर 8 सी विस्थापि चौक बोकारो इस्पात नगर में स्वर्गीय दुर्गा सोरेन का 54 वा जयंती समारोह जिला अध्यक्ष मदन मोहन महतो के अध्यक्षता एवम सोहराय सोरेन जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा के संचालन में संपन्न हुई । सर्वप्रथम सर्वप्रथम स्वर्गीय दुर्गा सोरेन के तस्वीर पर श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। जयंती समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मदन मोहन महतो ने कहा स्वर्गीय दुर्गा सोरेन झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाते रहे तथा गरीबों शोषितो दलितों आदिवासियों की हक अधिकार के लिए हमेशा संघर्षरत रहे। वर्तमान समय में नौजवानों को स्वर्गीय दुर्गा के विचार को आत्मसात करने की आवश्यकता है कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आमबाय मांझी, महावीर सोरेन , बेला सोरेन, आशा देवी आशा देवी। लोबिन सोरेन, मोहन मांझी, विक्रम सोरेन, दद्दन ठाकुर, फागु मेहरा ,सितम साहू, मुकुंद महतो, अंबाई मुर्मू, कृष्ण प्रसाद सिंह, सुधीर कुमार रजक, सुधीर कुमार रजक, अजीत कुमार केपी सिंह एवं उपस्थित थे ।

### पर्दे में रहने वाली बेटी बनी दारोगा, परिवार में जश्न का माहौल

**बोकारो :** एक मिस्त्री की बेटी ने न केवल अपनी मेहनत और कड़ी परिश्रम के दम पर दारोगा बनने का सपना साकार किया। बल्कि परिवार और शहर का भी नाम रोशन किया है। बताते चले की मुस्लिम समाज की बेटियों के लिए उदाहरण पेश करते हुए गांधीनगर थाना क्षेत्र के कुरपनिया पंचायत की निवासी रकीबा शेख ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद हार नहीं मानी और पुलिस में भर्ती होने का सपना पूरा कर लिया। बता दें ति रकीबा शेख अनवर मिस्त्री की पुत्री लंबे समय से अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए कठिन परिश्रम कर रही थी। उसने खुद को वर्दी में देखने का सपना देखा और आखिरकार 2023 बैच के बिहार कैडर में चयनित हो गई। फिलहाल रकीबा जहानाबाद में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। दारोगा बनने के बाद रकीबा अपने घर कुरपनिया लौटी तो उसके सम्मान में एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में जिला परिषद सदस्य ओमप्रकाश सिंह, यूनाइटेड मिल्ली फोरम के प्रदेश संयोजक अफजल अनीस और कई गणमान्य उपस्थित थे।

### विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन

**बोकारो :** विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बोकारो के सहयोग से बोकारो जनरल अस्पताल के मनोचिकित्सा विभाग में आज दिनांक 10 सितम्बर को बोकारो जनरल अस्पताल के प्रभारी डॉ. विभूति भूषण करुणामय के मार्गदर्शन में एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर इस वर्ष का थीम चेंज द नैरेटिव है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में डॉ. आनंद कुमार, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ. अनिंदा मंडल, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, बोकारो जनरल अस्पताल के वरीय चिकित्सक, मनोचिकित्सक डॉ. टी. सुधीर और डॉ. प्रभात कुमार, पैरामेडिकल स्टाफ तथा नर्सिंग छात्र और अन्य कर्मचारी उपस्थिति थे। बीजीएच के मनोचिकित्सा विभाग के अध्यक्ष डॉ. अशोक दास ने कार्यक्रम की शुरूआत की तथा आत्महत्या से संबंधित पहलुओं पर प्रकाश डाला. डॉ. आनंद कुमार, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने आत्महत्या की रोकथाम के विषय में चर्चा की और अपने चिकित्सक, परिवार और मित्रों के साथ अपनी समस्याओं को साझा करने की जरूरत पर बल दिया।

## कॉलेज में पी.जी और इंटर की पढ़ाई अविलंब प्रारंभ हो : कुमार अमित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** सिटी कॉलेज में स्नातकोत्तर, इंटर की पढ़ाई और एनसीसी प्रारम्भ करने सहित अन्य माँगो को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार सिटी कॉलेज के प्रभारी प्राचार्या डा. उमामांगेश्वरी से मुलाकात की। कुमार अमित ने प्रभारी प्राचार्या से कहा कि छात्रों के कठिन संघर्ष के बाद इस कॉलेज में पीजी की पढाई प्रारम्भ हुई थी जिसे कॉलेज प्रबंधन के उदासीनता के कारण बंद कर दिया गया। पीजी की पढाई प्रारम्भ होने से बोकारो के विकास में एक महत्वपूर्ण आयाम जुड़ गया था। छात्रों को स्नातकोत्तर जैसे उच्च शिक्षा के लिए बोकारो से बाहर जाने की मजबूरी समाप्त हो गयी थी। अब जब विश्वविद्यालय प्रबंधन कॉलेज में पीजी और इंटर पढ़ाई प्रारम्भ करने के निर्णय लिए कॉलेज प्रबंधन को हीं अधिकृत कर दिया है तो सिटी कॉलेज प्रबंधन का इन दोनो कोर्स को प्रारम्भ करने से इंकार करना बोकारो के विकास के लिए दुर्भाग्यपूर्ण एवं नाकाबिले बर्दाश्त है। इसके अलावे सिटी कॉलेज में छात्रों को दी जाने वाली एनसीसी की ट्रेनिंग को भी कुछ कॉलेज की उदासिनता के कारण वर्षो से बंद कर दिया गया है जिसके कारण इच्छुक छात्र-छात्राएं इसके लाभ से वंचित हो जा रहे हैं। कालेज प्रबंधन स्नातकोत्तर, इंटर और एनसीसी को प्रारम्भ करने का प्रस्ताव विश्वविद्यालय प्रबंधन को अविलंब भेजें अन्यथा कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ चरण बद्ध आंदोलन होगा। प्रभारी प्राचार्या ने इन प्रस्तावों को विश्वविद्यालय को शीघ्र भेजने की आश्वासन दिया है।



## सैकड़ो मामलों का हुआ ऑन द स्पॉट निष्पादन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कतरास :** राज्य के पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखंड के निर्देशानुसार कतरास में मंगलवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम कतरास के राजगंज रोड स्थित राजस्थानी समाज भवन में आयोजित की गई। जिसका उद्घाटन बाघमारा एसडीपीओ आनंद ज्योति मिंज, बाघमारा प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर सुषमा आनंद, बाघमारा अंचल अधिकारी रवि भूषण प्रसाद, डॉक्टर उमा शंकर सिंह,जिला विधि प्राधिकरण से मुस्कान चोपड़ा,कतरास थानेदार असीत कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर सी सी आर डी एस पी सुमित कुमार, कतरास थाना प्रभारी असीत कुमार सिंह ने संचालन किया। बाघमारा अनुमंडल के तेतुलमारी प्रभारी सत्येन्द्र यादव, रामकनाली ओ पी प्रभारी मंगल प्रसाद कुजूर, मधुबन प्रभारी पीकू प्रसाद, राजगंज प्रभारी तपन कुमार, पाणिग्रही, भाटडीह प्रभारी बालमुकुन्द सिंह, महुदा प्रभारी धीरज कुमार, हरिहरपुर प्रभारी नारायण साव, अंगारपथरा विशाल दास विधाता, बाघमारा प्रभारी चरणजीत प्रसाद, धमाबांध प्रभारी कमलेश कुमार, सोनारडीह प्रभारी, कपूरिया प्रभारी, ईस्ट बसूरिया सहित सभी थाना ओ पी के प्रभारी पुलिस टीम के साथ जन शिकायत समाधान शिविर में उपस्थित थे। जिसमे बाघमारा प्रखंड के सभी क्षेत्र के फरियादी व समाजसेवी गणमान्य लोग भी मौजूद थे। कतरास थाना प्रभारी असीत कुमार सिंह ने संचालन किया। कतरास चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों ने बाघमारा एसडीपीओ को बुके देकर सम्मानित किए।



## वृद्ध दंपती ने लगाई बेटा बहू की प्रताड़ना से बचाने की गुहार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में एडीएम लॉ एंड आर्डर हेमा प्रसाद ने जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं सुनी। इसमें धनबाद के बारामुड़ी से आए एक वृद्ध दंपति ने बेटा बहू की प्रताड़ना से बचने की गुहार लगाई। दंपत्ति ने बताया कि अनुसेवक के पद से सेवानिवृत होने के बाद वे अपने निजी मकान में रहते थे। बेटा की शादी करने के बाद बहू और बेटा दोनों मिलकर वृद्ध दंपति को आए दिन प्रताड़ित करते हैं। मारपीट भी करते हैं। जिस कारण उन्होंने अपना निजी मकान छोड़कर भाड़े के मकान में आसरा लिया है। उन्होंने बेटा बहू की प्रताड़ना से बचाने और दोनों को घर से बाहर करने की गुहार लगाई। वहीं सीएमपीएफ कॉलोनी के अमन ग्रीन अपार्टमेंट में रहने वाली महिला ने बताया कि वहां एक फ्लैट में किराए पर रहती है। नियमित रूप से किराया देती है। परंतु 2 सितंबर को फ्लैट मालिक ने फ्लैट का बिजली कनेक्शन काट दिया है। महिला ने बिजली कनेक्शन पुनः बहाल करवाने का अनुरोध किया। वासेपुर से आए एक व्यक्ति ने उनकी रैयती जमीन हड़पने और उस पर अवैध कब्जा करने के लिए दबंगों द्वारा जबरन जेसीबी से बाउंड्री वॉल तोड़ देने की शिकायत की। इसके अलावा जनता दरबार में जमीन का मुआवजा नहीं मिलने, रैयती जमीन पर जबरन कब्जा करने, घर तक आने जाने का रास्ता बंद कर देने, तोपचांची में वन विभाग की जमीन पर जबरन कब्जा करके आम रास्ता बंद कर देने, बाघमारा के कपूरिया व कंचनपुर पंचायत में अवैध नमक फैक्ट्री को बंद कराने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हए। मौके पर जन शिकायत कोषांग के नंद किशोर कुशवाहा, विवेक कुमार मौजूद थे।

## टाटा-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस का हुआ ट्रायल, गोमो में होगा ठहराव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** टाटा व पटना के बीच प्रस्तावित वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का मंगलवार को ट्रायल हुआ। यह ट्रेन गोमो में भी रुकेगी। ट्रेन सुबह 5:30 बजे टाटानगर स्टेशन से खुलकर सुबह 8:53 बजे गोमो पहुची। तीन मिनट ठहराव के बाद ट्रेन पटना के लिए प्रस्थान कर गई। ट्रेन के गोमो पहुंचने पर स्टेशन प्रबंधक एसएन झा, रेलवे के वरीय अधिकारियों व शहर के गणमान्य लोगों ने गार्ड एके ठाकुर, चालक जी पासवान व सह चालक संजीव कुमार मिश्रा को माला पहना कर व मिठाई खिला कर ट्रेन का स्वागत किया। पटना में ट्रेन का निर्धारित समय दोपहर 12:20 बजे है। वापसी में यह ट्रेन दोपहर 14:15 बजे पटना से खुलकर रात 21:05 बजे टाटा पहुंचेगी. ट्रेन का गोमो स्टेशन पर ठहराव दिये जाने से क्षेत्र के लोगों में खुशी है। जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि हीरामन नायक, भाजपा नेता दिलीप गोस्वामी व सत्य नारायण वर्णवाल ने ट्रेन का ठहराव गोमो में होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो व चतरा के सांसद काली चरण सिंह के प्रति आभार जताया है। मौके पर स्टेशन मास्टर देवब्रत सरकार के अलावा आरपीएफ इंस्पेक्टर संतोष कुमार झा, रेलवे अधिकारी विनोद सिंह, संजय कुमार सहित बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारी व स्थानीय लोगों मैजूद रहे।



## पति-पत्नी की पार्टी है जेएमएम : सीता सोरेन

- महिलाओं को नौकरी देने की जगह पेंशन की हो रही बात
- वोट बैंक बढ़ाने की योजना का प्रचार प्रसार किया जा रहा है
- दुर्गा सोरेन की जयंती पर कतरास के गुरु तेग बहादुर में हुआ कार्यक्रम
- बांग्लादेशी झारखंड में घुसपैठ कर यहां की बेटियों से शादी कर जमीन लूट रहे हैं




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** दुर्गा सोरेन सेना संगठन द्वारा कोयलांचल के दबे कुचले लोगो को अधिकार दिलाना ही मुख्य उद्देश्य है उक्त बातें जामा विधायक भाजपा नेता सह दुर्गा सोरेन सेना के संस्थापक सीता सोरेन ने कतरास रानी बाजार स्थित गुरु तेग बहादुर हॉल में कहा। सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार नोकरी के नाम पर मौत बात रही है,बेरोजगारों को आज तक बेरोजगारी भत्ता नही मिला। दुर्गा सोरेन की टीम को बधाई देते हुये कहा कि झारखंड सरकार साढ़े 4 साल में सिर्फ लोगो को मूर्ख बनाने का कार्य किया है। सरकार ड़ी एम एफ टी फंड को मईया सम्मान योजना में बात रही है, जिसकी जांच होनी चाहिये,कभी 21 तो कभी 18 साल से 50 के बीच मईया सम्मान योजना का प्रलोभन देकर झारखंड के गरीबो का मजाक बना दिया है। केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राजश्री सोरेन ने कहा की झारखंड अलग अलग राज्य बनाने के आंदोलन में अहम भूमिका के कारण आज झारखड़ अलग राज्य है, राज्य का विकाश गति काफी धीमा है,छात्रों की सड़क पर उतरना पड़ रहा है, झारखण्ड़ की आवाज बनना होगा, तभी विकास दिखेगा, चुनाव में दुर्गा सोरेन सेना चुनाव में अहम भूमिका निभायेगी। प्रदेश अध्यक्ष सुनील पासी ने कहा कि कोयलांचल में बेरोजगारी चरम पर है, लोगो को रोजगार से जोड़ना होगा, रौनक गुप्ता व सूरज यादव ने कहा कि हमलोग स्वर्गीय दुर्गा सोरेन के सपनो को साकार करने का संकल्प युवाओं को लेना होगा। तभी राज्य के सभी जिलों में दुर्गा सोरेन सेना का परचम लहराना है। मौके पर देवाशीष पाल, सूरज यादव, रौनक गुप्ता, गोलू सिंह, सकलदेव यादव, रंजीत कुमार रंजन, राहुल चौहान, लक्की चौहान, राकेश दास सहित अन्य लोग मौजूद थे। संचालन जितेन्द्र कुमार ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रसवोत्तर अंतर्गर्भाशयी उपकरण पर प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



**धनबाद:** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में मंगलवार को प्रसवोत्तर अंतर्गर्भाशयी उपकरण (पी.पी.आइ.यू.सी.डी.) से संबंधित तीन दिवसीय प्रशिक्षण स्त्री प्रसव रोग विभागाध्यक्ष डॉ. राजलक्ष्मी तुपिड की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। विभागाध्यक्ष ने बताया कि यह प्रशिक्षण 12 सितंबर तक चलेगा। परिवार नियोजन सेवा को बेहतर करने के लिए इसका आयोजन किया गया है। इस दौरान डॉ प्रियंका, डॉ.सौम्या, डॉ सोभा, डॉ प्रामि अट्टा, डॉ शिवानी, डॉ विनीता के अलावा पी.एस.आइ. इंडिया के प्रतिनिधि प्रेम कुमार एवं पूजा गुप्ता मौजूद थे।

### रक्तवीर परिवार के संस्थापक संजय शर्मा ने 50वें रक्तदान शिविर का किया आयोजन




**बोकारो:** रक्तदान के क्षेत्र में अग्रिणी संस्था बोकारो रक्तवीर परिवार के संस्थापक संजय शर्मा का 50 वां रक्तदान संस्था ने रक्तदान कर मनाया। इस अवसर पर संस्था के बिनय कुमार, राजा सिंह, हामिद खान, मनोज कुमार, चंदन, दिवेश, प्रशांत द्विवेदी, राजकुमार विश्वकर्मा,राजकुमार, रंजन सहित 28 लोगों ने रक्तदान किया। इसलिए मौके पर ब्लड सेंटर के डॉ यु. मोहन्ति एवम ज्योति प्रकाश द्विवेदी मौजूद रहें. डॉ यु मोहन्ति ने कहा की रक्तदान करने से शरीर को कोई हानि नहीं होती हैं बल्कि लाभ ही लाभ होता है। आज कोई 100, तो कोई 50 तो कोई 25 बार रक्तदान कर रहें हैं, आप स्वस्थ हैं तभी तो रक्तदान कर रहें हैं। मैं सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ, एवम ऐसे ही समाज को रक्तदान के प्रति जागरूक कर रक्तदान को बढ़ाये। अंततः संस्था के बिनय कुमार एवम राजा सिंह ने सभी रक्तवीरों का धन्यवाद दिया।

### विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर कार्यशाला का हुआ आयोजन




**बोकारो :** विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम बोकारो के तहत सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद की अध्यक्षता में सदर अस्पताल बोकारो के सभागार में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कोषांग के प्रभारी व कर्मी ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर प्रशांत कुमार मिश्रा मनोचिकित्सक सदर अस्पताल बोकारो के द्वारा सभी प्रतिभागियों को गेटकीपर आत्महत्या के रोकथाम पर विशेष चर्चा की गई जिसमें सभी को बताया गया कि आत्महत्या करने से पहले कुछ चेतावनी लक्षण लक्षण के बारे में बताया गया साथ ही आत्महत्या का सवाल कैसे पूछे या कैसे नहीं पूछे इसके बारे में जानकारी दी गई यदि किसी भी व्यक्ति के अंदर आत्महत्या की भावना आती है तो आगे हम उसकी मदद कैसे करें इसके बारे में जानकारी दी गई सिविल सर्जन बोकारो डॉ अभय भूषण प्रसाद ने सभी प्रतिभागियों को बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति आपके समक्ष आता है और वह कहता है कि अपने जीवन से मैं हार मान चुका हू तो उन्हें आप कैसे मदद करें इसके बारे में विस्तृत जानकारी देंगे साथ ही भारत सरकार की तरफ से जारी टैली मानस नंबर 14416 पर कॉल कर कर भी सहायता प्राप्त की जा सकती है कार्यक्रम में मंच पर आसीन डॉ अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो डॉ अरविंद कुमार उपाध्यक्ष बोकारो मनोचिकित्सक डॉक्टर प्रशांत कुमार मिश्रा डॉक्टर मैथिली ठाकुर डॉक्टर राजश्री रानी सिंह चिकित्सा पदाधिकारी सदर अस्पताल बोकारो के द्वारा टैली मानस नंबर 14416 का सार्वजनिक रूप से विमोचन किया गया इस कार्यक्रम में सिविल सर्जन बोकारो डॉ अभय भूषण प्रसाद उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ अरविंद कुमार मनोचिकित्सक सदर अस्पताल डॉ प्रशांत कुमार मिश्रा चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर मैथिली ठाकुर डॉ राज श्री रानी सिंह व विभिन्न कोषांग के चिकित्सा पदाधिकारी व कर में उपस्थित थे।

### कापासारा कोलियरी में तेज आवाज के साथ धंसी चाल, कई के दबने की आशंका

**धनबाद :** ईसीएल की बंद पड़ी कापासारा कोलियरी में रावण चढ़ाई के समीप मंगलवार को जोरदार आवाज के साथ चाल धंस गई। घटना में दर्जनों लोगों के दबने की आशंका है। कुछ की मौत होने की भी स्थानीय लोगों में चर्चा है। हालांकि, पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों ने किसी की मौत से इंकार किया है। चाल धंसने की सूचना पर एग्यारकुंड अंचलाधिकारी कृष्ण कुमार मरांडी एवं निरसा एसडीपीओ रजत मनिक बाखला, निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार, एमपीएल ओपी प्रभारी योगेन्द्र कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। अधिकारी कोलियरी के अवैध मुहाने को देखकर चकित रह गए। कहा कि इस मुद्दे पर ईसीएल प्रबंधन से बात की जाएगी। एग्यारकुंड सीओ कृष्ण कुमार मरांडी व निरसा एसडीपीओ रजत मनिक बाखला ने कहा कि घटना में अभी तक किसी की मौत की पुष्टि नहीं हुई है। ईसीएल प्रबंधन से वार्ता कर आगे की रणनिति तैयार की जाएगी। दोनों पदाधिकारियों ने कहा कि कोयला की चोरी व अवैध खनन पर रोक के लिए कारगर कदम उठाए जाएंगे। अवैध कोयला कारोबार में लिप्त भट्ठा संचालकों पर भी कार्रवाई होगी। बताया गया कि खदान में सैकड़ों मजदूर अवैध खनन कर रहे थे, तभी तेज आवाज के साथ चाल धंस गई। ऐसे में अवैध खनन में शामिल लोगों की मौत से इंकार नहीं किया जा सकता है।



# जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** चैनपुर थाना परिसर में मंगलवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें ऑन द स्पॉट लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया। इस कार्यक्रम में चैनपुर चैनपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमिता लकड़ा, बीडीओ यादव बैठा, चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी, कुरुमगढ़ थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार चेतन और जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा उपस्थित रहे। एसडीपीओ अमिता लकड़ा ने बताया कि यह जन शिकायत समाधान कार्यक्रम झारखंड के वर्तमान डीजीपी की झारखंड सरकार की महत्वपूर्ण पहल है। जिससे पुलिस व पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो सके। उन्होंने कहा कि पुलिस को पब्लिक के बीच में जो दूरी बन गई थी पब्लिक पुलिस को अपनी समस्या नहीं बता पा रहे थे उसे दूर करते हुए हर समस्या को सुना जाएगा चाहे वह पुलिस रिलेटेड हो जमीन विवाद का हो या परिवार मामला सभी प्रकार के मामलों का निष्पादन जल्द करना है। उन्होंने 112 नं0 के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि समस्यायो को दूर करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर टोल फ्री नंबर 112 है। जिसमें ऐसे मामलों की जानकारी लोगों द्वारा पुलिस को दी जाती है इसी नेशनल नंबर से संबंधित राज्य पुलिस मुख्यालय को ट्रांसफर किया जाता है और राज्य पुलिस द्वारा उसे जिले से जुड़े अधिकारी को सूचना दी जाती है। उन्होंने इस कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नागरिकों के पुलिस से संबंधित शिकायतों को प्राप्त करना एवं उक्त शिकायतों का पंजीकरण किया जाएगा। कार्रवाई योग्य शिकायतों पर त्वरित एवं प्रभावी निवारण किया जाएगा। शिकायतों पर पुलिस के द्वारा की गई कार्रवाई की सूचना शिकायतकर्ता को प्रेषित की जाएगी। निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में वरीय पदाधिकारी के संज्ञान में विषय को प्रेषित किया जाएगा। जिन शिकायतों पर कार्रवाई संभव नहीं है, उनकी भी जानकारी शिकायतकर्ता को उपलब्ध कराई जाएगी। पुलिस द्वारा बनाये जा रहे सर्वोतम पद्धतियों को इन कार्यक्रमों के दौरान प्रदर्शित किया जाएगा। नागरिकों की समस्या को समझते हुए पुलिस व्यवस्था में आवश्यक नीतिगत सुधार की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान ऑन-लाईन शिकायत हेतु जन शिकायत समाधान कोषांग का सम्पर्क नं० एवं Whatsapp No-9162388444 एवं ई०मेल आई0डी0- janshikayat-rgh@jhpolice.gov.in पर स्पष्ट रूप से सूचनाओं में अंकित रहेगा एवं इसका प्रचार-प्रसार किया जाऐगा। इस कार्यक्रम के दौरान जमीन विवाद को अन्य कई मामलों को लेकर आवेदन आए लोगों की विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण अपनी समस्याओं को पुलिस तक रख सकते हैं जिससे उनकी समस्याओं का समाधान हो जाएगा।

## सफलता के लिए कड़ी मेहनत जरूरी है : प्रो. गोपाल पाठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** सफलता के लिए कड़ी मेहनत जरूरी है। इसके अलावा शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी उतना ही आवश्यक है' यह बात आज सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने अपने संबोधन के दौरान कहा। वे आज विवि के नए सत्र के लिए आयोजित तीन दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने बिरला परिवार की समृद्ध विरासत की चर्चा करते हुए देश के युवाओं के उन्नयन के लिए उनके द्वारा किए गए महती प्रयासों की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में विवि के प्रभारी कुलपति प्रो. एस.बी. डांडीन ने विद्यार्थियों को नवीन अवसरों की तलाश करने और सहयोगात्मक रवैया अपना कर कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने ज्ञान की बढ़ोत्तरी और इसके सतत संवर्धन के लिए प्रश्न पूछने और जिज्ञासा व्यक्त करने को जरूरी करार दिया। कुलसचिव प्रो. वी. के. सिंह ने नए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें विवि के गौरव और साख को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आह्वान किया। डीन डॉ. पंकज कुमार गोस्वामी ने छात्र- छात्राओं को अपनी क्षमता पर भरोसा करते हुए कड़ी मेहनत करने की सलाह दी। इंडक्शन कार्यक्रम के दूसरे दिन इंजीनियरिंग एंड अप्लाइड साइंसेज के विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का समापन डॉ. नित्या गर्ग ने किया। उपस्थित विद्यार्थियों के समक्ष डीएसडब्ल्यू डॉ. अशोक अस्थाना, हरिबाबू शुक्ला, प्रो. राहुल वत्स, डॉ. पी. के. होता और सी. एस. महता ने अपने विभागों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. विश्वरूप सामंता, डॉ. राजीव रंजन, डॉ. मनोज पांडेय समेत विश्वविद्यालय के अन्यान्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## अवैध गोवंशीय पशुओं से लदा पिकअप वैन पलटा, तीन मवेशियों की हुई मौत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर/जारी :** छत्तीसगढ़ से झारखंड होते हुए गोवंशीय पशुओं की तस्करी बेखौफ हो रही है। इसका खुलासा तब हुआ जब मंगलवार की रात लगभग 3 बजे जारी थाना क्षेत्र के मेराल गांव (जो कि झारखंड छत्तीसगढ़ बॉर्डर के समीप है) जहां 8 गोवंशीय पशुओं से भरा पिकअप वैन (JHO1BQ6367) अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि इस दौरान वाहन की पलटने की आवाज सुनकर स्थानीय ग्रामीण पहुंचे तब तक वैन का चालक व उसमें सवार अन्य लोग भाग गए।स्थानीय ग्रामीणों ने वैन में जाकर देखा तो पाया कि दुर्घनाग्रस्त पिकउप वाहन में 8 पशु लोड है। जिसमे 3 पशुओं की मौके पर ही मौत हो गयी है। मिली जानकारी के अनुसार बताया गया कि गोवंश पशुओं को छत्तीसगढ़ से झारखंड की ओर लाया जा रहा था। वही मेराल गांव के ग्रामीण बसन्त एक्का, राजेश बाखला, हर्नियुस बाखला ,विकास केरकेट्टा, अमोस कुजूर,अशीत केरकेट्टा ने बताया कि पशु तस्करी मंगलवार व शुक्रवार की रात्रि में 8 से 10 की संख्या में पिकअप वाहन मवेशी लदे पार होती है। पिकअप वाहन छतीसगढ़ की ओर से आती है। और आमगांव के रास्ते कांसीर की ओर निकलती है। वही मामले की जानकारी मिलते ही जारी थाना प्रभारी आदित्य कुमार एसआई टीपू अंसारी दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर मामले की छानबीन करते हुए पिकअप वाहन सहित पशुओं को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## जेबीकेएसएस व कांग्रेस के दर्जनों कार्यकर्ता आजसू में हुए शामिल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** प्रखंड के कुटाम गांव में मंगलवार को जेबीकेएसएस व कांग्रेस पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता सकुर आलम व असरफ अंसारी के नेतृत्व में आजसू पार्टी में शामिल हुए। जिसमें अफरीदी अंसारी, गुलाम अंसारी, हैदर अंसारी, असरफ अंसारी, रेफाकत अंसारी, अमीरुद्दीन अंसारी, असरफ, हाफिजुद्दीन अंसारी, अहमद अंसारी, हेसारुद्दीन अंसारी, अबराब अंसारी आदि शामिल हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाईक एवं क्षेत्रीय प्रभारी लक्ष्मण महतो ने आजसू पार्टी का अंग वस्त्र पहनाकर नये कार्यकर्ताओं का स्वागत किया।

इस मौके पर आजसू पार्टी का चुल्हा प्रमुख बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम गांव के समस्या एवं समाधान पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम के दौरान गांव में यूवा आजसू का गठन किया गया। प्रमुख जितेन्द्र बड़ाईक ने सभी को समन्वय बनाकर गांव के समस्या के समाधान पर कार्य करने एवं गांव में एकजुटता बनाए रखने का आग्रह किया। इस मौके पर गांव के चूल्हा प्रमुख समेत कई लोग उपस्थित थे।

## जनता की शिकायतों का त्वरित निवारण होगा : पुलिस अधीक्षक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** खूंटी पुलिस के सौजन्य से खूंटी के नगर भवन और तोंरपा थाना परिसर स्थित सभागार में मंगलवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खूंटी में कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक अमन कुमार और तोरपा में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ख्रिस्टोफर केरकेट्टा ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर एसपी ने जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खूंटी जिले के नागरिकों की शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण तथा पुलिस एवं नागरिकों के बीच अविश्वास एवं दूरी को समाप्त करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें भाग लेकर आप अपनी शिकायतों के निवारण के साथ-साथ कई महत्त्वपूर्ण मामलों की जानकारी लेकर खुद को जागरूक कर सकते हैं। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा हिट एंड रन मामलों में पीड़ित परिवार को मुआवजा राशि का चेक प्रदान किया गया। साथ ही मानव तस्करी मामले में छुड़ाई गई महिलाओं को मंच पर आमंत्रित कर प्रोत्साहित भी किया गया। नगर भवन खूंटी में आयोजित कार्यक्रम में खूंटी पुलिस अनुमण्डल के पांच थाना खूंटी, मुरहू, सायको, अड़की और मारंगहादा थाना से जुड़े मामलों का निष्पादन किया गया। तोरपा पुलिस अनुमण्डल के लिए तोरपा थाना स्थित सभागार तीन थानों तोरपा, तपकरा और रनिया थाना क्षेत्र के लिए कार्यक्रम आयोजित कर शिकायतों का निष्पादन किया गया।

# कहीं का भी हो मामला, थाना पहुंचे पीड़ित की दर्ज होगी शिकायत : एवी होमकर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** कहीं का भी हो मामला पीड़ित व्यक्ति थाने और कार्यालय का चक्कर नहीं लगाएगा। वह जिस थाने में पहुंचेगा वहीं पदाधिकारी उसकी समस्या का समाधान करने का प्रयास करेंगे। यदि किसी दूसरे थाना क्षेत्र का मामला होगा तो उसके आवेदन पर जीरो एफआईआर कर उसे संबंधित थाने में भेजेंगे। ना कि पीड़ित व्यक्ति को ही वहां का रास्ता दिखा देंगे। यह बात मंगलवार को रामगढ़ में जन समस्या समाधान कार्यक्रम में पहुंचे आईजी अमोल बेणुकांत होमकर ने कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा साफ है। पुलिस और आम जनता के बीच की दूरी को कम करना है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन यह चाहते हैं कि जनता की छोटी से छोटी समस्या का निराकरण किया जाए। थाने में पहुंचने पर उनके साथ बेहतर व्यवहार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि डीजीपी यह चाहते हैं कि थाने में भी पीड़ित व्यक्तियों के साथ बेहतर व्यवहार हो और जनता का खौफ उनके अंदर ना रहे। पुलिस के वर्क कल्चर में बदलाव होना चाहिए, ताकि किसी को परेशानी नहीं हो। उन्होंने बताया कि मिहला हेल्पलाइन, साइबर हेल्पलाइन, गुमशुदा हेल्पलाइन, डायल 112, डायल 1930 की जानकारी सभी लोगों को हो, ताकि जनता इसका लाभ उठा सके। इसके अलावा जनता की छोटी-मोटी समस्या के मुद्दे पर भी आईजी और डीआईजी जांच करेंगे। अगर किसी पीड़ित व्यक्ति की समस्या थाने में पदाधिकारी नहीं सुनते हैं, तो उन पर तत्काल कार्रवाई होगी। आईजी अमोल बेणुकांत होमकर ने कहा कि आज सबसे बड़ी समस्या नशे का अवैध कारोबार है। कहीं पर अफीम की खेती हो रही है, तो कहीं ब्राउन शुगर के तस्करी। युवा पीढ़ी इसमें बबार्दी के कगार पर पहुंच गया है। उन लोगों को नशे की इस दलदल से निकलने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आम लोगों को पुलिस से अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने की उम्मीद रहती है। लेकिन पुलिस को भी आम जनमानस से इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए सहयोग की अपेक्षा है। आईजी अमोल वेणुकांत होमकर ने कहा कि आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हुई है लेकिन उसमें जन सहयोग से ही काबू पाया जा सकता है। आज सीसीटीवी और इलेक्ट्रानिक सर्विलांस की मदद से अपराधी जल्दी ही न सिर्फ पहचान में आते हैं, बल्कि उनकी गिरफ्तारी भी होती है। उन्होंने व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों और आवास में ज्यादा से ज्यादा मात्रा में सीसीटीवी इंस्टॉल करने की अपील की। इस मौके पर डीसी चंदन कुमार ने भी आम जनमानस से समस्या का निराकरण कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार आपके द्वारा का कार्यक्रम चल रहा है। दूसरी तरफ पुलिस विभाग ने भी आम लोगों के बीच संपर्क साधा है।


**झारखंड सरकार, उद्योग विभाग**
**कार्यालय: सहायक उद्योग निदेशक (रेशम)**
**रॉची, आई०टी०आई०, बस स्टैंड के पास, ईटकी रोड, रॉची, पिन- 834005**
e-mail-ranchiadi123@gmail.com

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–01/2024–25**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वितीय वर्ष 2024–25 में सहायक उद्योग निदेशक (रेशम), रॉची/ झारखंड रेशम विकास संस्थान, हेहल, रॉची एवं सहायक उद्योग निदेशक (रेशम), रॉची के क्षेत्राधिकार अंतर्गत संघारित कार्यालयों के प्रयोजनार्थ कार्यालय उपस्कर/कीटपालन/बीजागार/फार्म के प्रयोजनार्थ सामग्रियों/उपस्करों के क्रय करने के निमित्त दर निर्धारण हेतु इच्छुक निर्माता ईकाई/आपूर्तिकर्ता/निबंधित/ अधिकृत/ख्यातिप्राप्त संस्थाओं/प्रतिष्ठानो /संवेदकों से दिनांक 20.09.2024 के 3.00 बजे अपराह्न तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्यालय में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 20.09.2024 अपराह्न 3.00 बजे तक।
2. निविदा खोलने की तिथि 20.09.2024 अपराह्न 4.00 बजे।
3. अग्रधन (EMD) की राशि रू0 30,000/– (तीस हजार रूपये) मात्र।
4. बिना कारण बताये निविदा को रद्द करने/संशोधित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

नोट:– पूर्ण निविदा एवं उससे संबंधित नियम एवं शर्तो और सामग्री का विवरण कार्यालय के सूचना पट्ट एवं निदेशालय के website https://jharsericulture.jharkhand.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

सहायक उद्योग निदेशक (रेशम), रॉची

PR 335298 Industries, Mines and Geology (24-25)_D



e-Procurement Cell
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**
**(Behind State Guest House Morhabadi) Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008**

**Short Term e-Procurement Notice**
**Date – 10-09-2024**

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/37/2024-25 | Renovation of Main Building Ground & First Floor, Barrack and Boundary Wall in the Campus of Chief Justice Residence at Kanke Road, Ranchi | 6167400 | Two Month |
| 2 | Start Date of Submission of Bids | | 18-09-2024 at 11.00 AM | |
| 3 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 25-09-2024 at 11.00 AM | |
| 4 | Date/Time of Opening of Bid | | 26-09-2024 at 11.00 AM | |
| 5 | Helpline Number of e-procurement Cell | | 8527519262 | |
| 6 | e-mail ID | | eebcddiv1ranchi@gmail.com | |
| 7 | Note :- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in | | | |

Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division No. 1, Ranchi

PR 335293 Building (24-25)_D



**झारखण्ड सरकार**
**नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खूँटी 835210**

झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खूँटी में शैक्षणिक सत्र 2024–25–26 में नामांकन लेने हेतु दसवी पास महिला उम्मीदवार जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/ स्थानीय निवासी हो। जो आई0 टी0 आई0पोर्टल (https://iti.jhrkhand.gov.in) Admission Module द्वारा Online Registration and Choice Filling दिनांक – 17.09.2024 तक महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खूँटी में आकर करा सकते हैं। रिक्त सीटों की विवरणी इस प्रकार हैं–

Govt. Women ITI Khunti

| Sl. No | Trade | Vacant Seat | SC | ST | GENERAL | EWS | SMQ | PH |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Electronic Mechanic | 07 | 01 | 04 | 00 | 0 | 01 | 01 |
| 2 | Drone Technician | 19 | 01 | 10 | 04 | 02 | 01 | 01 |

प्रभारी प्राचार्य
महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खूँटी

PR 335263 Labour Employment and Traning (24-25)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।**

**अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

1. ई0–निविदा संख्या–EE/RDSD/PALAMAU-12/2024-25

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रखण्ड छतरपुर के पंचायत मुरूमदाग के ग्राम मुरूमदाग में मुरूमदाग मुख्य पथ से बढ़का बांध से राजेश ठाकुर के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2489500.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 माह। |
| 2. | प्रखण्ड मेदिनीनगर के ग्राम पोखराहा खुर्द आर.ई. ओ. मुख्य पथ से मेडिकल कॉलेज गेट तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1185300.00 | 24000.00 | 2500.00 | 02 माह। |
| 3. | प्रखण्ड उंटारी रोड के पंचायत लहरबंजारी के ग्राम सिढ़हा के ग्राम सिढ़हा में कोयल पुल से मुख्य पथ सिढ़हा तक पथ निर्माण। | 4996600.00 | 100000.00 | 5000.00 | 04 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 12.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 12.09.2024 से दिनांक 20.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 23.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल
पलामू।

PR 335215 (District) 24-25 (D)



**कार्यालय नगर परिषद् रामगढ़**

**नगर परिषद्, रामगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत अति अल्पकालिन आमंत्रण सूचना**

अति अल्पकालिन सूचना संख्या – NIT/RGH/NP/14/2024-25

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा निकालने वाले पदाधिकारी | :– | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् रामगढ़। |
| 2 | निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | दिनांक : 10-09-2024 |
| 3 | परिमाण विपत्र विक्रय की तिथि | :– | दिनांक : 12-09-2024 से 13-09-2024 अपराहन 05:00 बजे तक। |
| 4 | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | :– | दिनांक 18-09-2024 पुर्वाहन 04:00 बजे |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि व समय | :– | दिनांक :19-09-2024 अपराहन 12:00 बजे से। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | :– | नगर परिषद, रामगढ़। |
| 7 | मद का नाम | :– | नागरिक सुविधा/शहरी परिवहन। |
| 8 | हेल्पलाईन नं0 | :– | 8084609105, 8651204505 |

| क्र0 सं0 | वार्ड नं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | विपत्र का मूल्य | कार्य करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 07 | Construction of drain from H/O Jitendra Mishra to Adharsh colony culvert in ward no-07 | 999950.00 | 19999.00 | 5000 | 60 दिन |
| 2 | 15 | Construction of shed at kabristan in ward No-16 | 596315.00 | 11926.00 | 5000 | 60 दिन |
| 3 | 23 | Laying of Paver Block (a) from hotel prakash saw to kalhut nit (b) H/O salamat nut to H/O amin nit in ward No-23 | 988000.00 | 19760.00 | 5000 | 60 दिन |
| 4 | 27 | Construction of Retaining wall from H/o Suresh ram to H/O Prem in ward no-27 | 992250.00 | 19845.00 | 5000 | 90 दिन |
| 5 | 28 | Laying of Paver block road from H/O bhola mahto to Govind mahto and near mansa mandir in ward No-28 | 747020.00 | 14941.00 | 5000 | 60 दिन |
| 6 | 28 | Construction of Paver Block road ferom H/O Karu Prajapati to tahsil kutchery at asna tola in ward No-28 | 458750.00 | 9175.00 | 1000.00 | 30 दिन |
| 7 | 31 | Construction of Retaining wall and paver block roadf road from H/O Kishun mahto to kali mandir at bardharwa in ward no-31 | 963660.00 | 19273.00 | 5000 | 90 दिन |
| 8 | 31 | Construction of Samshan shed at chetar in ward No-31 | 591200.00 | 11824.00 | 5000 | 60 दिन |
| 9 | 32 | Construction of Samshan shed at chetar in ward No-31 | 591200.00 | 11824.00 | 5000 | 60 दिन |

नोट:–
1. परिमाण विपत्र क्रय हेतु
2. निम्नलिखित शर्तो को पूरा करना होगा।
(क) इस कार्य हेतु नगर परिषद्, रामगढ़/नगर विकास एवं आवास विभाग के समुचित श्रेणी या एक श्रेणी ऊपर के सम्वदेकों को निबंधित होना अनिवार्य होगा।
(ख) परिमाण विपत्र का मूल्य (जो वापस नहीं किया जाएगा) बैंक ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, रामगढ़ (Executive officer, Nagar Parishad, Ramgarh) के पदनाम से राष्ट्रीयकृत बैंक में भुगतेय होगा के रूप में स्वीकार्य होगा तथा परिमाण विपत्र क्रय के समय मूल रूप में जमा करना अनिवार्य होगा।
(ग) बैंक ड्राफ्ट (Bank Draft) की वैद्यता निविदा निर्गत की तिथि से कम से कम तीन माह का होना अनिवार्य है। निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारीयों नगर परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:30 अपराहन तक देखा जा सकता है।
3. जिन किन्ही भी संवेदक (प्रोपराईटशीप अथवा पार्टनरशीप) फर्म पर का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तर्गत पूर्ण नहीं हुआ है) उन्हें कार्य आवंटन में प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
4. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकरारनामा नहीं किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामगढ़

PR 335229 District(24-25)#D

# जम्मू-कश्मीर पर रक्षामंत्री का दूरगामी सन्देश



ललित गर्ग

जम्मू एवं कश्मीर के चुनाव अनेक दृष्टियों से न केवल राजनीतिक दशा-दिशा स्पष्ट करेंगे बल्कि बल्कि राज्य के उद्योग, पर्यटन, रोजगार, व्यापार, रक्षा, शांति आदि नीतियों तथा राज्य की पूरी जीवन शैली व भाईचारे की संस्कृति को प्रभावित करेगा।

जम्मू-कश्मीर में चुनाव प्रचार को एक नई करवट देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ऐसी बातें कहीं है जो घाटी के लोगों के दिलों को छूने वाली होने के साथ प्रांत में नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है एवं गुलाम कश्मीर के लोगों के प्रति सहानुभूति एवं आत्मीयता दर्शाने वाली है। एक दिन पहले करगिल युद्ध को लेकर पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर ने वो बात कुबूल कर ली, जो अब तक सारे पाकिस्तानी जनरल पूरी दुनिया से छिपाते रहे। आसिम मुनीर ने साफ-साफ कहा कि कारगिल जंग में पाकिस्तानी सेना का हाथ था। उनके सैनिकों ने शहादत दी है। इसके अगले ही दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का जम्मू-कश्मीर की धरती से ये ऐलान कि अगर पाकिस्तान आतंक छोड़ दे तो उसके साथ बातचीत हो सकती है। यह बयान बहुत कुछ कहता है एवं इसके कई दूरगामी राजनीतिक दृष्टिकोण है। पाकिस्तान समझ चुका है कि कश्मीर में अब उसका कुछ नहीं बचा। रही सही कसर, जम्मू-कश्मीर में हो रहे चुनावों में लोगों की जोरदार भागीदारी ने पूरी कर दी। उसकी सारी उम्मीदों पर पानी फिरता दिख रहा है, ऐसे में वह हकीकत स्वीकार करता नजर आ रहा है। रक्षामंत्री की कही बातों में पाकिस्तान सरकार को सीधा सन्देश दिया गया है। निश्चित ही राजनाथ सिंह के बयान एक अनुभवी एवं कद्दावर नेता के रणनीतिक एवं दूरगामी सोच से जुड़े बयान है, जिनकी प्रतिक्रिया दोनों ही देशों में होने के साथ ही चुनाव में हिस्सेदारी कर रहे राजनीतिक दलों में सुगबुगाहट का बड़ा कारण बना है।

कश्मीर में विकास, पर्यटन में भारी वृद्धि, शांति एवं सौहार्द का वातावरण बनना गुलाम कश्मीर के लोगों को प्रेरित कर रही हैं कि उन्हें भी इस ओर आजाद फिजा में सांस लेने का मौका मिले। ऐसे में रक्षामंत्री ने उन्हें भारत का हिस्सा बनने का निमंत्रण देकर पड़ौसी देश की दुखती रग को छेड़ दिया है एवं पाकिस्तान की नींद उड़ा दी है, बल्कि गुलाम कश्मीर के लोगों में भी नया विश्वास एवं मनोबल जगा दिया है। रक्षामंत्री का यह निमंत्रण बहुत मायने रखता है, इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह ने भी कहा था कि गुलाम कश्मीर हमारा है एवं हम इसे लेकर रहेंगे। गुलाम कश्मीर के लोग भारत से मिलने के लिये उत्सुक है, आन्दोलनरत है। क्योंकि पाकिस्तानी शासक उन्हें विदेशियों की तरह देखते हैं। यह एक सच्चाई भी है। पाकिस्तान अपने कब्जे वाले कश्मीर के लोगों का जैसा दमन और शोषण कर रहा है, उसके कई प्रमाण सामने आ चुके हैं। इसी दमन और शोषण के चलते जब-तब वहां पाकिस्तान के खिलाफ सड़कों पर उतरकर लोग भारत जाने की अनुमति भी मांगते रहते हैं। गुलाम कश्मीर में आंदोलन का नेतृत्व कर रहे लोगों को मारा जा रहा है। वहां के लोग यह अच्छी तरह देख रहे हैं कि भारतीय भूभाग में किस तरह तेजी से विकास हो रहा है और उन्हें किस तरह पाकिस्तान की ओर से ठगा जाता रहा है। कहना कठिन है कि रक्षा मंत्री के बयान पर पाकिस्तान क्या कहता है, लेकिन इसके आसार कम ही हैं कि वह आतंकवाद को सहयोग-समर्थन देने से बाज आएगा। पाकिस्तान की दमनकारी नीतियों के खिलाफ आंदोलन कर रहे इस चुनाव पर सिर्फ भारतीयों नहीं, पूरी दुनिया की नजर है। विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच राजनाथ सिंह ने कहा कि हम गुलाम कश्मीर पर अपना दावा कभी नही छोड़ेंगे। वैसे भी गुलाम कश्मीर के लोग हमारे ही लोग है, उन्हें पाकिस्तान ने कभी अपना माना ही नहीं है। राजनाथ सिंह का गुलाम कश्मीर के लोगों को संदेश पाकिस्तान के ताबूत में आखिरी कील की तरह है।

रक्षा मंत्री ने अपने वक्तव्य के जरिये चुनाव के परिदृश्यों को एक नया मोड़ दिया है। उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी और कांग्रेस को भी निशाने पर लिया। उनके लिए ऐसा करना इसलिए आवश्यक हो गया था, क्योंकि नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी के नेता पाकिस्तानपरस्ती का परिचय देते हुए उससे बात करने पर जोर दे रहे हैं, लेकिन ऐसा करते हुए वे यह रेखांकित नहीं करते कि वार्ता के लिए उसे आतंकवाद पर लगाम लगानी होगी। नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी कश्मीर के लोगों को अनुच्छेद-370 की वापसी का भी सपना दिखा रहे हैं। यह दिवास्वप्न के अलावा और कुछ नहीं, क्योंकि अब इस विभाजनकारी और अलगाववाद को बढ़ावा देने वाले अनुच्छेद की वापसी संभव नहीं और इसीलिए रामबन में राजनाथ सिंह ने कहा, भाजपा ने डंके की चोट पर अनुच्छेद 370 हटाकर जम्मू-कश्मीर में शांति और समृद्धि का रास्ता बनाया है। किसी माई के लाल में हिम्मत नहीं कि वह इस अनुच्छेद को वापस ला सके। ऐसा कहते हुए उन्होंने कांग्रेस को भी निशाने पर लिया, जो कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है और अनुच्छेद-370 की वापसी के उसके वादे पर मौन धारण किए हुए है। पाकिस्तान एवं घाटी के विभिन्न राजनीतिक दल बार-बार अनुच्छेद 370 का जिक्र कर दुनिया के सामने यह गीत गाते रहे हैं कि 370 हटने से कश्मीर के लोग नाराज हैं। इस झूठ को खुलासा स्वयं कश्मीर की जनता ने लोकसभा चुनाव में वोटिंग के जरिये किया है।

घाटी में चुनाव में हिस्सेदारी कर रहे हैं राजनीतिक दल पाकिस्तानी राग अलापते रहे हैं। उमर अब्दुल्ला इस वक्त अफजल को दी गयी फांसी के विवाद में घिर चुके हैं। उन्होंने कह दिया कि अफजल को फाँसी देना गलत था। चूँकि अफजल संसद पर हमले का जिम्मेदार था, उसकी तरफदारी करके नेशनल कान्फ्रेंस स्पष्ट रूप से जता रही है कि वह आतंकवादियों से मिली हुई है या उनकी तरफदारी कर रही है और कांग्रेस उसकी साथी है। इन स्थितियों में कांग्रेस को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह नेशनल कॉन्फ्रेंस के घोषणापत्र में किए गए वादों से सहमत है? उसे यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह उमर अब्दुल्ला के इस आकलन से सहमत है कि संसद पर हमले की साजिश रचने वाले अफजल गुरु को फांसी की सजा देने से कुछ हासिल नहीं हुआ? यह अलगाववाद और आतंकवाद के दौर की वापसी के समर्थकों की हमदर्दी हासिल करने वाला ही बयान है और इसीलिए राजनाथ सिंह ने उन पर कटाक्ष किया कि अफजल को फांसी न दी जाती तो क्या उसके गले में हार डाले जाते। यह विडंबना ही है कि कांग्रेस उमर अब्दुल्ला के इस बयान पर भी चुप्पी साधे है, जबकि उसे फांसी की सजा मनमोहन सिंह सरकार के समय ही दी गई थी। ऐसे में कश्मीर के लोगों को तय करना होगा कि वे देश प्रेमियों के साथ हैं या देशद्रोहियों के साथ? बहरहाल, धारा 370 हटने के बाद वहाँ पहली बार हुए लोकसभा चुनाव में पचास प्रतिशत से ऊपर मतदान हुआ था जो अच्छा संकेत है। वर्ना इससे पहले तो तीस प्रतिशत मतदान को भी अच्छा समझा जाता रहा।

जम्मू एवं कश्मीर के चुनाव अनेक दृष्टियों से न केवल राजनीतिक दशा-दिशा स्पष्ट करेंगे बल्कि बल्कि राज्य के उद्योग, पर्यटन, रोजगार, व्यापार, रक्षा, शांति आदि नीतियों तथा राज्य की पूरी जीवन शैली व भाईचारे की संस्कृति को प्रभावित करेगा। वैसे तो हर चुनाव में वर्ग, जाति, सम्प्रदाय का आधार रहता है, पर इस बार वर्ग, जाति, धर्म, सम्प्रदाय व क्षेत्रीयता के साथ गुलाम कश्मीर एवं अनुच्छेद 370 के मुद्दे व्यापक रूप से उभर कर सामने आयेंगे। इन चुनावों में मतदाता जहां ज्यादा जागरूक दिखाई दे रहा है, वहीं राजनीतिज्ञ भी ज्यादा समझदार एवं चतुर बने हुए दिख रहे हैं। उन्होंने जिस प्रकार चुनावी शतरंज पर काले-सफेद मोहरें रखे हैं, उससे मतदाता भी उलझा हुआ है। अपने हित की पात्रता नहीं मिल रही है। कौन ले जाएगा राज्य की एक करोड पच्चीस लाख जनता को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में विकास एवं शांति की दिशा में। इन स्थितियों में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कश्मीर की जनता को जागरूक किया है एवं मतदान के प्रति सतर्क होने के साथ अपना मतदान विवेक से करने का वातावरण निर्मित किया है।



## संपादकीय

### एहतियात है जरूरी


देश में मंकीपॉक्स का मामला सामने आया है। एक युवक में मंकीपॉक्स के लक्षण पाने के बाद उसे फौरन आइसोलेशन में भेज दिया गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि संक्रमित शख्स हाल ही में संक्रमण प्रभावित देश की यात्रा करके लौटा है। उसकी पहचान, वह किस राज्य का वासी है और यात्रा वाले देश के नाम का खुलासा नहीं किया है। देश के भीतर प्रभाव का आकलन करने के लिए मरीज के संपर्क में आने वालों का भी पता लगाया जा रहा है। मंकीपॉक्स का 2022 में वैश्विक प्रकोप हुआ था, जिसकी चपेट में भारत भी आया था। तब विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मंकीपॉक्स को ग्लोबल हैल्थ इमरजेंसी घोषित किया था। यह संक्रामक बीमारी है जिसमें बुखार, सिरदर्द, मांस-पेशियों में ऐंठन के साथ ही त्वचा पर दर्दनाक दाने /फफोले जैसे हो जाते हैं। यह संक्रमित व्यक्ति या जानवर को छूने से फैलता है और 2 से 4 हफ्तों तक इसका असर रह सकता है। इस साल की शुरूआत से ही समूचे अफ्रीका महाद्वीप को मंकीपॉक्स ने अपनी चपेट में ले रखा है। वहां साढेक्ष्रू पांच हजार से अधिक मामलों की पुष्टि के साथ ही 643 लोग मर चुके हैं। यह वायरस अफ्रीका से निकल कर यूरोप और अमेरिका तक पहुंच चुका है। कोविड़ महामारी के दुनिया को चपेट में लेने के बाद से किसी भी संक्रमण के प्रति बड़ी चिंता व्याप्त हो रही है। हालांकि भारत पहले ही एलर्ट मोड़ में है। विभिन्न अस्पतालों में इस संक्रमण के मद्देनजर विशेष वार्ड. बनाए गए हैं। इसीलिए समय रहते इस संक्रमित यात्री की पहचान हो गई और दूसरों को संक्रमित करने से पूर्व ही या सीमित लोगों के संपर्क में आते ही उसे इलाज दिया जाने लगा है। आम नागरिकों को भयभीत किए बगैर संक्रमण से बचाव और सावधानी बरतने के प्रति जागरूक करने की जरूरत है। ध्यान रखा जाना जरूरी है कि लोग बेवजह ड़रें नहीं। छात्रों और सार्वजनिक जीवन में नियमित तौर पर रहने वालों को संक्रमण के प्रति विशेष सावधानी रखने के निर्देश दिए जाने की भी आवश्यकता है। चूंकि यह संक्रमण जानवरों के माध्यम से भी फैलता है, इसलिए साफ-सफाई के अतिरिक्त मांसाहारियों को भी संक्रमित पशुओं के उपयोग का ख्याल रखना जरूरी है। खरोचों, घावों, श्वसन बूंदों और दूषित वस्तुओं के संपर्क में आने से भी सावधान रहने के स्पष्ट निर्देश दिए जाने की जरूरत है। हम पहले ही सतर्क हैं, मगर और भी एहतियात रखने की जरूरत को समझना है।

## चिंतन-मनन

### ज्ञेय और ज्ञान का संबंध

दर्शन के क्षेत्र में ज्ञान और ज्ञेय की मीमांसा चिरकाल से होती रही है। आदर्शवादी और विज्ञानवादी दर्शन ज्ञेय की स्वतंत्र सत्ता स्वीकार नहीं करते। वे केवल ज्ञान की ही सत्ता को मान्य करते हैं। अनेकांत का मूल आधार यह है कि ज्ञान की भांति ज्ञेय की भी स्वतंत्र सत्ता है। द्रव्य ज्ञान के द्वारा जाना जाता है, इसलिए वह ज्ञेय है। ज्ञेय चैतन्य के द्वारा जाना जाता है, इसलिए वह ज्ञान है। ज्ञेय और ज्ञान अन्योन्याश्रित नहीं हैं। ज्ञेय है, इसलिए ज्ञान है और ज्ञान है इसलिए ज्ञेय है, इस प्रकार यदि एक के होने पर दूसरे का होना सिद्ध हो तो ज्ञेय और ज्ञान दोनों की स्वतंत्र सत्ता सिद्ध नहीं हो सकती। द्रव्य का होना ज्ञान पर निर्भर नहीं है और ज्ञान का होना द्रव्य पर निर्भर नहीं है। इसलिए द्रव्य और ज्ञान दोनों स्वतंत्र हैं। ज्ञान के द्वारा द्रव्य जाना जाता है, इसलिए उनमें ज्ञेय और ज्ञान का संबंध है। ज्ञेय अनंत है और ज्ञान भी अनंत है। अनंत को अनंत के द्वारा जाना जा सकता है। जानने का अगला पर्याय है कहना। अनंत को जाना जा सकता है, कहा नहीं जा सकता। कहने की शक्ति बहुत सीमित है। जिसका ज्ञान अनावृत्त होता है, वह भी उतना ही कह सकता है जितना कोई दूसरा कह सकता है। भाषा की क्षमता ही ऐसी है कि उसके द्वारा एक बार में एक साथ एक ही शब्द कहा जा सकता है। हमारे ज्ञान की क्षमता भी ऐसी है कि हम अनंतधर्मा द्रव्य को नहीं जान सकते। हम अनंत-धर्मात्मक द्रव्य के एक धर्म को जानते हैं और एक ही धर्म का प्रतिपादन करते हैं। एक धर्म को जानना और एक धर्म को कहना नय है। यह अनेकांत और स्याद्वाद का मौलिक स्वरूप है। उनका दूसरा स्वरूप है प्रमाण। अनंत-धर्मात्मक द्रव्य को जानना और उसका प्रतिपादन करना प्रमाण है। हम अनंतधर्मा द्रव्य को किसी एक धर्म के माध्यम से जानते हैं। इसमें मुख्य और गौण दो दृष्टिकोण होते हैं। द्रव्य के अनंत धर्मो में से कोई एक धर्म मुख्य हो जाता है और शेष धर्म गौण। नय हमारी वह ज्ञान-पद्धति है, जिसमें हम केवल धर्म को जानते हैं, धर्मो को नहीं जानते। प्रमाण हमारी वह ज्ञान-पद्धति है, जिससे हम एक धर्म के माध्यम से समग्र धर्मो को जानते हैं।

# संरक्षक पर प्रश्न चिन्ह- क्या अब भाजपा को संघ की जरूरत नही रही....?



ओमप्रकाश मेहता




भारत के मौजूदा सत्तारूढ़ खेमों में इस बात को लेकर अच्छी खासी चर्चा है कि ऐसी क्या खास वजह पैदा हो गई। जिससे देश पर राज कर रही भारतीय जनता पार्टी और उसके कथित संरक्षक संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आर.एस.एस.) के बीच अंदरूनी मनमुटाव की स्थिति पैदा हो गई और जिसके कारण भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को संघ की राष्ट्रीय समन्वयक बैठक में यह कहना पड़ कि- 'भाजपा को संघ की अब कोई जरूरत नहीं है, अब भाजपा हर तरीके से अपने आपमें सक्षम और आत्मनिर्भर है।' भाजपाध्यक्ष के इस बयान की देश के राजनीतिक क्षेत्रों में अच्छी खासी चर्चा है और कथन को लेकर मौजूदा और भविष्य के कयासों पर अटकलें तेज है। भाजपाध्यक्ष के इस बयान से संघ स्वयं वाली विस्मित है तथा अब वह अपनी अगली रणनीति को लेकर सजग व सक्रिय हो गया है, संघ प्रमुख केरल के पलक्कड में सम्पन्न इस सम्मेलन के बाद काफी चिंतित और सक्रिय हो गए है, उन्होंने पिछले कुछ दिनों में अपने विश्वस्तों के साथ कई बार गंभीर मंत्रणाएं भी की है।

अब भाजपाध्यक्ष जगतप्रकाश नड्ड़ा के इस तल्खी भरे बयन के राजनीतिक क्षेत्रों में कई अर्थ निकाले जा रहे है, संघ इस बात को लेकर चिंतित है कि प्रधानमंत्री की मौन स्वीकृति के बिना नड्ड़ा जी ऐसा बयान दे नही सकते और मोदी जी की संघ के प्रति यह मुद्रा क्यों है? यह किसी के भी समझ में नही आ रहा है। भाजपाध्यक्ष ने यह बयान संघ के करीब दस दिन पहले केरल के पलक्कड़ शहर में हुए सम्मेलन में दिया था, बयान तिथि से अब तक के दस दिन के समय में भाजपाध्यक्ष के इस बयान की काफी राजनीतिक सर्जरी हो चुकी है और वह अभी भी जारी है, इस कारण भाजपा और संघ दोनों में ही खलबली मची हुई है।

अब ऐसे मौके पर राजनीतिक प्रेक्षकों को मोदी का राजनीतिक इतिहास याद आ रहा है, जब मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए दंगों के बाद अटल जी का सार्वजनिक रूप से मोदी से की गई तल्खी भरी बातचीत और मोदी की दो टूक सफाई इसके साथ ही मुख्यमंत्री के रूप में मोदी के इस समय हुए दिल्ली दौरों और अटल-अड़वानी की तत्कालीन राजनीतिक भूमिका व मोदी के प्रति बर्ताव भी इन दिनों राजनीतिक क्षेत्रों में समीक्षा का विषय बना हुआ है और आज प्रधानमंत्री की संघ के प्रति तल्खी को उसी संदर्भ में जांचा परखा जो निकलेगें वे सार्वजनिक हो पाएगें या नही? यह तो फिलहाल कहना मुश्किल है, किंतु यह सही है कि इन परिणामों की प्रतीक्षा सभी को है, संघ को भी और मोदी खेमें को भी।

हाँ, तो चर्चा का मुख्य विषय संघ की मौजूदा स्थिति, उसका भाजपा पर असर और दोनों की भावी रणनीति है, अब यहां मौजूदा स्थिति को देखकर यह कहना भी गलत नही होगा कि मोदी और उनकी टोली को संघ की कोई चिंता नही है और यही संघ की चिंता का भी मुख्य कारण है और भाजपाध्यक्ष के स्पष्ट बयान ने तो स्थिति को और भी साफ कर दिया है, अब यदि संघ को अपने आपका अस्तित्व कायम रखना है तो उसे बिना किसी से सहयोग की अपेक्षा रखे खुद को ही इस दिशा में प्रयास करना पड़ेगें और अब यह भी स्पष्ट हो चुका है कि संघ को मोदी से किसी भी प्रकार के सहयोग या आदर भाव की अपेक्षा भी करना बंद कर देना चाहिए, क्योंकि सत्ता के गुरूर में डूबी भाजपा व उसके नेता कई बार संघ को इसी तरह के संकेत दे चुके है, इसलिए अपनी अस्मिता कायम रखने के लिए संघ को ही प्रयास जारी रखना होगें, उसकी मद्द के लिए कोई साथ नही आएगा। अब इस सामयिक चेतावनी को संघ समय रहते समझ ले तो ठीक है, वर्ना मोदी का तो अभी करीब-करीब पूरा ही तीसरा कार्यकाल बाकी है।

# भेड़ियों का आतंकः दहशत की वजह तलाशनी जरूरी



अजय प्रताप तिवारी



घटते जंगल बढ़ती आबादी से न सिर्फ इंसानी जीवन पर दबाव बढ़ रहा है, बल्कि पशु-पक्षियों के आश्रय स्थल और भोजन पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। विकास की अंधी होड़ में जंगलों की अंधाधुंध कटाई से जंगली जानवरों के भोजन और मूल निवास सिकुड़ रहे हैं। जंगली जानवरों की मूल प्रवृत्ति में भी बदलाव हो रहा है। भूख और मूल निवास के संकट से जंगली जानवरों में आक्रामकता पहले की अपेक्षा अधिक बढ़ी है। भूख-प्यास से व्याकुल जंगली जानवर शहर-गांवों का रुख करने लगे हैं। पिछले कुछ वर्षों में जंगली जानवरों का आतंक शहर-गांव-देहात में ज्यादा देखने को मिला है। इन दिनों उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में भेड़ियों ने आतंक मचा रखा है। भेड़ियों के हमलों में अब तक दस लोगों की जान जा चुकी हैं, और करीब तीस लोग घायल हुए हैं। भेड़ियों की दहशत का प्रदेश में यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी जंगली जानवरों का तांडव रहा है। भेड़ियों के आतंक से निजात पाने के लिएराज्य सरकार ने उन्हें मारने का आदेश जारी किया है। मजे की बात यह है कि मनुष्यों की जान पर संकट बने भेड़ियों का वजूद खुद खत्म होने के कगार पर है। उनके देश में विलुप्त होने का खतरा बाघ से ज्यादा है। पशुओं के शोधकताओं और विशेषज्ञों का मानना है कि जंगली जानवरों में सबसे ज्यादा शमीर्ला जानवर भेड़िया ही है। ये जल्दी मनुष्यों के संपर्क में नहीं आते और न ही इंसानों पर हमला करते हैं। शमीर्ली प्रवृत्ति होने के बावजूद भेड़िये इंसानों को क्यों अपना शिकार बना रहे हैं? जंगली जानवर भेड़िया या कोई अन्य जानवर मनुष्यों को बेवजह परेशान नहीं करते। उत्तर प्रदेश का जिला बहराइच तराई का हिस्सा है, जो दक्षिणी नेपाल और उत्तरी भारत की सीमा पर फैली दलदली निचली भूमि का हिस्सा है। यहां बरसात में बाढ़ का खतरा बना रहता है। कोई भी जंगली जानवर किसी कारण से मूल प्राकृतिक वास को छोड़ता। भोजन की कमी होती है तब जंगली जानवर भोजन और सुरक्षित वास की तलाश में शहर-कस्बों की ओर बढ़ते हैं। ऐसे में मांसभक्षी जानवर पालतू पशुओं या मनुष्यों को अपना शिकार बनाते हैं। जो शाकाहारी पशु होते हैं, वे भी फसलों पर धावा बोलने में पीछे नहीं रहते।

विशेषज्ञ मानते हैं कि भेड़ियों, कुत्तों या कुछ अन्य जानवरों में खास किस्म की प्रवृत्ति होती है। वह यह कि यदि उन्हें एक बार इंसान का खून लग गया तो वे उसके आदी हो जाते हैं। यही वजह है कि बहराइच में भेड़िये मनुष्यों को अपना शिकार बना रहे हैं। उनका तांडव भले ही बहराइच में हो, लेकिन इस घटना से पूरा देश सहमा हुआ है। भेड़ियों पर काबू पाने के लिए शासन-प्रशासन कोशिशों में जुटे हैं, फिर भी भेड़िये मनुष्यों का शिकार करने से बाज नहीं आ रहे।

भारत में भेड़िया विलुप्त होते वन्यजीवों की श्रेणी में आते हैं। इसलिए देश में इनकी संख्या काफी सीमित है। यह भी हो सकता है कि नेपाल से भोजन या निवास की तलाश में अथवा अन्य वजहों से बहराइच में भेड़िये अपना ठिकाना बना रहे हों। कुछ भी हो लेकिन भेड़ियों के बढ़ते हमलों से देश-प्रदेश के समक्ष चुनौतियां और कई सवाल खड़े हो गए हैं। भेड़िया या अन्य जंगली जानवरों में इंसानों के प्रति प्राणघाती हमलों की प्रवृत्ति क्यों बढ़ रही है? इंसान की आहट से दूर रहने वाले जानवर इंसानों को आहार क्यों बना रहे हैं? क्या जलवायु परिवर्तन से जंगली जानवरों की मूल प्रवृत्ति में बदलाव आ रहा है? क्या कारण हो सकता है जिससे जंगली जानवरों को मनुष्यों पर हमला करना पड़ रहा है। सरकारें मानव बस्तियों के विस्तार और शहरीकरण को बढ़ावा देने के लिए जंगलों को बेतहाशा कटवा रही हैं। मनुष्यों के विकास पर ध्यान दिया जा रहा है, लेकिन जंगली जानवरों के प्राकृतिक आवास की अनदेखी करके। जंगलों की अंधाधुंध कटाई और बढ़ते शहरीकरण से जानवरों के प्राकृतिक आवास सिकुड़ रहे हैं। यह समस्या इंसानों के लिए न केवल घातक सिद्ध हो रही है, बल्कि जानवरों के अस्तित्व पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

हाल में एक अध्ययन से पता चला है कि आने वाले कुछ वर्षों में मानव जनसंख्या वृद्धि के चलते आधे से ज्यादा जानवरों के रहने वाले क्षेत्रों में मनुष्य का कब्जा होगा। स्पष्ट है कि जंगली जानवरों और मनुष्यों के बीच संघर्ष बढ़ जाएगा। दोनों अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ेंगे। जंगली जानवरों की बढ़ती दहशत जटिल समस्या है, इसके निदान के लिए समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है। सरकार को जंगलों के संरक्षण और जंगली जानवरों के पुनर्वास पर ध्यान देना चाहिए। जंगलों और मानव बस्तियों के बीच स्पष्ट सीमा का निर्धारण करना चाहिए। यह न केवल मानव सुरक्षा का मामला है, बल्कि वन्यजीव संरक्षण का भी मुद्दा है। उचित समय पर ठोस रणनीति के साथ कदम नहीं उठाए गए तो समस्या और भी गंभीर हो सकती है, जिससे न केवल जंगली जानवरों की संख्या में कमी आएगी, बल्कि मानव जीवन पर भी संकट बढ़ जाएगा। इंसानी जीवन की सुरक्षा के साथ ही जंगली जानवरों की सुरक्षा के इंतजाम भी होने चाहिए। पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए वन्यजीवों के साथ मानव का शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व सुनिश्चित कर-के ही समस्या का स्थायी समाधान किया जा सकता है।

## एक नजर

### स्वरोजगार के लिए पशुपालकों को दिया गया पशुपालन का दो दिवसीय प्रशिक्षण

**खूंटी** : लीड्स और डब्ल्यूएचएच की प्रवासी मजदूर परियोजना के अंतर्गत मुरहू के सूटी गांव में स्वरोजगार के लिए 50 ग्रामीणों का पशुपालन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को पशुओं की सही देखभाल, खान-पान, आवास, बीमारियों और दवाओं के साथ ही सरकार की योजनाएं जैसे बकरी पालन, मुर्गी पालन, गाय पालन और इनमें मिलने वाली सब्सिडी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान जेएसएलपीएस के पशुपालन ट्रैनर दुर्गा साहू के द्वारा 60 बकरियों का टीकाकरण भी किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे बिनोद कुमार राम और ग्रेस तीडू की भूमिका अहम रही। बताया गया कि आगे भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम मुरहू के अलग अलग गांवों में करने की योजना है। ताकि पलायन पर रोक लग सके और लोग अपने घर के आसपास ही स्वरोजगार कर सकें।

### लोहरदगा पुलिस ने जनसमस्या समाधान शिविर लगाकर की सुनवाई

**लोहरदगा** : पुलिस विभाग की ओर से आज नया नगर भवन, लोहरदगा में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ दक्षिणी छोटानागपुर, रांची के डीआईजी अनुप बिरथरे ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में डीआईजी, दक्षिणी छोटानागपुर, रांची ने कहा कि कार्यक्रम में आमजनों की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी देख यहां आम जनता और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय का पता चलता है। पुलिस विभाग की ओर से सभी जिलों में आज जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आमजनों से शिकायत प्राप्त करना व उसकी सतत निगरानी करना, शिकायत को ट्रैक करना, हर शिकायत की समीक्षा करना, लोगों के बीच डायल 112 व 1930 जैसे नंबरों की जानकारी देना आदि है। डायल 112 पर डायल कर किसी भी प्रकार की समस्या को आप बिना थाना गये दर्ज करा सकते हैं। डायल 1930 पर साइबर क्राईम से संबंधित मामलों की शिकायत की जा सकती है। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम अंतर्गत 9470546635 पर भी आमजन अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। सरकार द्वारा आम लोगों के लिए इस कार्यक्रम की शुरूआत की गई है जो प्रत्येक माह आयोजित होता रहा है। प्रखण्ड और अनुमण्डल स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

### खूंटी में कार ने ऑटो को मारी टक्कर ऑटो चालक की मौत

**खूंटी** : खूंटी-रांची रोड पर फुदी गांव के पास मंगलवार अपराह्न लगभग चार बजे एक तेज रफ्तार अर्टिका कार ने एक ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ऑटो चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान खूंटी थानांतर्गत डुगडुगिया गांव के रामपाल प्रधान उर्फ बुधु प्रधान (40) के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद मौके से फरार हुए अर्टिका कार को पुलिस ने जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। दुर्घटना के संबंध में बताया गया कि मृतक ऑटो चालक बुधवार अपराह्न कालामाटी से फुदी की ओर आ रहा था, इसी क्रम में रांची की ओर से तेज रफ्तार में खूंटी की ओर आ रही अर्टिका कार ने उसके ऑटो को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना खूंटी थाना की पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क पर पड़े ऑटो चालक के शव को उठाकर अपने कब्जे में लिया।

# जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की हुई शुरुआत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)** : डीजीपी अनुराग गुप्ता की पहल पर आज से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस कार्यक्रम में झारखंड पुलिस 18 मुख्य मुद्दों पर लोगों की समस्या सुनकर उसका समाधान कर रही है। इस कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए 21 जिलों में आईजी और डीआईजी रैंक के अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है। वही मेदिनीनगर शहर के मेमोरियल हॉल में आईजी नरेंद्र कुमार सिंह,एसपी रीष्मा रमेशन, शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार के नेतृत्व में जन शिकायत समाधान के अंतर्गत लोगों की समस्याओं को सुना जा रहा है और लोगो के समस्या का समाधान भी किया जा रहा है। इन मुख्य मुद्दों पर पुलिस आम लोगों की सुनेगी समस्या और करेगी समाधान क्षेत्र से गुमशुदा



बच्चों के संबंध में जानकारी प्राप्त करना और मामला दर्ज करना। क्षेत्र में संचालित विभिन्न संस्थाओं में महिलाओं और छात्रों की सुरक्षा के संबंध में जानकारी प्राप्त करना। आम जनता को विक्टिम कंपनसेशन स्कीम के बारे में बताना। नये अपराधिक कानून और जीरो एफआईआर के बारे में जानकारी देना। आम जनता को डायल 112 के बारे में बताना। आम जनता को साइबर ठगी होने पर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराने के बारे में बताना। कमजोर वर्ग के नागरिकों के लिए घटनाओं की जांच पूर्ण करने और ऐसे संभावित घटनाओं की जानकारी प्राप्त करना। क्षेत्र में होने वाले अपराध, अपराधियों की सूचना, साइबर अपराध की घटना और अवैध रूप से नागरिकों से डिपोजिट प्राप्त करने वाली संस्था चीट-फंड की जानकारी प्राप्त करना। क्षेत्र में सामाजिक मुद्दों के संबंध में जानकारी प्राप्त करना, जिससे भविष्य में विधि व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। पुलिस थाना और संबंधित कर्मी होमगार्ड व चौकीदार का नागरिकों के साथ व्यवहार और शिकायतों पर उनके रिस्पॉन्स के संबंध में जानकारी प्राप्त करना। नये कोई विशेष मामले जो उस समय संज्ञान में लाये जायेंगे। ऐसे क्षेत्र जहां मानव तस्करी की घटना घटती है, वहां पर विशेष रूप से मानव तस्करी के पीड़ित के बारे में जानकारी प्राप्त करना और इसमें संलिप्त अपराधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करना। ऐसे क्षेत्र जहां पर डायन प्रथा को लेकर अपराध होते हैं, वहां पर विशेष रूप से डायन से संबंधित अपराध के पीड़ित को आवश्यक सहायता देना और दोषियों पर कार्रवाई करना। ऐसे क्षेत्र जहां पर अफीम की खेती होती है, वहां की जानकारी प्राप्त करना। ऐसे क्षेत्र कहां ब्राउन शुगर की खपत हो रही है, उसकी बारे में और इसमें संलिप्त व्यक्ति की जानकारी जुटाना। ऐसे क्षेत्र (विशेष कर शहरी क्षेत्र) जहां रात में अड्डाबाजी आदि होती है, उसे चिन्हित करने का प्रयास करेंगे। साथ ही किसके द्वारा अड्डेबाजी हो रही है यह जानकारी प्राप्त करेंगे और उसको कैसे रोका जाये इस पर काम करेंगे। डीएसपी या उसके ऊपर स्तर के पदाधिकारी विशेष रूप से उन शिकायतों पर भी ध्यान देंगे। जहां पर अनुसंधानकर्ता ने किसी निर्दोष व्यक्ति को फंसाने व किसी दोषी व्यक्ति को बचाने के लिए गलत अनुसंधान किया हो. ऐसे मामलों में सुनिश्चित करेंगे कि पुनः जांच हो और बाद में न्याय हो सके। संबंधित क्षेत्र में सुरक्षा उपाय यथा सीसीटीवी का लगाना, नागरिक सुरक्षा समिति का गठन के लिए प्रेरित करना।

## छतरपुर उच्च विद्यालय परिसर में हुआ पुलिस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

छतरपुर (पलामू): मंगलवार को छतरपुर के उच्च विद्यालय के मैदान में पुलिस जन शिकायत कार्यक्रम का जागरूकता अभियान के तहत शिविर लगाया गया। जिसका उद्घाटन छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी हीरा कुमार, डीसी एलआर विजय केरकेटा और छतरपुर अंचल के इंस्पेक्टर द्वारिका राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम के दौरान छतरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नौशाद आलम, छत्तरपुर बीडीओ आशीष कुमार साहू, पिपरा सीओ मनीष कुमार सिन्हा, हरिहरगंज सीओ जितेंद्र कुमार,प्रशिक्षु डीएसपी राजेश कुमार यादव कार्यक्रम के दौरान मौजूद रहे। कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा गया। समाचार लिखे जाने तक छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र से कल 57 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें लगभग 18 मामलों का त्वरित निष्पादन कर दिया गया। शेष आवेदन पर अति शीघ्र कार्रवाई कर मामले का निपटारा किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के दौरान छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमित द्विवेदी, पिपरा थाना प्रभारी विमल कुमार, हरिहरगंज थाना प्रभारी चंदन कुमार, छतरपुर महिला थाना प्रभारी मुन्नी कुमारी समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने निकाला मशाल जुलूस, झारखंड बंद आज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)** : झारखण्ड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर मंगलवार को पलामू जिला मुख्यालय मेदनीनगर में आन्दोलनकारियो का जोरदार मशाल जुलूस निकाला। काफी संख्या में झारखंड आंदोलनकारी हाथों में मशाल और झंडा लिए अपने मांगो के समर्थन में जोशपूर्ण नारा लगा रहे थे। जेल जाने की बाध्यता समाप्त कर सभी आन्दोलनकारी को मान सम्मान व स्वाभिमान की रक्षा करो। सभी आन्दोलनकारी को सम्मान राशी 50-50 हजार पेन्शन दो, आन्दोलनकारीयो के आश्रितों को नियोजन में आरक्षण दो, आन्दोलनकारीयो को स्वतंत्रता सेनानियों जैसा सभी सुविधाएं मुहैया कराओ, समता जजमेंट लागू कर तमाम प्राकृतिक संपदाओं पर 26 प्रतिशत अधिकार दो, जल जंगल जमीन पर झारखण्डी जनता का अधिकार दो। आन्दोलनकारीयो के



आश्रितों को शिक्षा चिकित्सा की निशुल्क गारंटी करो, ईन्डिया गठबन्धन की हेमंत सोरेन सरकार मुदार्बाद, झारखण्ड मे लुट बंद करो, प्राकृतिक संसाधनों का दोहन बंद करो, आन्दोलनकारी के नकली बंशज हेमंत सोरेन सरकार मुदार्बाद। कल झारखण्ड बंद रहेगा आदि नारों के दुकानदारों बाहन चालकों व मालिकों से बंद का समर्थन करने का आह्वान कर रहे थे। मशाल जुलूस अम्बेडकर छात्रावास से निकल कर रेडमा चौक कचहरी चौक होते राजेन्द्र चौक छमुहान पर समाप्त हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व झारखण्ड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार, प्रमंडलीय अध्यक्ष बिकेश शुक्ला, बरिष्ट नेता प्रमोद सोनी, भर्दुल भईया प्रदीप कुमार सिन्हा, देवेंद्र कुमार, जगनारायन मेहता, नलिन चन्द्र कुमार, दाउद केरकेट्टा, संजय गुप्ता, लव तिवारी, सुलेमान अंसारी, दिना टोप्पो, नलिन चन्द्र कुमार, वृज नन्दन मेहता, अशोक पाल, मुन्द्रीका सिह, बिराम सिह, बिलंगना किंडो, राम नरेश ठाकुर, मनोज कुमार सिह, रिता देवी, श्याम लाल सिह, धरनीधर सिह, आशा देवी, पृथ्वी मेहता, महताब उल्ला, तुलसी शुक्ला, गोपाल राम, अयोध्या राम, शंखनाथ सिह समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

## पलामू में नक्सलियों ने अवैध कब्जे के आरोप में ठेकेदार को पीटकर किया अधमरा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू** : जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के घाघरा गांव में बीती रात टीपीसी नक्सलियों ने 60 वर्षीय ग्रामीण सह ठीकेदार राम प्रसाद यादव पर जानलेवा हमला किया। नक्सलियों ने उन्हें घर से अगवा कर बगल के जंगल में ले जाकर लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा। इस हिंसक हमले में प्रसाद यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका दायां हाथ एवं बायां पैर टूट गया है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमआरएमसीएच) रेफर कर दिया गया, जहां उनकी स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है। सूत्रों के अनुसार, यह हमला नक्सलियों द्वारा राम प्रसाद यादव पर सरकारी सामुदायिक भवन पर अवैध कब्जा हटाने की पुरानी मांग को लेकर किया गया। इससे पहले भी तीन महीने पहले टीपीसी उग्रवादियों ने राम प्रसाद यादव को इसी मुद्दे पर चेतावनी देते हुए पीटा था, परंतु कब्जा न हटाने के चलते नक्सलियों ने एक बार फिर उन पर हमला किया। घायल प्रसाद यादव ने कहा कि हमलावर 5-6 नक्सली थे, जिन्होंने उन्हें बंधक बनाकर जंगल में ले जाकर मारपीट की। जब उनकी पत्नी ने इसका विरोध किया तो उसे भी थप्पड़ मारा गया। इधर, एमआरएमसीएच में इलाज के दौरान राम प्रसाद ने जानकारी दी की वर्ष 2023 में गांव में ही 15 लाख की लागत से तालाब का निर्माण कराया था। इसमें 5 प्रतिशत पीसी की मांग की जा रही थी। इलाके में अब नक्सली नहीं हैं। ऐसे में धमकी को नजरअंदाज किया गया। इसी बीच अचानक उसके घर पर नक्सली पहुंचे और उसे पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। उन्होंने कहा कि पिटाई करने वालों की पहचान नहीं कर पाए। इस घटना से उनका परिवार दहशत में है और सुरक्षा को लेकर चिंतित है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सुरक्षा की मांग की है।

## चतरा पुलिस के जन शिकायत समाधान शिविर में सुलझे 14 मामले



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चतरा** : आम लोगों के समस्याओं के समाधान को लेकर इन दिनों झारखंड पुलिस चतरा जिले के विभिन्न प्रखंडों में शिविर आयोजित कर आए मामलों का निष्पादन कर रही है। पुलिस द्वारा मंगलवार को टंडवा थाना के राहम मे जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में 14 मामले सुलझाये गये, जिसका नेतृत्व डीएसपी प्रभात रंजन बरवार ने किया। जिले में जन शिकायत समाधान को लेकर गांव के लोगों को न तो थाना जाना पड़ रहा है और न ही अंचल कार्यालय। बताया गया कि जनहित कार्यक्रम में घरेलू हिंसा और जमीन विवाद के ज्यादा मामले आये। डीएसपी और अंचलाधिकारी ने इस कार्यक्रम के उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला। प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न हिस्से से काफी संख्या में लोगों ने लिया भाग लेकर अपनी अपनी समस्याओं को पदाधिकारियों के सामने रखा। मौके पर पुलिस पदाधिकारी प्रभात रंजन बरवार ने लोगो को कानूनी जानकारी भी दी। साथ ही निःसंकोच अपनी अपनी समस्याओं को रखने की अपील की। जन शिकायत शिविर में सीओ विजय दास, थाना प्रभारी अनिल उरांव, पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा, पीएलवी टिकेश्वर साव, मुखिया विश्वजीत उरांव समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## 1980-82 में बने पुल का आज तक रिपेयर नहीं, बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा क्षतिग्रस्त पुल : कौशल किशोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)** : पांकी आसेहार मेन रोड में शिव मंदिर के समीप स्थित पुल लगभग 45-50 वर्ष पूर्व निर्माण हुआ था ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुल का निर्माण 1980-82 ईस्वी में हुआ था उसी पुल के सहारे दर्जनों गांव के लोग प्रतिदिन मेदिनीनगर मुख्यालय के लिए जाते हैं सैकड़ों गाड़ियां प्रतिदिन पुल से पार होकर गुजरती हैं माइंस वाला क्षेत्र होने की वजह से दर्जनों भारी वाहन का परिचालन प्रतिदिन होते रहता है इस बार की तेज बारीश ने पुल



को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है कभी भी पुल टूट कर गिरने की संभावना है अगर समय रहते प्रशासन सचेत नहीं होती है तो बड़ी घटना होने की संभावना है आप नेता कौशल किशोर बचन व स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि इस पर जल्द संज्ञान लेकर कोई उचित कदम उठाया जाए वही आप नेता ने कहा कि किसी भी तरह की अप्रिय घटना की जिम्मेवारी झारखंड सरकार व पलामू प्रशासन की होगी क्षेत्रीय विधायक सिर्फ हल्ला मचाते चल रहें हैं क्षेत्र में कहा कहा सड़क पुल पुलिया खराब है ये उनको पता भी नहीं होगा क्यूँ की वे क्षेत्रों में घूमते कम हल्ला ज्यादा मचाते हैं और पुर्व विधायक को तो ये पता भी नहीं है कि वे सरकार में भी हैं उन्हीं की पार्टी की गठबंधन की सरकार है कभी भी एक बार पांकी विधानसभा की जनता की मुद्दा या पांकी विधानसभा की समस्या को सरकार या सरकार की मंत्री के पास रखे होंगे आज चुनाव नजदीक आते ही सभी को पांकी विधानसभा की जनता की याद आने लगी।

## संक्षिप्त खबरें

### चोरी कांड के पीड़ित परिवारों ने जनसुनवाई निवारण में मांगा न्याय

**मेदिनीनगर (पलामू)** : झारखंड के पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जिला मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई निवारण कार्यक्रम में चोरी कांड के पिड़ित परिवारों ने प्रशासन के समक्ष न्याय की गुहार लगाई है। पिछले ढाई माह से एक गिरोह ने झारखंड पुलिस के नाक में दम कर रखा था। लगातार पलामू समेत कई जिलों में घर का खिड़की तोड़कर चोरी की दर्जनों वारदात को अंजाम देकर करोड़ों रुपए के जेवरात पर हाथ साफ किया। हालांकि पलामू पुलिस चोर गिरोह का पदार्फाश करने में सफल तो हुई परंतु चोरी के करोड़ों रुपए के जेवरात जब्त करने में नाकाम साबित हुई है। जिसके उपरांत जीवन की गाढ़ी कमाई के चोरी होने से परेशान पीड़ित परिवारों ने पुलिस के हर दरवाजे गुहार लगा रहे हैं। जनसुनवाई निवारण कार्यक्रम में भी पीड़ित परिवारों के सदस्यों ने एक साथ पुलिस को चोरी की सामग्री बरामद कर उन्हें वापस करने की मांग की है। पुलिस को दिए गए आवेदन में पुलिस की कार्यशैली पर भी पीड़ितों ने सवाल उठाए हैं। जिसमें चोरों की स्वीकारोक्ति बयान का प्रमाण, भौतिक सत्यापन कराने, आरोपी सोनार का पकड़ने एवं सामग्री जब्त कर वापस दिलाने पर बल दिया है। मौके पर पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने इस दिशा में कारवाई किए जाने की जानकारी दी। साथ जल्द रिकवरी करने का भरोसा भी दिया है। हालांकि पीड़ितों ने आश्वासन मिलने पर हर बार की तरह असंतोष जाहिर किया है। मौके पर श्यामा कुमारी, रौशन तिवारी, रामानंद पाठक समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की सरकार बनना तय : ह्रदयानंद मिश्र

**मेदिनीनगर (पलामू)** : वरिष्ठ अधिवक्ता तथा वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार के प्रमुख घटक दल कौंग्रेस हिन्दू न्यास बोर्ड के सदस्य ह्रदयानंद मिश्रा ने वकीलों के हित में किए गए पेन्शन तथा बीमा के निर्णय पर काफी प्रसन्नता व्यक्त की है। एक समय था, जिस वकील का वकालत नहीं चलता था उसके निधन पर कफन के लाले पडते थे।राज्य सरकार के ताजा निर्णय से 65 साल के बाद बार एसोसिएशन से अवकाश ग्रहण करने पर प्रतिमाह 14000 की पेंशन फिक्स की है।वही युवा अधिवक्ताओ को भी प्रोत्साहन राशि 1000 से बढा कर 5000करने का निर्णय लिया है जो स्वागत योग्य है। अलग राज होने के बाद किसी सरकार ने वकीलों की स्थिति पर गौर नहीं किया था लेकिन झारखंड की इंडिया गठबंधन की हेमंत सोरेन की सरकार वकीलों के दुखते रग पर हाथ रख दिया है। वकालत की पेसाआगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार बनना तय - ह्रदयानंद मिश्र के प्रति भी अब युवाओ मे आकर्षण बढेगा। इस पेसे में लोग आना नहीं चाहते थे। लेकिन सरकार के इस निर्णय से वकालत के पेसे के प्रति युआओं में सरकार के इस फैसले से रूझान बढेगी। हेमंत सोरेन की वर्तमान सरकार सफलतापूर्वक गैर भाजपा सरकार अपना कार्यकाल पूरा किया है और आने वाले विधान सभा चुनाव 24 मे इंडिया गठबंधन की पूर्ण बहुमत की सरकार बनना तय है।

### सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति हाउसिंग कॉलोनी की गठित हुई नयी समिति

**मेदिनीनगर (पलामू)** : सार्वजनिक दुर्गा पूजा की बैठक दुर्गा मंडप हाउसिंग कॉलोनी के प्रांगण में की गई जिसमें पुरानी समिति को भंग कर नई समिति बनाई गई। जिसमें बैठक का संचालन मुकेश सिन्हा ने की जिसमे सभी के सर्वसहमति से



अध्यक्ष जय प्रकाश शुक्ला, उपाध्यक्ष संजीव तिवारी, आशीष श्रीवास्तव, सचिव राजन मेहता, कोषाध्यक्ष राहुल सोनी, सुजीत गिरी, उपसचिव जय कुमार, राहुल सिन्हा, जबकि समिति के संरक्षक - रजनीश सिंह, संतोष कुमार, रामशरण कुमार, दिवाकर शुक्ला, राहुल मिश्रा, विवेक चौबे मुकेश सिन्हा जी को बनाया गया। सभी समिति के नव नियुक्त पदाधिकारीयो ने कहा कि इस वर्ष बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। साथ ही इसबार आकर्षण का केंद्र भव्य पंडाल रहेगा। इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित बिट्टू यादव, अभिनव कुमार, दीपक कुमार छोटू तिवारी, सतेंद्र चौधरी, हैंसी चौबे इत्यादि लोग उपस्थित हुए।

### पितृशोक पर जिप उपाध्यक्ष के घर पहुंचे जेएमएम नेता



**मेदिनीनगर (पलामू)** : झामुमो नेता दीपक तिवारी एवं अविनाश देव ने जिला परिषद उपाध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के दिग्गज झामुमो नेता आलोक कुमार सिंह के घर पहुंच कर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। इस दौरान उनके पैतृक आवास महुअरी में मुलाकात कर पिता के निधन पर संवेदना व्यक्त की। मौके पर झामुमो नेता ने बताया कि पिता का साया पुत्र के लिए छत के समान होता है। जिनकी मौजूदगी मात्र से ही पुत्र सुरक्षित एवं सबल महसूस करता है। पिता के जाने का गम ज्ञात है। इसकी भरपाई नहीं की जा सकती है। वहीं संगठन में युवा नेतृत्व की एकजुटता का प्रमाण देते हुए दीपक तिवारी एवं अविनाश देव ने आलोक सिंह उर्फ टूटू सिंह को हर वक्त साथ खड़ा रहने का भरोसा दिया। उन्होंने बताया कि संगठन एक परिवार है, परिवार के किसी भी सदस्य के दुख पर पूरा संगठन साथ खड़ा होता है। हुसैनाबाद हो या पलामू का कोई हिस्सा झामुमो परिवार एक-दुसरे के सुख दुख में साथ निभाने के लिए तत्पर है।

### चेरो जनजातीय महासंघ की हुई बैठक



**मेदिनीनगर (पलामू)** : मेदिनीनगर प्रखण्ड के सुआ पंचायत सचिवालय में चेरो जनजातिय महासंघ पलामू जिला इकाई द्वारा सदर प्रखंड कमिटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ राजा मेदिनीराय को पुष्प अर्पित कर की गई। सदर प्रखंड समिति का गठन किया गया। नव चयनित पदाधिकारियों फुल माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष उपाध्या सिंह व संचालन ह्रदया सिंह चेरो ने किया। बैठक में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह, चेरो समाज के मार्गदर्शक भरदुल सिंह, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी ह्रदया सिंह चेरो, जिला पार्षद बासो देवी, मेदिनीनगर उप प्रमुख शीतल सिंह चेरो, सुआ मुखिया दुलारी देवी, मेदिनीनगर प्रखंड के दिनेश कुमार सिंह, अजीत सिंह, उमेश कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, मानदेव सिंह, नर्वदेश्वर सिंह, राजमणि देवी, अनिता देवी, मीणा देवी, रौशन सिंह समेत कई लोग शामिल थे। मौके पर झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने अपने समाज को एकजुट करने के लिए अपील की। कहा कि सभी के समन्वय से ही चेरो समाज का उत्थान व विकास होगा। इसके लिए सभी को सामूहिक प्रयास करने की जरूरत है। मौके पर जिलाध्यक्ष उपाध्या सिंह चेरो ने समाज को जागरूक के लिए प्रखंड पंचायत से लेकर सभी के घरों से लोगों को जोड़ने पर जोर दिया। कहा कि शिक्षा से ही चेरो समाज का अपेक्षित विकास होगा।

## एक नजर

### बहुचर्चित पत्थर व्यवसायी की बहू की हत्या का मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार




**साहिबगंज:** जिला बोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बोरियों थाना के बगल में बहुचर्चित पत्थर व्यवसाय के बहू के हत्या के मुख्य अभियुक्त जो की लगभग एक डेढ़ महीने से फरार चल रहे थे आज महिला के परिजन ने पुलिस द्वारा आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में आवेदन देकर करवाई करने का गुहार लगाया था। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए रोहित कुमार को पार्क रोड से गिरफ्तार कर लिया गया है। यह भी मीडिया समुदाय में चर्चा चल रहा है कि आज जब आईजी साहिबगंज में है तो अभियुक्त कुछ घंटे में गिरफ्तार हो जाता है वरना एक डेढ़ महीने से पुलिस केवल ढूंढते रहती है।

### गोड्डा में पुलिस के आला अधिकारियों ने की जनसुनवाई

**गोड्डा:** राज्य सरकार के निदेर्शानुसार जिले में पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में मंगलवार को लोक शिकायत निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एंटी करप्शन ब्यूरो के पुलिस उपमहानिरीक्षक शैलेन्द्र बरणवाल के नेतृत्व में पुलिस कप्तान अनिमेष नैथानी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जे. पी. एन. चौधरी कार्यक्रम के शिविर में उपस्थित थे। पुलिस पर आम जनता का भरोसा बढ़ाना इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य बताया गया, जहां उनकी विभिन्न समस्याओं का समाधान ऑन द स्पॉट किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में इस अवसर पर दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशेष रूप से आम जनता के पासपोर्ट से संबंधित समस्याओं, जमीनी मामलों और पारिवारिक शिकायतों का त्वरित निपटारा किया गया। एसीबी डीआईजी शैलेन्द्र बरणवाल और पुलिस कप्तान अनिमेष नैथानी ने इस कार्यक्रम में लोगों को अपने संबोधन में कहा कि आम लोगों की समस्याओं को एक दूसरे के बीच बैठकर समझने से जनता के साथ उनका सीधा संवाद स्थापित हो पाएगा। लोगों ने भी इस कार्यक्रम की सराहना की।

### मनोहरपुर के नाला में डूबने से चार साल की बच्ची की मौत

**चाईबासा :** मनोहरपुर थाना क्षेत्र की बाचमगुटु गांव स्थित एक नाला में डूबने से एक चार साल की बच्ची की मौत हो गई। बताया जाता है कि बाचमगुटु गांव निवासी शांति हेंब्रम अपनी चार साल की बेटी आरुषि को अपने साथ लेकर गांव स्थित नाले में कपड़ा धोने गई थी। नाले में कपड़ा धोने के दौरान शांति हेंब्रम की बेटी वहां मौजूद अन्य बच्चों के साथ खेलने लगी। कपड़ा धोने के बाद शांति देवी अपनी बेटी को आसपास ढूंढने लगी लेकिन वह नहीं मिली। इसके बाद शांति ने नाले के समीप खेल रहे बच्चों से पूछताछ की तो बच्चों ने बताया कि इसी स्थान पर वह खेल रही थी और खेलते-खेलते वह कहीं गायब हो गई। इसके बाद शांति हेंब्रम ने इसकी जानकारी घरवालों को दी। घर वालों ने मौके पर पहुंचकर नाला में खोजबीन शुरू की तो आरुषि नाले में बेहोशी की हालत में डूबी हुई मिली। इसके बाद आरुषि के परिजन उसे लेकर मनोहरपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मनोहरपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची। घटना से क्षेत्र में शोक है।

# राज्यपाल ने ग्रामीणों से किया संवाद, परिसंपत्तियों का किया वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को साहिबगंज जिलान्तर्गत शिबू सोरेन कॉलेज, बिचपुरा के ऑडिटोरियम में ग्रामीणों के साथ संवाद किया। राज्यपाल ने संवाद करते हुए कहा कि हाल ही में उन्होंने इस राज्य में नई जिम्मेदारी संभाली है। राज्य के विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों को समझने और वहां के लोगों से संवाद करना आवश्यक है। इस संवाद से यह ज्ञात होता है कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का कार्यान्वयन किस प्रकार हो रहा है। इसके साथ संवाद के माध्यम से लोगों की समस्याओं और सुझावों को भी जानने का अवसर मिलता है। राज्यपाल ने कहा कि देश को आजादी मिले लंबे समय हो गए हैं और अब भी यह देखना महत्वपूर्ण है कि क्या सभी को सरकार के जरिये पर्याप्त सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने सरकार की प्रमुख योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत कई परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन दिए गए हैं। दूषित जल से होने वाली बीमारियों पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की समस्या अधिक गंभीर है और इसके समाधान के लिए सरकार जल जीवन मिशन के तहत निरंतर प्रयास कर रही है। राज्यपाल ने कहा कि आवास योजनाओं के लिए सरकार के पास पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं और आवास निर्माण का कार्य भी तेजी से हो रहा है। आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपये तक की स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं और इस योजना से लाभान्वित लोगों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। इसके अलावा उन्होंने दिव्यांग और वृद्धा पेंशन योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त करने की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली। राज्यपाल के समक्ष स्वंय सहायता समूह की एक सदस्य ने बताया कि उनके समूह में लगभग 300 महिलाएं जुड़ी हुई हैं, जो खेती के साथ-साथ विभिन्न अन्य कार्यों में संलग्न हैं। इन समूहों की महिलाएं किराना दुकान, श्रृंगार सामग्री, पत्तल और पापड़ बनाने, मल्टीग्रेन आटा, अचार बनाने, और सिलाई जैसे कार्यों से प्रतिमाह लगभग 10,000 रुपये की आय अर्जित कर रही हैं। राज्यपाल ने इन महिलाओं के आत्मनिर्भरता के प्रयासों की सराहना की और कहा कि वे अपने परिवार का भरण-पोषण करते हुए समाज के लिए एक प्रेरणा हैं। समूह की एक और सदस्य ने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ भी लोगों को मिल रहा है, और बैंक से फर्स्ट और सेकंड लिंकेज के तहत भी सहायता प्राप्त हो रही है। एक अन्य व्यक्ति ने पहाड़िया जनजातियों के लिए चल रही मशरूम योजना के सफल होने की जानकारी दी और बताया कि रिटेल आउटलेट के माध्यम से लोगों को इसका और अधिक लाभ मिलने की संभावना है। इस दौरान राज्यपाल ने लाभुकों के मध्य परिसंपत्तियों का वितरण भी किया।

## गांधी मैदान का गेट गिरने से बच्चे की मौत, परिजनों ने किया प्रदर्शन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**दुमका :** शहर के गांधी मैदान में एक दुखद हादसा सामने आया है, जहां मैदान का जर्जर गेट गिरने से 12 वर्षीय आशीष रजक की दबने से मौत हो गई। आशीष और उसके दो अन्य साथी गेट के समीप खेल रहे थे, जब यह हादसा हुआ। घटना के दौरान आशीष गेट पर झूल रहा था, जिसके बाद गेट गिर पड़ा और उसकी गेट से दबकर मौत हो गई। आशीष गरीब परिवार से था और अपने माता-पिता का एकलौता पुत्र था। इस हादसे के बाद आक्रोशित परिजनों ने गांधी मैदान की सड़क को जाम कर विरोध-प्रदर्शन किया। परिजनों और स्थानीय लोगों ने नगर पालिका पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए गेट के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। गांधी मैदान का गेट लंबे समय से जर्जर अवस्था में था। वहीं, नगर पालिका के सहायक अभियंता संजीव उरांव ने बताया कि घटना की सूचना मिली है गांधी मैदान में कुछ दिन पूर्व रिनोवेशन का काम किया गया था लेकिन गेट का काम नगर पालिका के अंदर नही आता है आने वाले समय में उसको भी ठीक कराने की कोशिश करेंगे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वयस्क बीसीजी वैक्सीन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** तालझारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालझारी में मंगलवार को एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. मिलिंद राज के नेतृत्व में हुआ। राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत तालझारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एडल्ट बीसीजी प्रतिरक्षण अभियान का उद्घाटन डॉ. मिलिंद राज, बीपीएम बीजय राम, लेखापाल देवनारायण रविदास सहित अन्य ने संयुक्त रूप से वैक्सीन सिल डब्बे का फीता काटकर शुभारंभ किया। डॉ. मिलिंद राज ने कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से बताया। उन्होंने बताया कि तालझारी सीएचसी अंतर्गत कूल 2789 लोगों को एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन से आच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित है। सभी एडल्ट को बीसीजी वैक्सीन लेने के लिए प्रेरित करें। साथ ही कहा कि यह वैक्सीन टीबी रोग से बचाव के लिए है। उन्होंने किसे प्रतिरक्षित किया जाना है और किसे प्रतिरक्षित नहीं किया जाना है इसके बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बीसीजी प्रतिरक्षण हेतु सहमति प्रदान करने वाले 18 वर्ष से अधिक आयु वाले लोगों को प्रतिरक्षण किया जा सकता है। इसके अलावा 5 वर्ष पूर्व तक के टीबी रोग का उपचार ले चुके व्यक्ति, 3 वर्ष पूर्व तक के टीवी रोगी के संपर्क में रहने वाले व्यक्ति, धूम्रपान व शराब सेवन करने वाले व्यक्ति, कुपोषित व्यक्ति, मधुमेह अर्थात डायबिटीज से ग्रसित व्यक्ति, 60 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी व्यक्ति को प्रतिरक्षित किया जाना है। कार्यक्रम की शुरूआत में पहला टीका स्वास्थ्यकर्मी एएनएम मारिया क्रोटी मरांडी को लगाकर किया गया। यह कार्यक्रम दो माह तक चलेगा। मौके पर अमरेन्द्र कुमार, कुणाल हाँसदा, एएनएम सहित अन्य उपस्थित थे।

## भक्ति जागरण कार्यक्रम में विवाद में छह लोग चाकू लगने से हुए घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्याणचक रेलवे मैदान में आयोजित भक्ति जागरण कार्यक्रम में देर रात्री लगभग 1:30 बजे के आस पास विवाद में चाकू बाजी में छह लोग हुए घायल। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार कल्यानचक गणेश पूजा समिति के द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।इसी कार्यक्रम में थाना क्षेत्र के दलही के राजा मंडल अपने पांच छह साथियों के साथ भक्ति कार्यक्रम देख रहा था। कलाकार के द्वारा भक्ति गाना गाने के दौरान उसने हिंदी गाना गाने की डिमांड कर डाली। जिसपर समिति के लोगो द्वारा मना करने पर तू-तू मैं-मैं होने लगी। राजा मंडल, सुजन मंडल, आदित्य कुमार यादव, रजनिश यादव, ओम बासकी सहित और दो लोग मार पीट में सामिल था। इसी दौरान राजा मंडल चाकू निकालकर लगातार वार करते हुए विमल ठाकुर, अनुराग साह, राज साह, राहुल यादव, बादल शर्मा, सुमति यादव को चाकू लग जाता है। जिससे सभी घायल हो जाते है। वही मुख्य आरोपी राजा मंडल अपने साथियों के साथ घटना को अंजाम देकर फरार हो जाता है। मंगलवार की सुबह कमिटी के सदस्य व स्थानीय ग्रामीण उसे घर से पकड़ कर पुलिस के हवाले कर देते हैं।प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो राजा मंडल शराब पीकर अपने दोस्तों के साथ नशे में कार्यक्रम देखने पहुंचा था। परिजन आनन-फानन में सभी घायलों को राजमहल व साहिबगंज अस्पताल ले गए। राहुल यादव की स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही एसआई पंकज दुबे दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच छानबीन करते हुए मुख्य आरोपी को कब्जे में लिया।

## फर्जी तरीके से राशन कार्ड बनवा रहे मुर्शिदाबाद के राजमिस्त्री को ग्रामीणों ने पकड़ा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चाईबासा :** मनोहरपुर प्रखंड में फर्जी तरीके से राशन कार्ड बनवा रहे पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद निवासी राजमिस्त्री को ग्रामीणों ने मंगलवार को पकड़ा। बाद में ग्रामसभा कर ग्रामीणों ने राजमिस्त्री को तुरंत गांव छोड़ने का फरमान सुनाया है। मामला मनोहरपुर प्रखंड के जराइकेला थाना क्षेत्र के मकरंडा गांव का है। यहां मंगलवार की सुबह मकरंडा के एक प्रज्ञा सेंटर में फर्जी तरीके से राशन कार्ड में नाम इंट्री कराने वाले मुर्शिदाबाद के एक राजमिस्त्री मो. मोजीबुर रहमान को पकड़ लिया। इसके बाद मंगलवार की सुबह तुरंत ग्रामीणों ने मकरंडा के चबूतरा पर ग्राम मुंडा ममता भूमिज की अध्यक्षता में बैठक की। इसमें उसे अपने सभी फर्जी दस्तावेजों को बदल कर गांव छोड़ने को कहा गया है। जानकारी के अनुसार मो. मोजीबुर पिछले कुछ वर्षों से वहां राजमिस्त्री का काम कर रहा है। इसी दौरान उसने अपने साथ रेजा का काम करने वाली मकरंडा निवासी उर्मिला भूमिज के साथ विवाह कर लिया और उसके घर में ही रहने लगा। मो. मोजीबुर ने किसी तरह मकरंडा के पते पर आधारकार्ड बनवा लिया और अब सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के चक्कर में मंगलवार को सीएससी में राशन कार्ड बनवाने की फिराक में था। इसकी जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने तुरंत उसे पकड़ कर इसका विरोध किया और ग्राम सभा आयोजित की गई।

### जन शिकायत समाधान शिविर का हुआ आयोजन, दर्जनों मामलों का हुआ निष्पादन

## जन समस्याओं का समाधान हमारी पहली प्राथमिकता : एसडीपीओ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** पतना प्रखंड में झारखंड पुलिस द्वारा सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन 10 सितम्बर को किये जाने के निर्देश दिए गए थे, जिसके अनुरूप मंगलवार को पतना प्रखण्ड परिसर में बरहरवा अनुमंडल पुलिस अंतर्गत जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिस दौरान कार्यक्रम में बरहरवा थाना, रांगा थाना, कोटालपोखर थाना व बरहेट थाना क्षेत्रों से लोग अपने अपने समस्याओं के समाधान हेतु कार्यक्रम में शामिल हुए। तत्पश्चात अपने अपने थाना क्षेत्र के थाना प्रभारियों से मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया, कार्य्रक्रम को लेकर बरहरवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मंगल सिंह जमुदा ने बताया कि जन शिकायत समाधान शिविर कार्यक्रम के दौरान कुल 48 शिकायत दर्ज किया गया, जिसमें ज्यादा से ज्यादा मामलों का निष्पादन तत्काल कर लिया गया। जिन मामलों का तत्काल निष्पादन नहीं किया जा सका उन मामलों को लेकर थाना प्रभारियों व सम्बंधित पदाधिकारियों को छानबीन कर जांचोपरांत एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही के निर्देश दिए गए है। वहीं जिन मामलों का निपटारा अन्य विभागों जैसे प्रखण्ड बिकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी व नगर पंचायत से सम्बंधित है वैसे मामलों का प्रतिवेदन प्रखण्ड, अंचल, नगर पंचायत के पदाधिकारियों को समर्पित की जाएगी। सभी मामलों का निष्पादन समयबध्द तरीके से करने का प्रयास किया जाएगा।एसडीपीओ ने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान करना हमारी पहली प्राथमिकता है। झारखंड पुलिस द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन एक अनूठी पहल है जिससे आम लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पुलिस पदाधिकारियों से आपसी समनव्यव बनाते हुए समाधान कराने का मौका मिल रहा है,और लोगों में जागरूकता लाने का भी प्रयास किया जा रहा है ताकि लोग खुलकर अपनी समस्याओं को लेकर पुलिस के पास पहुँचे और उचित मापदंडों के आधार पर समय समाधान पा सके। मौके पर बरहरवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकरी मंगल सिंह जमुदा, बरहरवा प्रभाग के पुलिस निरीक्षक सधीर कुमार पोद्दार, बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह, रांगा थाना प्रभारी अखिलेश कुमार यादव, कोटालपोखर थाना प्रभारी ओमप्रकाश चौहान, बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार, पु.अ.नि कुमार गौरव, पु.अ.नि.अमित कच्छप, एएसआई रामानुज यादव, एएसआई वीणा कुमारी, एएसआई नेल्सन टोपनो दल बल के साथ सभी थानों के पदाधिकारीगण व सुरक्षा कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सरकार आपके द्वार शिविर में अबुआ आवास और मंईयां योजना के स्टॉल पर लगी भीड़



**पटमदा:** झारखंड सरकार द्वारा संचालित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के शिविर का आयोजन प्रखंड प्रशासन के द्वारा पटमदा प्रखंड के बिडरा और कुमीर पंचायत में शिविर लगाया गया।इस दौरान बिडरा पंचायत के शिविर में मुखिया काजल सिंह ने स्कूली बच्चों के बीच साईकिल और लाभुको के बीच परिसंपति का वितरण किया। कुमीर पंचायत में मुखिया दीपक कोड़ा ने लाभुको के बीच परिसंपति का वितरण किया। इधर बोड़ाम के रसिकनगर पंचायत के शिविर का शुभारंभ पंचायत की मुखिया अर्चना सिंह ने किया।शिविर में पहुंचे लाभुको के बीच विभिन्न विभागों के मिलने वाले योजनाओ के लाभ से संबंधित परिसंपतियो का वितरण किया। इस दौरान शिविर में काफी संख्या में ग्रामीण लाभुक शामिल हुए।

### खैरबनी गांव से ट्रांसफार्मर की हुई चोरी

**साहिबगंज:** जिला के तालझारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत खैरबनी गांव से रात को ट्रांसफार्मर की चोरी अज्ञात चोरों के द्वारा रात को 2:00 बजे चोरी कर ली गई। इसकी सूचना बिजली विभाग को ग्रामीण द्वारा सुबह में दी गई। सूचना मिलते ही बिजली विभाग के द्वारा घटनास्थल पर जाकर जांच किया गया। जांच के उपरांत पाया कि वास्तव में गांव से ट्रांसफार्मर की चोरी अज्ञात चोरों के द्वारा कर ली गई है। जिसकी कीमत लगभग 15000 रुपए बताया जा रहा है। बिजली विभाग के द्वारा लिखित रूप से आवेदन अज्ञात चोरों के खिलाफ तालझारी थाना में शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत मिलते ही तालझारी पुलिस छानबीन में जुट गई।

### थाना प्रभारी व सीओ ने जिला परिषद द्वारा संचालित भवन का किया निरीक्षण




**साहिबगंज:** जिला अंतर्गत बरहेट प्रखंड क्षेत्र के बरहेट बाजार स्थित जिला परिषद द्वारा संचालित किराया भवन का निरीक्षण देर शाम सोमवार को अंचलाधिकारी चोनाराम हेम्बरम, थाना प्रभारी पवन कुमार ने किया। निरीक्षण के क्रम में जिला परिषद भवन में संचालित किराये दर पर चल रहे भाड़े दुकान मालिक से कागजात मांग कि गई। इस दौरान सभी दुकानदार मालिको को पूर्व कि सभी प्रकार की कागजात दिखाने की बात कही। इस संबंध में सीओ ने कहा कि सभी दुकानदार को कागजात दिखाने की बात कही। कागजात नहीं दिखाने पर अवैध माना जाएगा, इसके बाद कार्रवाई की जाएगी। वहीं मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष राजाराम मरांडी, झामुमो मंडली संयोजक सुनिराम हंसदा,थाना प्रभारी पवन कुमार अन्य दुकानदार मौजूद थे।

### जंगली हाथी ने धान की फसल को किया नष्ट



**जमशेदपुर :** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र की सांड्रा पंचायत अंतर्गत धड़ागरी गांव में सोमवार की देर रात खेतों में लगी धान के पौधे को एक जंगली हाथी ने नष्ट कर दिया है। हाथी आने की सूचना पाकर गांव के लोगों ने वन विभाग के फॉरेस्ट गार्ड संतोष कुमार को इसकी जानकारी दी। वन विभाग की टीम ने तत्काल क्यूआरटी टीम के साथ धड़ागरी गांव पहुंचकर ग्रामीणों के साथ मिलकर हाथी को खदेड़ा। लेकिन उससे पहले हाथी द्वारा धड़ागरी गांव के किसान रमेश मुंडा, निमाई मुंडा, राम चन्द्र पातर,ज तिन पातर समेत अन्य कई किसानों के लगभग पांच बीघा खेतों में लगे धान की पौधे को नष्ट कर दिया गया था। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को कहा कि हम लोगों को पहले मोबिल और पटाखा दिया जाता था परंतु अब कुछ नहीं मिल रहा है। विभाग द्वारा हाथियों को भगाने के लिए मोबिल और पटाखा दिया जाए। जिस पर पहल करते हुए वन विभाग द्वारा मोबिल और पटाखा जल्द उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

### पीएम के दौरा को लेकर 40 सदस्यीय एसपीजी की टीम आज पहुंचेगी टाटानगर



**जमशेदपुर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 15 सितंबर आगमन को देखते हुए सारी तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। प्रधानमंत्री की सुरक्षा का प्रमुख हिस्सा एसपीजी का 40 सदस्यीय दल 11 सितंबर को जमशेदपुर पहुंच जाएगा। यहां आने के बाद टीम रेलवे एवं जिला प्रशासन की ओर से की गई तैयारियों का जायजा लेगी साथ ही अधिकारियों के साथ बैठक करेगी। एसपीजी की टीम को ठहराने की व्यवस्था सर्किट हाउस में की गई है। दूसरी ओर पीएम के कार्यक्रम को लेकर टाटानगर में चल रही तैयारियों का निरीक्षण करने मंगलवार को रेल जीएम एके मिश्रा अन्य अधिकारियों के साथ टाटानगर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने टाटानगर स्टेशन के साथ-साथ कार्यक्रम स्थल एवं अन्य बाहरी तैयारियों का निरीक्षण किया। 0.30 में स्टेशन पहुंचेंगे पीएम, टाटा-पटना वंदे भारत को हरी झंडी दिखाएंगे 15 सितंबर को प्रधानमंत्री सुबह के लगभग 10:30 बजे टाटानगर रेलवे स्टेशन से टाटा-पटना वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। साथ ही यहां से झारखंड के अन्य स्टेशनों से रवाना होने वाली वंदे भारत को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उक्त जानकारी दक्षिण पूर्व रेलवे के जीएम एके मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। 14 सितंबर तक सारी तैयारियां पूरी हो जाएंगी। कृषि मंत्रालय के कार्यक्रम में शामिल होंगे प्रधानमंत्री उन्होंने कहा कि टाटानगर रेलवे स्टेशन में कृषि मंत्रालय द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें प्रधानमंत्री शामिल होंगे और फिर जमशेदपुर में आयोजित अन्य कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे।

# 20 घर कटाव में बहे, बारिश से सड़क टूटी:नवहट्टा में लोगों की बढ़ी परेशानी

**बिहार।** सहरसा में कोशी नदी का कहर दिख रहा है। कई जगहों पर कटाव से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। फिलहाल सबसे ज्यादा तबाही नवहट्टा प्रखंड में सामने आई है। नवहट्टा प्रखंड अंतर्गत तटबंध के अंदर मुसहरी टोला के करीब 20 घर कटाव की चपेट में आ गए हैं। रसलपुर गांव में भीषण कटाव हो रहा है। ग्रामीण पेड़ काटकर कटाव रोकने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन कटाव इतना ज्यादा है कि रुक नहीं रहा है।
हालांकि जिला प्रशासन ने कटाव रोकने की कोशिश की है, लेकिन वो पर्याप्त साबित नहीं हो रहा है।
ग्रामीण मदन दास ने बताया कि 15 दिनों से कटाव जारी है। कोशी नदी उफान पर है। मुशहरी गांव का 20 घर कट गया है। अब हमलोगों के रसलपुर गांव का वार्ड-13 और वार्ड-14 कट रहा है। हमलोगों ने खुद से करीब 20 किलो रस्सा खरीदा है। पेड़ डाल कर नदी में



बैरिकेडिंग कर रहे हैं। लेकिन सरकारी राहत नहीं मिल रही है। कोई अधिकारी देखने के लिए नहीं आ रहा है। एक और ग्रामीण स्कलदेव यादव ने बताया कि हमलोगों के यहां 15 दिनों से कटाव हो रहा है, कोई देखने वाला नहीं है। न कोई सुनने वाला है। हम ग्रामीण लोग किसी तरह पेड़ काटकर कटाव की जगह पर दे रहे हैं। उससे बचाव नहीं हो पा रहा है।

**सत्तौर पंचायत में बारिश से कटी सड़क**

इधर कोशी नदी में बाढ़ आने से नवहट्टा प्रखंड के सत्तौर पंचायत के बिरजेन गांव में सड़क जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गई है। सड़क क्षतिग्रस्त होने से कभी भी लोग दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। बाढ़ पीड़ित ग्रामीण अपने स्तर से बोरा में मिट्टी भर



कर क्षतिग्रस्त सड़क को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। साथ में जिला प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं।
बतातें चले कि यह सड़क नोला, नारायणपुर, चंपा नगर, शीतली, रामनगर को जोड़ने वाली है। अगर विभाग के द्वारा इस रेन कट की मरम्मती नहीं होती है तो ग्रामीणों का प्रखंड कार्यालय और मुख्यालय से कभी भी संपर्क भंग हो सकता है। लोगों को आवागमन की काफी समस्या हो सकती है।
बाढ़ पीड़ित ग्रामीण बैजू कुमार ने बताया कि बारिश के पानी से और बाढ़ के पानी से पूरे रोड पर रेन कट हो गया है। कभी भी भारी दुर्घटना हो सकती है। यहां न तो कोई प्रशासन के लोग देखने आते हैं, न ही ठेकेदार लोग आते हैं। हमलोग अपने स्तर से बोरे में मिट्टी भरकर रेन कट की जगह पर दिए हैं।

# भोजपुर में जमीन विवाद को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को पीटा, कट्टा दिखाकर गोली मारने की दी धमकी

**भोजपुर ।** मुफस्सिल थाना प्रभारी राजीव सिन्हा ने कहा कि हमने दोनों पक्षों से केस दर्ज कराया है और हथियार लहराने वाले व्यक्ति की गिरफ्तारी के लिए छापामारी शुरू कर दी है। वीडियो के आधार पर जांच चल रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। भोजपुर जिले के आरा के मुफस्सिल थानाक्षेत्र के अलीपुर गांव में एक जमीन विवाद के चलते खुलेआम हथियार लहराने और धमकाने का मामला सामने आया है। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। यह घटना रविवार को हुई, जिसमें जमीन के मालिक और उनके भाई पर हमले की घटना को कैमरे में कैद किया गया है।
जानकारी के अनुसार, अलीपुर गांव निवासी सरकारी कर्मचारी शिवानंद कुमार सिंह ने पांच महीने पहले अलीपुर गांव में कुछ जमीन खरीदी थी। रविवार को जब शिवानंद कुमार सिंह अपनी जमीन की नापी कराकर आरा स्थित अपने घर लौट रहे थे। तभी अलीपुर निवासी संजय कुमार सिंह और विमलेश कुमार सिंह ने अपने साथियों के साथ



मिलकर उन्हें रास्ते में रोका। आरोप है कि इन लोगों ने शिवानंद और उनके बड़े भाई को लाठी-डंडों से पीटा और कट्टा दिखाकर गोली मारने की धमकी दी।
इस घटना के दौरान पीड़ित पक्ष ने कट्टा लहराते और धमकाते हुए बदमाशों का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि धमकाने वाले व्यक्ति के हाथ में कट्टा जैसा हथियार है।
वहीं, पीड़ित सरकारी कर्मचारी ने मुफस्सिल थाने में घटना को लेकर नामजद शिकायत दर्ज कराई है। मुफस्सिल थाना प्रभारी राजीव सिन्हा ने पुष्टि की कि मामला जमीन विवाद से संबंधित है और वीडियो में दिखाई दे रहे शख्स और हथियार को लेकर मामले की जांच की जा रही है।
उन्होंने कहा कि हमने दोनों पक्षों से केस दर्ज कराया है और हथियार लहराने वाले व्यक्ति की गिरफ्तारी के लिए छापामारी शुरू कर दी है। वीडियो के आधार पर जांच चल रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- जमीन सर्वे को लेकर कोई विवाद नहीं , बैठक में शामिल होने निकले दिल्ली



**पटना ।** भाजपा प्रदेश कार्यालय से प्रदेश के सभी बड़े नेता सदस्यता अभियान को लेकर बिहार के अलग-अलग जगह के लिए निकले हैं। खुद प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने इन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष दिल्ली के लिए रवाना हुए । दिल्ली में पार्टी के बड़े नेताओं के साथ सदस्यता अभियान को लेकर होने वाली बैठक में शामिल होंगे। तेजस्वी की यात्रा पर दिलीप जायसवाल ने कहा कि घर मे मन नहीं लग रहा होगा, इसलिए घूमने निकले हैं।
वहीं पटना एयरपोर्ट पर दिलीप जायसवाल ने जमीन सर्वे को रोकने के सवाल पर कहा कि गांव मे कोई विवाद नहीं है। शहर मे नेताओं को क्यों बेचैनी है। बिहार के जमीन का सर्वे हो जाएगा, अच्छी बात है। कोई विवाद नहीं है। जमीन माफिया लोग लॉबी बनाकर इस तरह की बात करते हैं। कोई विवाद नहीं है। सर्वे से बिहार की जमीन का भविष्य ठीक हो जाएगा।
बता दें कि सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा पूरे देश में विशेष पहल कर रही है। बिहार में भी एक करोड़ लोगों को बीजेपी से जोड़ने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके लिए आज तमाम बड़े कार्यकर्ता पूरे बिहार के अलग-अलग गांव में सदस्यता अभियान चलाने के लिए निकले हैं। पार्टी के सभी पदाधिकारी, मंत्री और विधायक आज से 7 दिनों तक गांव में प्रवास करेंगे। बिहार के हर बूथ पर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। सभी अपने-अपने परिवार वाले क्षेत्र में अभियान चलाएंगे।

# पटना में दो दिन से लापता किशोर का शव बरामद

**पटना ।** दानापुर थाना क्षेत्र से पिछले दो दिनों से गायब किशोर धर्मवीर कुमार (16) का शव घर से कुछ दूरी पर गड्ढे में भरे पानी में मिला। मामला दानापुर थाना क्षेत्र के खरांजा रोड का है। बताया जा रहा है कि रविवार के दिन सुबह 11 बजे के बाद से ही गायब चल रहा था। परिजनों ने सोमवार को धर्मवीर के गायब होने का आवेदन दानापुर थाना में दिया था। आज मंगलवार की सुबह स्थानीय लोगों को अपार्टमेंट के लिए खोदे गड्ढे के अंदर भरे पानी से बदबू आ रही थी। जब पास जाकर देखा तो पानी के अंदर एक शव उपलाता दिखा। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को बरामद किया।
अपार्टमेंट के लिए खोदा गया था गड्ढा मृतक के पिता लाल बहादुर ने बताया कि रविवार की सुबह करीब 11 बजे घर में धर्मवीर अपनी साइकिल का चाबी खोज रहा था, जो उसे नही मिला। इसके बाद वह घर से कहकर निकला कि मैं मंदिर के पास जा रहा हूं। यदि मेरी साइकिल की चाबी मिले तो मुझे बताना। उसके बाद उसका कुछ पता नहीं चला। आज पास के लोगो



ने बताया कि धर्मवीर का शव पास के अपार्टमेंट के लिए खोदे गए गड्ढे में भरे पानी में मिला है। वहीं पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है कि गायब किशोर की मौत कैसे हुई। लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आसपास के सीसीटीवी भी चेक किए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि दो वर्षों से अपार्टमेंट निर्माण के लिए गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है। वहीं थानाध्यक्ष पीके भारद्वाज ने बताया कि मामले की छानबीन किया जा रहा है।

# 4 बच्चियों की पोखर में डूबकर मौत,एक की हालत गंभीर

**बिहार।** बांका में कर्मा-धर्मा पर्व को लेकर नहाने गई 4 बच्चियों की डूबने से मौत हो गई है। वहीं एक बच्ची हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे इलाज के लिए सिमुलतला ले जाया गया है। बेहरार गांव के पोखर में 5 सहेलियां आज सुबह नहाने गई थी। मृतकों की पहचान शंकर यादव की बेटी पुनम कुमारी (8), बजरंगी यादव की बेटी ज्योति कुमारी (9), संजय यादव की बेटी नीशा कुमारी (10) और विनोद यादव की बेटी पुष्पा कुमारी (8) के रूप में हुई है। वहीं विनोद यादव की बेटी पिरोती कुमारी (12) की हालत नाजुक है। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी विष्णुदेव कुमार पहुंचे। चारों बच्चियों की डेडबॉडी को पोस्टमार्टम के लिए



सदर अस्पताल बांका भेज दिया है। साथ ही अंचलाधिकारी रविकांत भी पहुंचे और परिजनों को दिलासा दिया। आपदा प्रबंधन से मिलने वाली सहायता राशि देने की बात कही है।

# ड्राइवर ने चलती ट्रेन रोकी, फिर आधे घंटे लड़की का चला ड्रामा



**मोतिहारी ।** रेलवे ट्रैक पर एक लड़की ने जमकर हाई वोल्टेज ड्रामा किया। ड्रामा ऐसा किया कि वह लड़की रेलवे ट्रैक पर सो गई, जिस वजह से बहुत देर तक ट्रेन रुकी रही। काफी कोशिश के बाद उसे रेलवे पटरी से हटाया जा सका और फिर ट्रेन अपने गंतव्य स्थान के लिए रवाना हो सकी। मामला चकिया रेलवे स्टेशन के आउटर सिग्नल का है।
पटरी पर लेटे देख चालक ने रोक दी ट्रेन, फिर जमकर हुआ हाई वोल्टेज ड्रामा घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि 15556 नंबर की लोकल ट्रेन बापूधाम मोतिहारी से पाटलिपुत्र के लिये जा रही थी। इसी दौरान पावर हाउस के पास समपार संख्या 136 के पास रेल ट्रेक के बीच एक लड़की लेटी हुई थी। इसके पीठ पर पिट्ठू बैग था। ट्रेन चालक लड़की को देखकर ट्रेन को रोक दिया और इंजन से उतर कर लड़की वहां से हटने के लिए कहा, लेकिन वह लड़की न तो कुछ बोल रही थी और न ही रेलवे ट्रेक से हट रही थी। यहां भारी संख्या में स्थानीय लोग जमा हो गए। फिर लड़की को

**अपने गंतव्य स्थान के लिए ट्रेन स्टेशन से खुली ही थी तभी चालक ने रेलवे पटरी पर एक लड़की को लेटे हुए देखा। ट्रेन चालक ने ट्रेन को रोक दी। फिर उसने रेलवे पटरी पर जमकर हाई वोल्टेज ड्रामा किया।**

खोजते हुए उनके परिजन भी वहां पहुँच गये और उसे ले जाने लगे, लेकिन लड़की घर जाने के लिए तैयार नहीं हो रही थी।
काफी देर तक यह हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा और फिर उसके घर की महिला ने उसे रेलवे पटरी से जबरन हटाया और फिर ट्रेन अपने गंतव्य स्थान के लिए निकल पड़ी।
युवती की पहचान करने में जुटी रेलवे पुलिस इस संबंध में स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रेन चालक की तत्परता से लड़की की जान बच गई। लड़की आत्महत्या करने के लिए रेलवे ट्रेक के बीच सो गई थी।
इस हाई वोल्टेज ड्रामा की वजह से काफी देर तक चकिया आउटर सिग्नल पर ट्रेन रुकी रही। लड़की बार-बार ट्रेन से कटने के लिए लोगों से अपना हाथ छुड़ा रही थी। लेकिन स्थानीय महिलाओं ने इसको जकड़ लिया तब जाकर ट्रेन खुल सकी। चालक ट्रेन को रोक कर छात्रा को लाइन से हटाने की कोशिश करता रहा पर छात्रा लाइन से हटने को तैयार नही थी तब कुछ स्थानीय महिलाओं ने उक्त छात्रा को जबरदस्ती लाइन से हटाया इस क्रम में यह छात्रा इन महिलाओं से भी उलझ पड़ती थी। जब महिलाओं ने इस लड़की को खरी-खोटी सुनाने लगी। \लड़की बार-बार कह रही थी कि भागो, तुमलोग कौन हो मुझको हटाने वाले। वह इन महिलाओं से कह रही थी कि मैं तुमसे ज्यादा समझदार हूं। इसके बर्ताव और एक्टिविटी को देखकर कई लोग कह रहे हैं कि यह लड़की मानसिक रूप से विक्षिप्त लग रही है। उक्त लड़की को पुलिस ने अपनी हिरासत में रखा है और इसकी पहचान कर रही है।

# कर्मा-धर्मा पर्व के दौरान पांच बच्चियां डूबीं, चार की हुई मौत, एक की हालत गंभीर



**बांका ।** स्नान करने के दौरान चार लड़कियों की डूबने से मौत हो गई। घटना चांदन प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत आनंदपुर थाना क्षेत्र के चांदवारी पंचायत की है, जहां बेहरार गांव के पोखर में कर्मा-धर्मा पर्व को लेकर नहाने गई पांच बच्चियां में से चार लड़की नहाने के क्रम में पोखर में डूब गई। एक बच्ची की स्थिति गंभीर बनी हुई है। परिजन उसे इलाज के लिए सिमुलतला के अस्पताल ले गये हैं।

# घर के आगे से ले गया चोर, तस्वीर कैमरे में कैद

**पटना ।** पटना सिटी में चोर गिरोह के एक सदस्य ने सोमवार की सुबह घर के आगे लगे स्कूटी की चोरी कर ली। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें साफ देखा जा सकता है किस तरह एक चोर घर के आगे लगी स्कूटी की चोरी करके आराम से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़ित ने इसकी लिखित शिकायत पटना सिटी के चौक थाने में की है। घटना की सूचना के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।
घर के आगे लगी थी स्कूटी घटना की जानकारी देते हुए बेगमपुर निवासी मोहन प्रसाद ने बताया कि वेटरनरी हाल के बगल में उनका मकान है। उन्होंने बताया कि सोमवार की सुबह लगभग 9:00 बजे के आसपास जब वह दिनचर्या में व्यस्त थे। इसी क्रम में उनके घर के आगे लगी उनकी स्कूटी अचानक चोरी हो गई। मोहन प्रसाद ने आसपास के लोगों से पूछताछ



की। इसके बाद घर के पास के लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाला।
इसी क्रम में सीसीटीवी में उन्होंने देखा कि एक युवक उनकी ब्लू रंग की स्कूटी गाड़ी घर के पास से लेकर फरार हो गए।
उन्होंने बताया कि चोरी हुई स्कूटी का नंबर 8144 है। सीसीटीवी फुटेज में स्कूटी चोर का चेहरा भी साफ देखा जा सकता है। इस मामले को लेकर चौक थाना प्रभारी शशि कुमार राणा ने बताया कि सोमवार को भाजपा नेता के हत्या को लेकर वह दिन भर परेशान रहे। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# नालंदा में नदी से मां-बेटे के शव बरामद, खेत जाने के दौरान डूबने की आशंका

**नालंदा ।** सिलाव थानाध्यक्ष इरफान खान ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी और पुलिस पूरे घटनाक्रम की गहन जांच कर रही है।
नालंदा जिले के सिलाव थानाक्षेत्र के कहटाइन नदी में मंगलवार सुबह एक हृदयविदारक घटना घटी। खेत में काम करने के लिए निकले मां और बेटे के शव नदी से बरामद हुए हैं। मृतकों की पहचान सविता देवी (49) और उनके बेटे बंटी कुमार उर्फ सौरभ कुमार (12) के रूप में की गई है।
जानकारी के अनुसार, सोमवार को सविता देवी और उनका बेटा बंटी कुमार खेत में काम करने के लिए घर से





निकले थे। शाम तक जब दोनों घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। मंगलवार की सुबह जब गांव के लोग शौच के लिए नदी किनारे गए, तो उन्हें नदी में शव दिखाई दिए। इसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ।
परिजनों ने आशंका व्यक्त की है कि मां और बेटा खेत जाने के लिए कहटाइन नदी पार करते समय गहरे पानी में चले गए होंगे, जिससे डूबकर



उनकी मौत हो गई। शव मिलने की सूचना पर परिवार में शोक और हाहाकार मच गया। मृतकों के परिवार वाले सदमे में हैं और पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया है।
सिलाव थानाध्यक्ष इरफान खान ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। फिर शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है।




# बूझो करियर की अनजान राहों को



करियर को लेकर छात्रों के बीच काफी असमंजस की स्थिति रहती है। इस स्थिति की सबसे बड़ी वजह है-करियर की सही राह को चुनने की चुनौती। इस समय करियर के लिए पारंपरिक विषयों के अलावा सैकड़ों की तादाद में विकल्प उपलब्ध हैं, लेकिन जानकारी के अभाव या अपनी रुचि को न पहचान पाने के कारण बड़ी संख्या में छात्र मनमाफिक करियर नहीं चुन पाते हैं। छात्र ही नहीं, अभिभावक भी बच्चों के लिए सही करियर तलाशने की प्रक्रिया में काफी तनावग्रस्त हो जाते हैं। उनकी दिनचर्या में यह तनाव बच्चे का दाखिला हो जाने तक कायम रहता है। यह एक सामान्य-सी स्थिति है और करीब 90 फीसदी छात्र और अभिभावकों को इस दौर से गुजरना पड़ता है। गलाकाट प्रतिस्पर्धा के इस युग में हर दिन कुछ अलग करियर और पेशेवर संभावनाएं जन्म ले रही हैं। ऐसे में यह समझने वाली बात है कि किसी करियर विकल्प की चमक ज्यादा समय तक बरकरार नहीं रहती। इसलिए यदि आप करियर के लिए उन पाठ्यक्रमों और विषयों को चुनते हैं, जिनमें आप अच्छे हैं, तो आप हमेशा ही अपने कार्यक्षेत्र में सफल होंगे।

## कैसे चुनें करियर

प्रत्येक करियर के लिए एक खास रुझान, रुचि और कुछ व्यक्तिगत गुणों की जरूरत होती है। वैज्ञानिक ढंग से इन जरूरतों की अपनी अभिरुचियों और हुनर से तुलना करके ही इस बात के प्रति आश्वस्त हुआ जा सकता है कि हम सही करियर चुनने की दिशा में बढ़ रहे हैं या नहीं। विषयों में आपकी मजबूती, क्षमता, रुचि और आकांक्षा आपको करियर के असीमित विकल्पों में से अपने लिए श्रेष्ठ को चुनने में मदद करती है। भावी जीवन में आपकी सफलता के लिए करियर प्लानिंग की यह प्रक्रिया काफी आवश्यक है।

## साइकोमीट्रिक असेसमेंट

करियर के चयन में यह बेहद मददगार विधि है, जिसे जब करियर के चुनाव के संदर्भ में इस्तेमाल किया जाता है, तो काफी हद तक ठोस और सटीक परिणाम मिलते हैं। इस विधि से परखे जा रहे छात्र का गहराई से मूल्यांकन हो पाता है। इससे संबंधित छात्र की रुचियों, बुद्धिमत्ता और व्यक्तित्व के बारे में अनुमान लगाना संभव होता है। साइकोमीट्रिक असेसमेंट से छात्र की काबिलियत और क्षमताओं की स्पष्ट तस्वीर सामने आ जाती है, जो उपयुक्त करियर के चयन में अहम होती है। छात्रों के नजरिए से इस विधि को देखें, तो यह उनके सामने उनकी इच्छाओं और हुनर की बानगी पेश करती है। इस असेसमेंट से अभिभावक अपने बच्चों के और छात्र स्वयं के हुनर की तुलना अपनी मनपसंद नौकरी/ पेशे के लिए जरूरी गुणों से कर सकते हैं। चूंकि नौकरी पाने के लिए एक पाठ्यक्रम विशेष की पढ़ाई करनी होती है और इसके लिए भी कुछ खास हुनर का होना जरूरी होता है।





# कॉमर्स से पा सकते हैं बेहतर करियर और रोजगार

लोकप्रियता के मामले में यह छात्रों और अभिभावकों के बीच साइंस स्ट्रीम के बाद दूसरे स्थान पर है। अंडर ग्रेजुएट स्तर पर कॉमर्स एक प्रमुख विषय है। इसका संबंध मूल रूप से व्यापार की समझ, बाजार के उतार-चढ़ाव, अर्थव्यवस्था की जानकारी, मौद्रिक और औद्योगिक नीतियों आदि से है। विषय के स्तर पर कॉमर्स अकाउंटेंसी, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, फाइनेंस, इकोनॉमिक्स, मार्केटिंग और ई-कॉमर्स सहित कई अन्य विषयों का मिलाजुला विस्तृत क्षेत्र है। इसलिए इसमें पढ़ाईऔर रोजगार के लिए पर्याप्त विकल्प उपलब्ध हैं। हर विषय की तरह कॉमर्स और उससे संबंधित विषयों की पढ़ाई के लिए भी कुछ अभिरुचियों का होना जरूरी होता है। यहां कुछ प्रश्न दिए गए हैं, जिनका उत्तर देकर आप यह जान सकते हैं कि आपकी अभिरुचि कॉमर्स के लिए उपयुक्त है या नहीं।

## इन प्रश्नों से जांचें अभिरुचि

- क्या आपके पास गणना की अच्छी क्षमता है?
- क्या आपमें विश्लेषणात्मक कौशल है?
- क्या आपके पास व्यापार का व्यावहारिक बोध है?
- क्या आप त्रुटिरहित और सटीक काम को सबसे ज्यादा महत्व देते हैं?
- क्या आप कार्यालय के माहौल का आनंद उठाते हैं?
- क्या आपमें गणनाएं करने के साथ आंकड़ों को समझाने का हुनर है?
- क्या आप बजट, व्यापार की खबरों और आर्थिक समीक्षाओं को पढ़ते हैं?
- क्या आप में प्रशासकीय और संगठन के रूप में काम करने की कुशलता है?

पूछे गए इन प्रश्नों में से अगर अधिकांश का जवाब आपके पास 'हां' है, तो समझिए आपके भीतर वह अभिरुचि है, जो कॉमर्स के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए जरूरी है।

## कॉमर्स में उपलब्ध विषयों के विकल्प

**बिजनेस इकोनॉमिक्स** - इस विषय में लॉ ऑफ डिमांड एंड सप्लाई, लॉ ऑफ रिटर्न्सर, इलास्टिसिटी, थ्योरी ऑफ प्राइसिंग अंडर डिफरेंट मार्केट फॉर्म्स आदि से संबंधित कॉन्सेप्ट के बारे में पढ़ाया जाता है।

**कॉस्ट अकाउंटिंग** - इस विषय में जॉब एंड कॉन्ट्रैक्ट कॉस्टिंग, ओवरहेड्स कॉस्टिंग, स्टैंडर्ड एंड वेरिएंस कॉस्टिंग और बजटरी कंट्रोल से जुड़ी प्रक्रियाओं के बारे में प्रशिक्षित किया जाता है।

**ऑडिटिंग** - इस विषय में वैल्यूएशन, वाउचिंग ऑफ ट्रांजेक्शन, एसेट्स एंड लाइबिलिटी आदि से जुड़े मामलों के बारे में बताया जाता है। इसमें क्लब, हॉस्पिटल और चैरिटेबल संस्थानों जैसे संगठनों की ऑडिटिंग के बारे में भी सिखाया जाता है।

**फाइनेंशियल अकाउंटिंग**- यह विषय मुख्य रूप से प्रॉफिट एंड लॉस स्टेटमेंट, बैलेंस शीट, कंपनी अकाउंट, कैलकुलेशन ऑफ डेप्रिशिएशन एंड वैल्यूएशन ऑफ शेयर, गुडविल ऑफ कंपनी और नॉलेज ऑफ अकाउंटिंग स्टैंडर्ड (इंडिया/ इंटरनेशनल) आदि के बारे में जानकारी देता है।

**बिजनेस फाइनेंस** - इस विषय में फाइनेंशियल एनालिसिस और मैनेजमेंट ऑफ कैपिटल आदि व्यापारिक दुनिया की बुनियादी बातें समझायी जाती हैं। इसके अलावा लाभ के लिए पूंजी के बेहतर उपयोग की विधियों को समझने में भी यह विषय मदद करता है।

**इनकम टैक्स** - इस विषय के तहत इनकम टैक्स, टैक्स प्लानिंग, टैक्स डिडक्शन और नॉट टैक्सेबल इनकम आदि के बारे में नियमों व कर संबंधी कानूनों की जानकारी दी जाती है।

**बिजनेस लॉ** - व्यापार से संबंधित देश के अमूमन सभी कानून इस विषय के अध्ययन क्षेत्र में आते हैं। कंपनीज एक्ट और कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट आदि कानूनों को प्रमुख रूप से इस विषय में पढ़ाया जाता है।

**मार्केटिंग** - यह विषय प्रोडक्ट, प्राइसिंग मेथड, प्रोमोशन, डिस्ट्रिब्यूशन चैनल और लॉजिस्टिक्स आदि के बारे में बताता है।

**बिजनेस कम्यूनिकेशन** - यह विषय मुख्य रूप से व्यापार संबंधी संवाद कौशल को निखारने पर केंद्रित है। इस विषय के जरिए छात्रों को व्यापारिक कार्यों के लिए उपयोग में आने वाले बिजनेस लेटर, नोटिस और मेमो आदि को तैयार करने की कला सिखाई जाती है। मौखिक संवाद के बारे में भी यह विषय प्रशिक्षित करता है।

## रोजगार के लिए जरूरी कौशल

- आंकड़ों की गणना और उनके विश्लेषण में रुचि हो।
- संवाद का बेहतर कौशल हो।
- टीम के साथ काम करने और उसका नेतृत्व करने की क्षमता हो।
- संगठन संबंधी और प्रशासनिक क्षमताएं हों।
- तार्किक दृष्टि से चीजों को परखने का हुनर हो।
- सटीक और त्रुटिरहित काम करने में निपुणता हो।
- लंबी अवधि तक लगातार काम करने की क्षमता हो।
- अपने कार्य क्षेत्र से जुड़ी नई चीजों और नवीनतम तकनीकों को सीखने की जिज्ञासा हो।
- रचनात्मकता के साथ उच्च स्तर की बौद्धिक क्षमता हो।





# ह्यूमेनिटीज में भी भरपूर हैं रोजगार के अवसर

दसवीं और बारहवीं के स्तर पर साइंस और कॉमर्स के बाद छात्रों या अभिभावकों के सामने ह्यूमेनिटीज स्ट्रीम शेष रह जाती है। इस स्ट्रीम को हालांकि छात्र और अभिभावक अपनी प्राथमिकता में पहले या दूसरे स्थान पर नहीं रखते, लेकिन बदलते वक्त के साथ इस स्ट्रीम से जुड़ी संभावनाओं का आकाश भी काफी विस्तृत हो गया है। इस लेख के माध्यम से छात्रों को ह्यूमेनिटीज स्ट्रीम और उसमें निहित अवसरों को जानने-समझने में मदद मिलेगी। ह्यूमेनिटीज को कुछ वर्ष पहले तक एक ऐसे स्ट्रीम के रूप में देखा जाता था, जो या तो कम बुद्धिमान लोगों के लिए है या शिक्षक बनने की इच्छा रखने वालों के लिए। लेकिन मौजूदा वक्त में यह धारणा अप्रासंगिक हो चुकी है। अब ह्यूमेनिटीज की बदौलत ऊंचे पद, बड़ी उपलब्धियां और तरक्की पाई जा सकती है। शिक्षण के अलावा इसमें सैकड़ों तरह के रोजगार उपलब्ध हैं, जो रुचिकर होने के साथ-साथ अपनी कार्य-प्रकृति में विशिष्ट भी हैं। ह्यूमेनिटीज स्ट्रीम आपके सामने असीमित विकल्प रखती है। यकीन न हो, तो मानवीय गतिविधियों से जुड़े किसी भी क्षेत्र को देख लीजिए, आप हर क्षेत्र में ह्यूमेनिटीज के छात्रों को सफलता के साथ काम करता हुआ पाएंगे।

## क्या है ह्यूमेनिटीज

इस स्ट्रीम के अंतर्गत मुख्य रूप से मानव समाज और उसकी मान्यताओं का अध्ययन किया जाता है। इसके जरिए यह समझने का प्रयास किया जाता है कि लोग स्वयं को कैसे कला, धर्म, साहित्य, वास्तुकला और अन्य रचनात्मक कार्यों आदि के जरिए अभिव्यक्त करते हैं? इस कार्य के लिए इस स्ट्रीम के शोधार्थी एनालिटिकल और हाइपोथिटिकल मेथड का प्रयोग करते हैं। इस स्ट्रीम को मोटे तौर पर परफॉर्मिंग आर्ट्स (म्यूजिक), विजुअल आर्ट्स, रिलिजन, लॉ, एंसिएंट/ मॉडर्न लैंग्वेजेस, फिलॉस्फी, लिटरेचर, हिस्ट्री, जियोग्राफी, पॉलिटिकल साइंस, इकोनॉमिक्स, सोशियोलॉजी, साइकोलॉजी आदि विषयों में बांटा जाता है। ह्यूमेनिटीज में कुई ऐसे विषय हैं, जिनकी पढ़ाई के बाद लॉ, जर्नलिज्म, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, मीडिया एंड एडवर्टाइजिंग और कम्यूनिकेशन आदि प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में पोस्ट ग्रेजुएशन किया जा सकता है। ह्यूमेनिटीज के आम जिंदगी में महत्व को इस बात से भी आंका जा सकता है कि अब आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान भी ह्यूमेनिटीज और सोशल साइंसेज में पाठ्यक्रम संचालित कर रहे हैं। आईआईटी मद्रास बारहवीं पास छात्रों के लिए ह्यूमेनिटीज में पांच वर्षीय इंटिग्रेटेड एमए पाठ्यक्रम संचालित करता है। इस पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए यह संस्थान एचएसईई (ह्यूमेनिटीज एंड सोशल साइंसेज एंट्रेंस एग्जामिनेशन) नाम से हर साल एक प्रवेश परीक्षा आयोजित करता है। इसी तरह आईआईटी गांधीनगर पोस्ट ग्रेजुएट स्तर पर एमए इन सोसायटी एंड कल्चर नाम से पाठ्यक्रम संचालित कर रहा है। दसवीं या बारहवीं पास करने वाले काफी छात्रों के मन में एक आम-सा प्रश्न होता है कि ह्यूमेनिटीज स्ट्रीम को चुनने के बाद उनके करियर का स्वरूप कैसा होगा? इस प्रश्न का कोई सीधा जवाब नहीं है, लेकिन यह स्पष्ट है कि करियर का स्वरूप काफी हद उनके द्वारा चुने गए पाठ्यक्रम पर निर्भर होता है। किसी ह्यूमेनिटीज विषय में डिग्री हासिल करने के बाद आप कई क्षेत्रों में रोजगार पा सकते हैं। स्कूलों, म्यूजियमों, एडवर्टाइजिंग एजेंसियों, अखबारों, आर्ट गैलरियों, पत्रिकाओं और फिल्म स्टूडियो आदि में भी काम के मौके तलाशे जा सकते हैं। इन अवसरों को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि समय के साथ ह्यूमेनिटीज स्ट्रीम पर आधारित संभावनाओं का फलक और विस्तृत हुआ है। सरकारी सेवाओं में जाने की इच्छा रखने वाले छात्र ह्यूमेनिटीज स्ट्रीम के साथ अपने सपने का साकार कर सकते हैं। वह कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) और राज्य लोक सेवा आयोगों की प्रतियोगी परीक्षाओं के अलावा यूपीएससी की सिविल सर्विस परीक्षा में भी अपनी चुनौती पेश कर सकते हैं। चूंकि बैचलर डिग्री स्तर पर आर्ट्स के पाठ्यक्रमों में हिस्ट्री, जियोग्राफी और सिविक्स (नागरिक शास्त्र) आदि विषय पढ़ाए जाते हैं, जो तमाम प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायक होते हैं।

## ह्यूमेनिटीज के लिए जरूरी गुण

- किसी मुद्दे को समझने और उसका मूल्यांकन करने की क्षमता
- मानसिक और कामकाजी स्तर पर रचनात्मकता हो
- काम को व्यवस्थित करने और उन्हें तय समयसीमा में निपटाने का हुनर
- लिखित सामग्री को पढ़ने और उससे खास बिंदुओं को चुनने का कौशल हो
- बड़ी मात्रा में सूचनाओं और तथ्यों को समझने और ग्रहण करने की क्षमता
- अलग-अलग शैलियों में अच्छा लिखने का हुनर हो
- अपनी बात को प्रभावी शब्दों में स्पष्ट रूप से रखने में दक्षता हो
- शोध करने और तथ्यों के स्रोतों का मूल्यांकन करने की क्षमता हो
- चर्चाओं में भाग लेने और उनका नेतृत्व करने में रुचि हो
- निजी प्रेरणा से काम करने का जज्बा हो
- विचारों और सुझावों को व्यावहारिक रूप देने की कला हो
- निष्पक्षता और खुद में पूरा विश्वास हो
- अपनी बातों पर विचार-विमर्श को तैयार रहने का लचीलापन हो
- सांख्यिकीय आंकड़ों पर आधारित शोध में निष्कर्ष निकालने की क्षमता हो



## इन क्षेत्रों में करियर बना सकते हैं

- राइटिंग
- प्रोग्राम प्लानिंग
- टीचिंग
- रिसर्च
- इंटरनल कम्यूनिकेशन
- पब्लिक रिलेशन्स
- पॉलिसी रिसर्च एंड एनालिसिस
- एडमिनिस्ट्रेशन
- सोशल वर्क
- मैनेजमेंट
- इंफॉर्मेशन
- जर्नलिज्म
- आर्कियोलॉजी
- एंथ्रोपोलॉजी
- एग्रीकल्चर
- जियोग्राफी
- एनजीओ
- इंडस्ट्रियल रिलेशन
- लाइब्रेरी साइंस
- लिबरल आर्ट्स
- फिलॉस्फी
- रिसर्च असिस्टेंस
- साइकोलॉजी

## एक नजर

### शराब के नशे में व्यापारी ने पुलिस की गाड़ी में मारी टक्कर, पांच घायल

**मेरठ :** मवाना थाना क्षेत्र में सोमवार को देर रात शराब के नशे में व्यापारी ने कार से पुलिस की कार में टक्कर मार दी। जिससे इंस्पेक्टर क्राइम समेत पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। आरोपित को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। मवाना थाने के इंस्पेक्टर सुभाष सिंह के अनुसार, सोमवार की देर रात इंस्पेक्टर क्राइम रामवीर सिंह, दरोगा आलोक कुमार, अमित मलिक, अरविंद और विजयपाल अपनी कार से गश्त कर रहे थे। जब वे मेरठ रोड पर कस्बा पुलिस चौकी के पास पहुंचे तो एक तेज रफ्तार कार ने उनकी गाड़ी में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे इंस्पेक्टर और चार दरोगा घायल हो गए। चारों घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसी बीच टक्कर मारकर भागते हुए कार चालक मनीष गुप्ता निवासी मोहल्ला कल्याण सिंह मवाना को दबोच लिया गया। आरोपित भट्ठा कारोबारी है तथा शराब के नशे में लग रहा था। एसपी देहात और सीओ मवाना सौरभ सिंह भी मौके पर पहुंच गए। घायल दरोगा आलोक कुमार आरोपित मनीष गुप्ता के दुष्कर्म के मुकदमे की भी जांच कर रहे हैं। पुलिस यह मानकर चल रही है कि मनीष ने जानबूझ कर कार में टक्कर मारी है। आरोपित का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। आरोपित के खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर रही है। एजेंसी

### बांग्लादेश नहीं रोक पा रहा रोहिंग्या घुसपैठ

**ढाका :** बांग्लादेश रोहिंग्या घुसपैठ को नहीं रोक पा रहा। म्यांमार के रखाइन राज्य के माउंगडॉ से बड़ी संख्या में रोहिंग्या एजेंटों की मदद से नाव से नाफ नदी पार करके बांग्लादेश में प्रवेश कर रहे हैं। एजेंट इन लोगों से मोटा पैसा ले रहे हैं। वह तटीय जिलों में विभिन्न शरणार्थी शिविरों में शरण ले रहे हैं। ढाका से छपने वाले बांग्ला अखबार प्रोथोम अलो (अंग्रेजी संस्करण) की खबर के अनुसार, अवैध रूप से प्रवेश करने वाले लगभग 14,000 रोहिंग्याओं ने पिछले सात-आठ दिन में उखिया के कई शिविरों में शरण ली है। इसके अलावा 60 हजार से 70 हजार रोहिंग्या बांग्लादेश में प्रवेश करने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में एकत्र हैं। रिपोर्ट के अनुसार, बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश और कोस्ट गार्ड के सदस्यों की बांग्लादेश-म्यांमार सीमा और नाफ नदी पर कड़ी निगरानी के बावजूद रोहिंग्याओं की अवैध घुसपैठ से स्थानीय नागरिक और जन प्रतिनिधि चिंतित हैं। माउंगडॉ टाउनशिप में सशस्त्र विद्रोही समूह, अराकान सेना और म्यांमार सुरक्षा बलों के बीच चल रही लड़ाई पिछले कुछ दिनों में तेज हो गई है। दोनों पक्ष मोर्टार, ग्रेनेड और बम का प्रयोग कर रहे हैं। कहीं-कहीं तो ड्रोन हमले भी किए जा रहे हैं। टेकनाफ उप जिला निबार्ही अधिकारी एमडी अदनान चौधरी ने कहा कि रोहिंग्या सीमा के विभिन्न बिंदुओं से घुसपैठ कर रहे हैं।

# नौसेना के दो जहाज 'मालपे और मुल्की' एक साथ कोच्चि में लॉन्च किये गये

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय नौसेना के लिए एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट 'मालपे और मुल्की' को मंगलवार को एक साथ कोच्चि में लॉन्च किया गया। समुद्री परंपराओं को ध्यान में रखते हुए दोनों जहाजों को दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ वाइस एडमिरल वी श्रीनिवास की उपस्थिति में उनकी पत्नी विजया श्रीनिवास ने लॉन्च किया। भारतीय नौसेना को ये 'साइलेंट हंटर्स' मिलने पर तटीय सीमाओं पर दुश्मनों की पनडुब्बियों का पता लगाने में आसानी होगी।



रक्षा मंत्रालय ने मेसर्स कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) के साथ 30 अप्रैल, 2019 को आठ एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। इसी प्रोजेक्ट के तहत भारतीय नौसेना के लिए बनाए गए चौथे और पांचवें जहाज मालपे औरमुल्की को आज सीएसएल, कोच्चि में लॉन्च किया गया। समुद्री परंपराओं को ध्यान में रखते हुए दोनों जहाजों को दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ वाइस एडमिरल वी श्रीनिवास की पत्नी विजया श्रीनिवास ने अथर्ववेद के मंत्रोच्चारण के साथ लांच किया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार माहे श्रेणी के एएसडब्ल्यू शैलो वाटर क्राफ्ट के नाम भारत के तट पर सामरिक महत्व के बंदरगाहों के नाम पर रखे गए हैं। इन जहाजों को स्वदेशी रूप से विकसित अत्याधुनिक अंडरवाटर सेंसर से लैस किया जाएगा। इन जहाजों को तटीय जल में पनडुब्बी रोधी अभियानों के साथ-साथ कम तीव्रता के समुद्री संचालन एलआईएमओ तथा खदान बिछाने के काम के लिए तैयार किया गया है। यह जहाज 1800 समुद्री मील तक की सहनशक्ति के साथ 25 समुद्री मील की अधिकतम गति प्राप्त कर सकते हैं। इन जहाजों में 80% से अधिक स्वदेशी सामग्री होगी, जिससे देश के भीतर रोजगार की भी क्षमता बढ़ेगी। इस प्रोजेक्ट के तीन जहाज माहे, मालवन और मंगरोल 30 नवंबर, 2023 को सीएसएल में लॉन्च किये गए थे। अब दो जहाज एक साथ लॉन्च किये जाने के बाद यह कार्यक्रम भारतीय शिपयार्ड की 'मेक इन इंडिया' क्षमता को दिखाता है। भारतीय नौसेना के लिए कुल 16 जहाजों का निर्माण किया जा रहा है। भारतीय नौसेना की योजना 2026 तक सभी 16 जहाजों को सक्रिय सेवा में रखने की है। एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी जहाज 78 मीटर लंबे हैं और 25 समुद्री मील अधिकतम गति सहित इनका विस्थापन लगभग 900 टन है।

# मप्र सरकार की मांग के अनुसार की जाएगी सोयाबीन की खरीद : शिवराज

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में सोयाबीन के दाम छह हजार रुपये प्रति क्विंटल किए जाने की मांग को लेकर किसान आंदोलित हैं। कांग्रेस सोयाबीन किसानों की मांग को लेकर कांग्रेस द्वारा किए जा रहे आंदोलन के बीच केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि मध्य प्रदेश सरकार जैसी डिमांड करेगी, वैसे केन्द्र सरकार सोयाबीन की खरीद कराएगी। केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान अपने प्रतिदिन पौधरोपण के संकल्प के क्रम में मंगलवार को भोपाल के स्मार्ट सिटी उद्यान में पौधरोपण करने के लिए पहुंचे थे। यहां उन्होंने पौधा रोपने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि पेड़-पौधे हमें ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि धरती की हरियाली और सुंदरता को भी बढ़ाते हैं। आप भी पौधरोपण अवश्य करें। इस मौके पर कांग्रेस द्वारा सोयाबीन के दाम को



लेकर मंगलवार से शुरू की गई किसान न्याय यात्रा को लेकर केन्द्रीय कृषि मंत्री से सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी किसान हितैषी प्रधानमंत्री हैं। सोयाबीन का समर्थन मूल्य चार हजार 994 रुपये प्रति क्विंटल तय है और हमारी प्रतिबद्धता है कि हम न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों का सोयाबीन खरीदेंगे। किसानों को उसके पसीने की पूरी कीमत देनाप्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी और एनडीए सरकार की प्रतिबद्धता है। केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि सोयाबीन खरीद के लिए योजना है। महाराष्ट्र-कर्नाटक जैसे तीन राज्यों ने सोयाबीन खरीद की मांग की थी और उनको पीएसएस योजना के तहत सोयाबीन खरीद की अनुमति दी गई है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की सरकार के हम संपर्क में हैं। अभी सोयाबीन की फसल आने में थोड़ी देर है। हमारी दो योजनाएं खरीदी की हैं, उनमें से किसी भी योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदने की तैयारी करेगी, तो हम तत्काल अनुमति देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की प्राथमिकता है कि किसान को उसके उत्पादन का ठीक दाम मिले। अभी फसल आने में देर है और प्रदेश सरकार से हमारे अधिकारी संपर्क में हैं, जल्द ही फैसला होगा। उन्होंने कहा कि मैं मध्य प्रदेश में किसान भाइयों को आश्वस्त करना चाहता हूं और मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों में भी यह कहना चाहता हूं कि न्यूनतम समर्थन मूल्य जो हमने तय किए हैं, उस पर जो सरकार की योजना है, हम राज्य सरकार के साथ ही मिलकर खरीदी करते हैं तो राज्य सरकार जैसा चाहेगी, तत्काल खरीदने की अनुमति दी जाएगी।

### वन विभाग ने एक दिन में पकड़े दो गुलदार

**बिजनौर :** जनपद में गुलदारों का वन विभाग द्वारा रेस्क्यू करने का सिलसिला जारी है आज फिर दो गुलदार विभाग पकड़ने में सफल रहा` इनमें एक गुलदार पिंजरे में कैद हुआ तथा दूसरा गुलदार बोरवेल में पड़ा मिला। मालूम हो कि इससे पूर्व सोमवार को भी एक गुलदार बिजनौर शहर से कुछ दूरी पर ही पिंजरे में कैद हुआ था जो कई दिनों से देखा जा रहा था। जनपद में गुलदार कितनी बड़ी संख्या में मौजूद हैं, इसी से अदांजा लगाया जा सकता है कि एक हफ्ते में छः गुलदार वन विभाग पकड़ चुका है। आज मंगलवार की सवेरे नगीना रेंज में लगाये गये पिंजरे में गुलदार फंस गया` आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम गुलदार को अपने साथ लेकर नगीना रेंज पहुंची। इसके अलावा दूसरा गुलदार थाना शिवालाकंला क्षेत्र में एक बोरवेल में गिर गया जिसकी जानकारी क्षेत्र के ग्रामीणों ने वन विभाग को दी जिसके बाद चांदपुर रेंज की रैपिड रेस्पांस टीम गुलदार को अपने कब्जे में लेकर चादपुर रेंज पर आ गई।

# राफ्ट कॉस्मिक ईवी ने सौरव गांगुली को बनाया अपना ब्रांड एंबेसडर




एजेंसी

**कोलकाता :** देश में इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के छेत्र में अग्रणी कंपनियों में से एक राफ्ट कॉस्मिक ईवी ने दिग्गज भारतीय क्रिकेटर और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली को विश्व ईवी दिवस के मौके पर सोमवार को कोलकाता के ताज बंगाल होटल में एक भव्य कार्यक्रम में अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की। अपने अभिनव और उच्च प्रदर्शन वाले इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए मशहूर राफ्ट कॉस्मिक ईवी ने इस साल की शुरूआत में अपने अत्याधुनिक ईवी उत्पादों को बाजार में उतारा था, जिसमें ऑटोमोटिव परिदृश्य को फिर से परिभाषित करने के लिए चार असाधारण ईवी मॉडल लॉन्च किया गया था। प्रत्येक मॉडल एक अलग चरित्र का प्रतीक है। राफ्ट कॉस्मिक ईवी वॉरियर, ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बनाया गया है, वॉरियर लचीलापन और शक्ति का प्रतीक है। राफ्ट कॉस्मिक ईवी इंडस , रेंज दक्षता में नए मानक स्थापित करते हुए इंडस लंबी यात्राओं के लिए योग्य और भरोसेमंद साथी माना जाता है। राफ्ट कॉस्मिक ईवी मैग्नेटिक क्लास और सादगी, सादगी के साथ परिष्कार का सहज मिश्रण, मैग्नेटिक गति में लालित्य बिखेरता है। राफ्ट कॉस्मिक ईवी जांस्कर वैभव और प्रतिष्ठा का संचार करते हुए, जांस्कर विलासिता और प्रदर्शन का प्रतीक है। इस ब्रांड ने प्रत्येक मॉडल के साथ अलग-अलग प्राथमिकताओं के अनुरूप एक अनूठा ड्राइविंग अनुभव प्रदान करके लोगों का महत्वपूर्ण ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। भव्य कार्यक्रम में राफ्ट कॉस्मिक ईवी ने, वॉरियर के नए फेसलिफ्ट संस्करण का अनावरण किया गया, जो एक नए और बेहतर डिजिटल डायल, आकार में बड़ा और त्वरण के दौरान लैग-फ्री और त्वरित प्रतिक्रिया के लिए नई पीढ़ी की मांग के मुताबिक मोटर और नियंत्रक के साथ बनाया गया है।

# महाराजा अग्रसेन महोत्सव 2024 पत्रिका का विमोचन आज

एजेंसी

**रायगढ़ :** अक्टूबर माह में महाराजा श्री अग्रसेन जी की 5148 वी जयंती है। जिसके लिए नगर का अग्र समाज दो माह पूर्व से ही जोरशोर से तैयारियों में लगा है। जयंती को भव्य मनाने के लिए इस वर्ष जयंती कार्यक्रम संचालन के लिए कविता बेरीवाल, आशा टाइटन,मनीष पालीवाल और बजरंग अग्रवाल (जूटमिल) को प्रभारी के रूप में बागडोर सौंपी गई है। इसी माह के 22 सितंबर से प्रारंभ होने वाली 14 दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव की सभी तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई है। जयंती में होने वाले कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक प्रोग्राम के लिए प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव 2024 पत्रिका बनवाई गई है। परंपरा अनुसार पत्रिका का विधिवत विमोचन अग्र समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा किया जाएगा एवं विमोचन पश्चात समाज में पत्रिका का वितरण



किया जाएगा। अग्र समाज के सदस्य एवं जयंती मीडिया प्रभारी प्रकाश निगानिया ने बताया कि 11 सितंबर बुधवार को शाम 5:00 बजे गौरी शंकर मंदिर चौक स्थित अग्रोहा भवन में जयंती पत्रिका विमोचन के लिए एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया है। अग्र समाज और जयंती आयोजक संस्था श्री अग्रसेन सेवा संघ ने समाज की सभी सामाजिक संस्थाओं एवं समाज की प्रत्येक अग्रबंधु को विमोचन कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने का आग्रह किया है।

# कांगड़ा से ऊना स्थानांतरित नहीं होगा को-ऑपरेटिव प्रशिक्षण केंद्र : उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री

एजेंसी

**शिमला :** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि कांगड़ा के गरली में स्थापित को-ऑपरेटिव ट्रेनिंग सेंटर को ऊना शिफ्ट नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जितने भी सहकारी प्रशिक्षण केंद्र हैं, सरकार उन सभी केंद्रों को मजबूत करने के लिए कदम उठाएगी। उपमुख्यमंत्री ने यह बात विधायक बिक्रम ठाकुर द्वारा नियम-62 के तहत को-ऑपरेटिव ट्रेनिंग सेंटर गरली को ऊना हस्तांतरित किए जाने बारे लाए गए ध्यानाकर्षित प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कही। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि गरली में 1981 में सहकारी प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया गया है। इसमें 60 प्रशिणार्थियों के प्रशिक्षण व ठहरने की व्यवस्था है। उन्होंने कहा सहकारी प्रशिक्षण केंद्र गरली बिना किसी रूकावट के काम करता रहेगा और अपना उद्देश्य पूरा करता रहेगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में सहकारी आंदोलन की शुरूआत ऊना में वर्ष 1892 में हुई थी। हिमाचल से 133 साल पहले शुरू हुआ यह आंदोलन पूरे देश में फैल गया। उन्होंने कहा कि भारत में इस आंदोलन के



शुरूआत मियां हीरा सिंह ने किया था। उन्होंने कहा कि मियां हीरा सिंह ने सोसायटी तो बना ली, लेकिन उसे रजिस्टर्ड नहीं किया। वर्ष 1904 में पहली बार सोसायटी को रजिस्टर्ड किया गया। इसके बाद पूरे देश में सहकारी आंदोलन शुरू हुआ। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जिन्होंने इस आंदोलन की शुरूआत की, उनको मान-सम्मान देने के लिए ऊना के पंजावर में इस नए केंद्र का नाम मियां हीरा सिंह राज्य स्तरीय सहकारी प्रशिक्षण केंद्र पंजावर रख गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रस्तावित सहकारी प्रशिक्षण केंद्र का शिलान्यास 8 फरवरी 2024 को किया गया। इसकी अनुमानित लागत करीब 8 करोड़ रुपए है। इस प्रस्तावित सहकारी प्रशिक्षण संस्थान से संबंधित जमीन सहकारिता विभाग के नाम है और हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी विकास संघ इस जमीन पर इस प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण कर रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संदर्भ में रजिस्टर्ड सहकारी सभाएं और सचिव राज्य सहकारी विकास संघ के बीच एमओयू 3 अगस्त 2024 को हो गया है। उन्होंने कहा गरली और ऊना में यह दोनों प्रशिक्षण केंद्र एक साथ काम करते रहेंगे और अपनी अपनी प्रशिक्षण गतिविधियां चलाते रहेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रक ऑपरेटरों का तीन दिवसीय हड़ताल का एलान, त्योहारी सीजन पर असर पड़ने की आशंका




**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में ट्रक ऑपरेटरों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार से 72 घंटे की हड़ताल का ऐलान किया है। यह हड़ताल पश्चिम बंगाल ट्रक ऑपरेटर्स एसोसिएशन (डब्ल्यूबीटीओए) द्वारा बुलाई गई है, जिससे त्योहारी सीजन से पहले आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो सकती है। डब्ल्यूबीटीओए के एक पदाधिकारी सुभाष चंद्र बोस ने बताया कि हड़ताल बुधवार सुबह छह बजे से शुरू होगी। उन्होंने बताया कि बार-बार अपील करने के बावजूद सामान के ओवरलोडिंग पर रोक नहीं लगाई जा रही है, क्योंकि कुछ ट्रक चालक और अधिकारी इसमें संलिप्त हैं। उन्होंने कहा, ȑइसका परिणाम यह है कि ट्रक मालिकों को उचित परिवहन शुल्क नहीं मिल पाता। साथ ही, ओवरलोडिंग के कारण सड़कों और वाहनों को नुकसान होता है और घातक दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। ट्रक ऑपरेटरों ने यह भी आरोप लगाया है कि बीरभूम और कूचबिहार जैसे कुछ जिलों में वजन पुलों पर ओवरलोडिंग की अनुमति देने के लिए प्रति ट्रक 236 रुपये अवैध रूप से वसूले जा रहे हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि माल की कम मात्रा के कारण राज्य के अनुमानित सात लाख ट्रकों में से तीन लाख ट्रक व्यवसाय से बाहर हो गए हैं। इसके अलावा, उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें विभिन्न जिलों में पुलिस और भूमि राजस्व अधिकारियों द्वारा उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। इस हड़ताल के चलते पश्चिम बंगाल में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित होने की संभावना है, जो त्योहारी सीजन के मद्देनजर गंभीर चुनौती साबित हो सकती है।

### सीपीएम महासचिव सीताराम येचुरी की हालत गंभीर : एम्स



**नई दिल्ली :** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान(एम्स) में भर्ती भारतीय काम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी (सीपीआई-एम) के महासचिव सीताराम येचुरी की हालत गंभीर है। वह सीने में दर्द की शिकायत के बाद ही 19 अगस्त को दिल्ली के एम्स में भर्ती हुए थे। येचुरी की देखभाल कर रहे एम्स के डॉक्टर ने बताया कि उनकी हालत गंभीर है, कुछ भी कहा नहीं जा सकता है। येचुरी को रेस्पिरेटरी सपोर्ट पर रखा गया है। केंद्रीय समिति कार्यालय की ओर से जारी किए गए एक बयान में कहा गया कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी (सीपीआई-एम) के महासचिव कॉमरेड सीताराम येचुरी का अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली की गहन देखभाल इकाई में तीव्र श्वशन के संक्रमण का इलाज चल रहा है। वह रेस्पिरेटरी सपोर्ट पर हैं। डॉक्टरों की एक टीम उनकी स्थिति पर पूरी नजर रख रही है, जो इस समय गंभीर है। येचुरी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रमुख वामपंथियों में नेताओं में शामिल हैं। येचुरी ने 1974 में लिबरल फेडरेशन ऑफ इंडिया से राजनीतिक जीवन की शुरूआत की और जल्द ही वह भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी में शामिल हो गए थे।

### नासिक में पटाखा गोदाम में लगी आग, चार कर्मचारी झुलसे



**मुंबई :** नासिक जिले में नासिक-पुणे रोड पर स्थित शिंदे गांव में मंगलवार को दोपहर में श्री स्वामी समर्थ टेडर्स नामक पटाखा के एक गोदाम में आग लगने से चार कर्मचारी झुलस कर घायल हो गए। इन घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। खबर लिखे जाने तक आग काबू नहीं पाया जा सका था। नासिक के शिंदे गांव में गौरव विसपुते का श्री स्वामी समर्थ नामक पटाखा फैक्टरी और गोदाम है। मंगलवार दोपहर करीब एक बजे यहां ट्रक पर पटाखे लादे जा रहे थे। इसी दौरान पहले ट्रक में रखे पटाखों में आग लग गई। इसके बाद यहां से आग गोदाम तक पहुंच गई। गोदाम और ट्रक में आग लगने से इलाके में अफरातफरी मच गई। गोदाम में काम कर रहे कर्मचारी तत्काल भाग कर बाहर आ गए, लेकिन तब तक चार कर्मचारी झुलस गए। इन चारों का इलाज नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पुलिस टीम पर जान लेवा हमला, छह पुलिसकर्मी चोटिल

**बिहारशरीफ :** नालंदा जिलान्तर्गत चेरो थाना क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए गए छापेमारी अभियान के दौरान पुलिस बल पर उपद्रवियों नें सोमवार की देर शाम हमला कर दिया, जिसमें छह पुलिसकर्मी चोटिल हो गये, जिन्हें इलाज क लिए मंगलवार की सुबह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि चेरो ग्राम स्थित रामाश्रय पासवान के पुराने मकान में कुछ लोग शराब का सेवन कर रहे हैं।ओपी थानाध्यक्ष ने बताया कि जैसे ही छापेमारी दल रामाश्रय पासवान के पुराने मकान के पास पहुंचा मकान के एक कमरे में चार व्यक्ति शराब पीते हुए पाए गए और पुलिस टीम को देखते ही वे लोग शराब की बोतल और गिलास फेंककर भागने लगे। पुलिस दल ने चारों व्यक्तियों को पकड़कर उनसे नाम-पता पूछा, तो उनके मुंह से शराब की गंध आ रही थी। पुलिस टीम ने उनसे कानूनी प्रक्रिया में सहयोग करने और ब्रेथ एनालाइजर मशीन से शराब की जांच कराने के लिए कहा परंतु चारों व्यक्तियों ने जोर-जोर से चिल्लाकर अपने आस-पास भीड़ एकत्रित कर ली और जमा भीड़ के साथ मिलकर पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इस हमले में चारों व्यक्तियों ने भीड़ के साथ मिलकर पुलिस टीम पर जानलेवा हमला कर दिया जिसमें छह पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। इसी दौरान पुलिस दल ने वरीय पदाधिकारी को अतिरिक्त पुलिस बल की सहायता के लिए सूचित किया। घटनास्थल पर अतिरिक्त पुलिस बल के पहुंचने से पहले ही हमलावर फरार हो गए।

### बंधन बैंक ने शुरू किया जीएसटी कलेक्शन

**पटना :** बंधन बैंक ने अब जीएसटी कलेक्शन की सुविधा शुरू कर दी है। अब बैंक के कस्टमर्स और नॉन-कस्टमर्स दोनों ही ऑनलाइन और ऑफलाइन तरीके से जीएसटी भर सकते हैं। इससे जीएसटी का पेमेंट करना काफी आसान हो गया है। बैंक के कस्टमर्स और अन्य लोग अब बैंक के रिटेल इंटरनेट बैंकिंग और कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म के जरिए जीएसटी पेमेंट कर सकते हैं। इसके अलावा, बैंक की किसी भी शाखा में जाकर कैश, चेक या डिमांड ड्राफ्ट से भी पेमेंट किया जा सकता है। बंधन बैंक के कार्यकारी निदेशक और मुख्य व्यवसाय अधिकारी, राजिंदर बब्बर ने कहा, जीएसटी कलेक्शन की शुरूआत हमारे ग्राहकों के लिए सरकारी सेवाओं को और भी नजदीक लाने की दिशा में एक अहम कदम है। सरकार जब व्यापार को आसान बनाने पर ध्यान दे रही है, बंधन बैंक अपनी बेहतरीन डिजिटल और तकनीकी क्षमताओं से सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे हर काम में कस्टमर फोकस हमारी प्राथमिकता है। हम अपने कस्टमर्स की जरूरतों को समझने और उनकी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बंधन बैंक अब 36 में से 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मौजूद है, और पूरे भारत में 6300 से ज्यादा बैंकिंग आउटलेट्स के मजबूत नेटवर्क से 3 .44 करोड़ से ज्यादा कस्टमर्स को सेवाएँ दे रहा है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह*** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**